सुप्रभात
रांची, शनिवार
29.07.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ




khabarmantra.net श्रावण (मलमास), शुक्ल पक्ष, एकादशी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 19
06 जेआर डी टाटा : भारतीय स्टील उद्योग के प्रेरक

SURJABASHA

## न्यूज डायरी

### मुहर्रम का पहलाम जुलूस झारखंड में आज

**रांची।** सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के तत्वावधान में शनिवार को मुहर्रम का पहलाम जुलूस निकलेगा। जुलूस सुबह आठ बजे निकलेगा और दोपहर 12 बजे तक लेक रोड स्थित मिलन चौक पहुंचेगा। पहलाम जुलूस को लेकर शुक्रवार को सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के सरपरस्त सह इमामबख्श अखाड़ा के खलीफा मो सईद की सरपरस्ती व कमेटी के अध्यक्ष जावेद गद्दी की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक की गयी। पहलाम का जुलूस आपसी सौहार्द के साथ निकाले जाने पर चर्चा की गयी।

### अविश्वास प्रस्ताव पर 7-8 को चर्चा संभव

**नयी दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन इंडिया की ओर से लोकसभा में पीएम मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर 7-8 अगस्त को चर्चा हो सकती है। सूत्रों के अनुसार चर्चा की शुरुआत में पीएम मोदी लोकसभा में मौजूद रहेंगे। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की तारीख सोमवार को तय की जायेगा।

### खूंटी में सड़क हादसा दो लोगों की मौत

**खूंटी।** तमाड़ रोड पर खूंटी थानांतर्गत जिकिलता गांव के समीप शुक्रवार सुबह एक कार व बाइक के बीच हुई सीधी टक्कर में बाइक पर सवार दो लोगों की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान तमाड़ के बीरडीह गांव निवासी रामनवमी गौंझू के पुत्र संदीप गौंझू (23) और पश्चिम बंगाल के झालदा निवासी तारापदो गौंझू (59 ) के रूप में हुई है।

### नक्सलियों ने चाईबासा इलाके में पोस्टरबाजी की

**चाईबासा।** नक्सली संगठन भाकपा माओवादी ने मनोहरपुर थाना क्षेत्र में कई जगह पोस्टरबाजी की है। बैनर और पोस्टर में भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के पूर्वी रीजनल ब्यूरो ने संगठन के शहीद साथियों की याद में तीन जून से तीन अगस्त तक स्मृति सभा आयोजित करने का आह्वान किया है। इसके अलावा नक्सली संगठन द्वारा कोल्हान वन क्षेत्र में सीआरपीएफ कैम्प लगाने का विरोध जताया गया है।

### पन्ना लाल के नाम पर धमकी, मामला दर्ज

**रांची।** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद मानव तस्कर पन्ना लाल महतो के नाम पर पुंदाग इलाके में जमीन मालिक को जमीन छोड़ देने की धमकी देने का मामला शुक्रवार को प्रकाश में आया है। इस संबंध में पुंदाग ओपी क्षेत्र स्थित साहू चौक के समीप रहने वाले प्रतिश ने पुंदाग ओपी में प्राथमिकी दर्ज करायी है।

### ए डोडे ने अनुसेवक का पैर छूकर लिया आशीर्वाद

**मेदिनीनगर।** इंसान अपने पद और कद से बड़ा नहीं होता बल्कि अपने व्यवहार से बड़ा बनता है। कुछ इसी तरह की मिसाल पेश की आइएएस अधिकारी ए दोड्डे ने। पलामू से उनका ट्रांसफर होने के बाद शशि रंजन को डीसी का पदभार देते हुए उन्होंने अपने दफ्तर में अनुसेवकों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया और पलामू की जनता के उज्वल भविष्य की कामना की।

### बासुकीनाथ में गोली मार कर कांवरिया की हत्या

**दुमका।** सावन मेले के दौरान भी अपराधी कफी सक्रिय हैं और वारदात को अंजाम देने से चूक नहीं रहे हैं। ताजा वारदात जिले के बासुकीनाथ स्थित नंदी चौक पर अंजाम दिया गया। अपराधियों ने एक कांवरिया की गोली मारकर हत्या कर दी। मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। कांवरिया की उम्र 40 साल थी, उसका नाम अमर सिंह है और वह जमशेदपुर के मानगो के रहने वाले थे। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

---

मॉनसून सत्र के पहले दिन एटीआर पेश, शोक प्रकाश पारित

# सत्र छोटा पर काफी महत्वपूर्ण : स्पीकर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन सदन के अंदर संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने एक्शन टेकन रिपोर्ट पेश किया। एटीआर में विधानसभा के बजट सत्र में सरकार की ओर से विधायकों को दिये आश्वासनों पर अभी तक सरकार की ओर से जो कार्रवाई की गयी है, उसका लेखा-जोखा है। बजट सत्र से मॉनसून सत्र के बीच जिन लोगों की मृत्यु हुई है, उन्हें भी सदन में शोक प्रकाश के जरिये श्रद्धांजलि के बाद स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने सदन सोमवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

**दिवंगत विभूतियों को श्रद्धांजलि :** सदन में झारखंड के पूर्व शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो समेत डेविड मुर्मू, प्रकाश सिंह बादल, ओमन चांडी, हरिहर नारायण प्रभाकर, पुत्कर हेंब्रम, डॉ करमा उरांव, गायत्री देवी, शोभाकांत मंडल, विनोद कुमार चौधरी सहित कई विभूतियों को श्रद्धांजलि दी गयी।



### सभी की भागीदारी जरूरी

इससे पहले विधान सभा के अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने अपने प्रारंभिक अभिभाषण में कहा कि यह सत्र छोटा है, फिर भी बहुत महत्वपूर्ण है। इसमें सभी सदस्यों की भागीदारी जरूरी है। झारखंड विधानसभा का 6 दिवसीय मानसून सत्र शुक्रवार से शुरू हो गया। सत्र के दौरान कुल छः बैठकें निर्धारित है। उन्होंने कहा कि सार्थक विमर्श के लिए पक्ष-विपक्ष की भागीदारी जरूरी है। स्पीकर ने कार्य मंत्रणा समिति के सदस्य एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों का मनोनयन भी किया। उन्होंने चार सदस्यों को सभापति के तौर पर मनोनयन किया।

स्पीकर रविंद्र नाथ महतो, सीएम हेमंत सोरेन, भाजपा के सचेतक बिरंची नारायण, आलमगीर आलम, सत्यानंद भोक्ता, विधायक प्रदीप यादव, सुदेश महतो, विनोद सिंह, कमलेश सिंह, सरयू राय और अमित यादव ने शोक प्रस्ताव पढ़ा।

---

# विधानसभा गेट पर भाजपा का प्रदर्शन




**रांची।** झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र के पहले दिन सदन के बाहर भाजपा के विधायकों ने सीपीआइ नेता सुभाष मुंडा हत्याकांड के मामले पर धरना दिया। भाजपा विधायकों ने सरकार से इस मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की। भाजपा विधायकों ने राज्य की गिरती कानून व्यवस्था को लेकर इस्तीफा भी मांगा। इस दौरान भाजपा विधायक बिरंची नारायण, अनंत ओझा, भानुप्रताप शाही, नीरा यादव, अर्पणा सेन गुप्ता, पुष्पा देवी, सीपी सिंह, रणधीर सिंह, अमित मंडल, ढुल्लू महतो, समरीलाल, नीलकंठ सिंह मुंडा, कोचे मुंडा, केदार हाजरा आदि उपस्थित थे।

---

वन महोत्सव में बोले सीएम क्लाइमेट चेंज से दुनिया चिंतित

# विकास के साथ-साथ पर्यावरण संतुलन जरूरी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण तथा संवर्धन वर्तमान समय में महत्वपूर्ण विषय है। क्लाइमेट चेंज को लेकर पूरी दुनिया चिंतित है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किये जा रहे कार्यों में भागीदारी का संदेश नयी पीढ़ी तक पहुंचाना जरूरी है। झारखंड सरकार पर्यावरण और प्रकृति के संतुलन को बनाये रखने के लिए हर संभव प्रयासरत है। सीएम शुक्रवार को नामकुम में वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा आयोजित 74वां वन महोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

**सभी एक-एक पौधा जरूर लगायें :** सीएम ने कहा कि वन महोत्सव के दिन आप सभी लोग एक- एक पेड़ जरूर लगायें। मानव प्रकृति के साथ जुड़े, यह नितांत आवश्यक है। क्लाइमेंट चेंज बहुत तेजी से हो रहा है। राज्य अलग होने के समय कुछ लोगों ने इस राज्य का नाम झारखंड नहीं बल्कि वनांचल रखे जाने की वकालत की थी।



**2 करोड़ से अधिक पौधरोपण का लक्ष्य :** उन्होंने कहा कि भौतिकवादी युग में कई ऐसी विकास की कड़ियां जुड़ रही हैं जो मानव जीवन और सभ्यता के लिए चुनौती बन रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार वृक्षों के संरक्षण के लिए कृत संकल्पित है। इस वर्ष राज्य में 2 करोड़ से अधिक पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है। (शेष पेज 11 पर)

### रांची कभी समर कैपिटल हुआ करती थी

सीएम ने कहा कि इस बार राजधानी रांची की गर्मी ने दर्शाता कि क्लाइमेंट चेंज का दौर आ चुका है। रांची कभी समर कैपिटल थी। एकीकृत बिहार के समय गर्मी के महीनों में रांची में ही विधानसभा सत्र का आयोजन किया जाता था। रांची के इर्द-गिर्द क्षेत्र में आज भी सर्दी के महीनों में बर्फ जमता है। रांची के आसपास कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां वो पेड़ मिलते हैं जो बर्फीले पहाड़ों में पाये जाते हैं। इस प्रदेश में एक समय था जब चाय के बागान हुआ करते थे, लेकिन यह सभी चीजें धीरे-धीरे लुप्त होते गये।

---

कम बारिश से राज्य में सुखाड़ की आशंका : कृषि मंत्री

# वैकल्पिक कृषि प्लान तीन दिन में सौंपें

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने राज्य के सभी जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया कि अगले 3 दिनों के अंदर कृषि से जुड़ी योजना के सभी वैकल्पिक प्लान की रूपरेखा विभाग को भेजें। उन्होंने कहा अभी तक राज्य में सामान्य से 52% कम बारिश हुई है, जो कृषि के लिहाज से काफी निराशाजनक है। हमारे पास 15 अगस्त तक प्लांटेशन का समय है इसके बाद ही सुखाड़ की स्थिति को लेकर फाइनल रिपोर्ट आयेगी। वैसी विकट परिस्थिति के लिए हम सभी को विभागीय स्तर पर किसानों के हित में काम करने की जरूरत है। श्री बादल शुक्रवार को नेपाल हाउस स्थित एनआइसी सभागार में



वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये अधिकारियों से जुड़े थे। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य 28 लाख हेक्टेयर जमीन पर फसल लगाने का था लेकिन मौसम की बेरुखी की वजह से अब तक 5.80 लाख हेक्टेयर जमीन पर ही फसल लग सकी है।

उन्होंने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य की 4400 पंचायतों पर फोकस करें और जनसेवक एटीएम, बीटीएम और कृषक मित्र के साथ बैठक कर वैकल्पिक फसल का सूत्रण करें। (शेष पेज 11 पर)

### बीज वितरण कार्य तीन दिन में पूरा करें: सचिव

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीकी ने कहा कि कृषि काअभी काफी क्रिटिकल समय है। आपके लिए अभी आराम का वक्त नहीं है। किसानों बीज पानी और आर्थिक सहयोग हर हाल में मिले। उन्होंने कहा कि अभी तक जिन जिलों में बीज का वितरण पूरा नहीं हुआ है, वहां अगले 3 दिनों के अंदर बीजों का वितरण हर हाल में करें। नहीं तो शो कॉज के लिए तैयार रहें। समीक्षा बैठक में विभाग के तमाम अधिकारी मौजूद थे।

### खुफिया अधिकारियों ने भी की एलियंस की पुष्टि

**नयी दिल्ली।** धरती पर एलियंस (दूसरे ग्रह के जीव) और उनकी लाशें मौजूद हैं। ये दावा किया है अमेरिका के कुछ पूर्व खुफिया अफसरों ने। अमेरिकी सांसदों के सामने पूर्व सैन्य कर्मियों ने यूएफओ देखे जाने की प्रत्यक्ष गवाही दी है। दुनियाभर में अक्सर एलियंस और यूएफओ को लेकर कई तरह की बात की जाती है। धरती पर यूएफओ और एलियंस मौजूद हैं। अमेरिकी वायु सेना के पूर्व खुफिया अधिकारी डेविड ग्रश ने राष्ट्रीय सुरक्षा पर हाउस ओवरसाइट कमेटी की उपसमिति की सुनवाई में शपथपूर्वक ये दावा किया है। उनका कहना है कि अमेरिकी सरकार के पास यूएफओ और 'गैर-मानवीय शव' हैं। उन्होंने सरकार के कथित तौर पर 'अमानवीय' जैविक सामग्रियों पर कब्जा करने का संकेत दिया।

---

# सेमीकंडक्टर के लिए भारत बन रहा गुड कंडक्टर : पीएम

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए आज रेड कार्पेट बिछा रहा है। भारत के पास तकनीक, जनसांख्यिकी, लोकतंत्र और रिफार्म्स के प्रति समर्पित सरकार है। ऐसे में कहा जा सकता है कि भारत सेमीकंडक्टर क्षेत्र के लिए गुड कंडक्टर बन रहा है। वह गुजरात के गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में सेमीकॉनइंडिया 2023 का उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने सभा को भी संबोधित किया। पीएम ने कहा कि आज की वैश्विक परिस्थिति में दुनिया के देशों को चिप मुहैया कराने के लिए एक विश्वसनीय सहयोगी की जरूरत है। ऐसे में दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र से ज्यादा विश्वसनीय भागीदार कौन हो सकता है। पिछले साल सेमीकॉन के पहले संस्करण में भागीदारी को याद करते हुए पीएम मोदी ने सेमीकंडक्टर उद्योग में भारत में निवेश के बारे में उस समय उठाये गये सवालों पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि एक वर्ष की अवधि में प्रश्न 'भारत में निवेश क्यों करें' से 'भारत में निवेश क्यों न करें' में बदल गया है। भारत की जी20 थीम 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' पर विचार करते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत को सेमीकंडक्टर विनिर्माण केंद्र बनाने के पीछे भी यही भावना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत चाहता है कि उसके कौशल, क्षमता और सामर्थ्य से पूरी दुनिया लाभान्वित हो। (शेष पेज 11 पर)

---

# इडी ने सरकार से मांगी के श्रीनिवासन की रिपोर्ट



**रांची।** इडी झारखंड में अवैध खनन के जरिये मनी लॉन्ड्रिंग मामले पर कई को सलाखों के पीछे भेज दिया है। झारखंड में अवैध खनन के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच कर रही इडी ने राज्य सरकार से सीनियर आईएएस के श्रीनिवासन के बारे में रिपोर्ट मांगी है। वह राज्य में खान एवं उद्योग सचिव सहित कई वरिष्ठ पदों पर रह चुके हैं। इडी ने सरकार के गृह विभाग से जानना चाहा है कि श्रीनिवासन पर पूर्व में कोई एफआईआर दर्ज हुई है या किसी तरह की जांच हुई है तो उसका ब्यौरा, कॉपी और चार्जशीट उपलब्ध करायी जाये। इडी ने राज्य के पत्र की कॉपी राज्य के पुलिस मुख्यालय और एंटी करप्शन ब्यूरो को भेजी है। खनन घोटाले में जांच के दौरान इडी ने पूर्व खनन सचिव पूजा सिंघल को गिरफ्तार किया था। वह पिछले एक साल से जेल में हैं। उनसे पहले खनन और उद्योग विभाग के सचिव के पद पर के श्रीनिवासन थे। उस समय उनके खिलाफ भ्रष्टाचार से संबंधित छह से ज्यादा शिकायतें एसीबी (एंटी करप्शन ब्यूरो) तक पहुंची।

---

# माब लिंचिंग पर केंद्र व कई राज्यों को नोटिस

### एक याचिका पर सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने मांगा जवाब

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मुस्लिम समुदाय के खिलाफ भीड़ द्वारा पीट-पीटकर मारने की घटनाओं के मामले में सख्त कदम उठाने के अदालती आदेशों के बावजूद चिंताजनक वृद्धि का दावा करने वाली एक जनहित याचिका पर शुक्रवार को केंद्र और अन्य कई राज्यों को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन वुमेन (एनएफआइडब्ल्यू) की जनहित याचिका पर विचार करने का फैसला करते हुए नोटिस जारी



किये। पीठ ने केंद्र सरकार के अलावा ओड़िशा, राजस्थान, महाराष्ट्र, बिहार, मध्य प्रदेश और हरियाणा सरकारों (पुलिस प्रमुखों) को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया। याचिका में दावा किया गया है कि तहसीन एस पूनावाला फैसले (2018) में शीर्ष अदालत के स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी होने के बावजूद मुसलमानों के खिलाफ भीड़ हिंसा के मामलों में चिंताजनक वृद्धि हुई है। लिहाजा, इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप किया जाये। शीर्ष अदालत के समक्ष एनएफआइडब्ल्यू की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी कि विभिन्न उच्च न्यायालयों के क्षेत्राधिकार का इस्तेमाल करना व्यर्थ होगा। उन्होंने कहा कि तहसीन पूनावाला फैसले के बावजूद घटनाएं हो रही हैं, अगर याचिकाकर्ता को संबंधित उच्च न्यायालय में जाने को कहा जाता है तो उससे कुछ नहीं होगा। इस प्रक्रिया में पीड़ितों को कुछ नहीं मिलेगा। पीठ के समक्ष गुहार लगाते हुए उन्होंने कहा,हम (पीड़ित मुसलमान) कहां जायें, यह बहुत गंभीर मामला है। (शेष पेज 11 पर)

---

खान व खनिज संशोधन समेत तीन विधेयक हंगामे के बीच लोकसभा से पारित

# कोयला आयात की आवश्यकता खत्म होगी : मंत्री

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में विपक्षी दलों के सदस्यों के भारी हंगामे के बीच खान एवं खनिज (संशोधन एवं विनियमन) विधेयक 2023, नेशनल नर्सिंग एवं मिडवाइफ कमीशन विधेयक 2023 और नेशनल डेन्टल कमीशन विधेयक 2023 ध्वनिमत से पारित कर दिये। पीठासीन अधिकारी राजेन्द्र अग्रवाल ने जरूरी कामकाज निपटाने के बाद जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की तो सदस्यों का हंगामा बढ़ गया लेकिन उन्होंने



हंगामे के बीच ये तीनों विधेयक पारित करवा दिये। तीनों विधेयक पास होने के पीठासीन अधिकारी ने सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी।

**राष्ट्रीय नर्सिंग और मिडवाइफरी आयोग बनेगा :** नेशनल नर्सिंग एवं मिडवाइफ कमीशन विधेयक 2023 और नेशनल डेन्टल कमीशन विधेयक 2023 को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने सदन में चर्चा करने और पारित करने के लिए प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय नर्सिंग और मिडवाइफरी आयोग विधेयक के कानून बनने से जन समुदाय के हितों को साधने में महत्वपूर्ण प्रगति होगी और इससे जनता को सहूलियत होंगी। विधेयक में राष्ट्रीय नर्सिंग और मिडवाइफरी आयोग के गठन का भी प्रावधान है। (शेष पेज 11 पर)

### गेम चेंजर होगा खान-खनिज विधेयक

कोयला एवं खान मंत्री प्रह्लाद जोशी ने खान एवं खनिज (संशोधन एवं विनियमन) विधेयक 2023 को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह विधेयक गेम चेंजर हो सकता है। उनका कहना था कि खनन क्षेत्र के नियमों में सुधार करने वाला यह विधेयक इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव लायेगा। इस विधेयक से देश ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने जो सुधार कोयला क्षेत्र में किये हैं, उनके कारण जिस तरह की स्थिति बन रही है, उसे देखते हुए उन्हें भरोसा है कि 2025-26 तक देश में कोयले के आयात की आवश्यकता लगभग समाप्त हो सकती है। उन्होंने कहा कि पहले देश कोयले के आयात पर काफी हद तक निर्भर था। अब कोयला उत्पादन में वृद्धि के साथ स्थिति धीरे-धीरे बदल गयी है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के कार्यकाल में कोयला क्षेत्र में बड़ा बदलाव आया है और खनिज राजस्व में भारी बढ़ोतरी हुई है।

---

# कैश कांड में फंसे तीनों विधायक निलंबनमुक्त

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कैश कांड में फंसे कांग्रेस के तीनों विधायक इरफान अंसारी, नमन विक्सल कोंगाड़ी और राजेश कच्छप निलंबन मुक्त हो गये हैं। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने इसकी जानकारी दी है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उनका निलंबन रद्द किया है। ज्ञात हो कि पश्चिम बंगाल कैश कांड में पकडे गये कांग्रेस के तीनों विधायकों को पार्टी ने निलंबित कर दिया गया था। अब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पत्र पर

### अध्यक्ष खड़गे के निर्देश पर निलंबन आदेश रद्द



प्रदेश इकाई ने उनका निलंबन रद्द कर दिया है। जानकारी के अनुसार प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अपनी अनुशंसा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भेजा था। (शेष पेज 11 पर)

# फूड सेफ्टी ऑफिसर की जल्द बहाली हो : हाइकोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** दूध में मिलावट सहित मिलावटी खाद्य पदार्थों के मामले में कोर्ट के स्वत संज्ञान की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में शुक्रवार को हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि फूड सेफ्टी ऑफिसर एवं इससे संबंधित अन्य पदों पर बहाली प्रक्रिया जारी है। फूड सेफ्टी ऑफिसर एवं अन्य 56 रिक्त पदों के लिए जेपीएससी को अधियाचना भेजी गई है। कोर्ट ने महाधिवक्ता से पूछा कि लगभग 5 सालों से यह पद रिक्त क्यों है। फूड सेफ्टी ऑफ ऑफिसर नहीं रहने से आम जनता को मिलावटी खाना परोसा जा रहा है। लोग बीमार हो रहे हैं। जल्द से जल्द फूड सेफ्टी ऑफिसर की बहाली की जाए।

मामले में एमिकस क्यूरी पीयूष पोद्दार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि राज्य के 24 जिलों में मात्र रांची के नामकुम में फूड लैब है, यह भी पूर्ण रूप से संचालित नहीं है। इसमें फूड टेस्टिंग कर्मी का पद भी रिक्त है। फूड सैंपल कलेक्शन के लिए दो मोबाइल यूनिट है लेकिन इसमें फूड टेस्टिंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। राज्य के दूसरे जिलों से फूड सैंपल नामकुम लैब आते-आते सैंपल खराब हो सकता है। महाधिवक्ता ने कोर्ट को आश्वस्त किया कि जल्द ही फूड सेफ्टी ऑफिसर की नियुक्ति प्रक्रिया सहित अन्य कमियों को दूर कर लिया जाएगा। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 22 सितंबर निर्धारित करते हुए राज्य सरकार को नियुक्ति प्रक्रिया की अद्यतन स्थिति प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

## मुख्यमंत्री ने परियोजनाओं का कार्यान्वयन मिशन मोड में करने का दिया निर्देश

# सभी जिलों में पर्यटन स्थल के विकास व स्टेडियम निर्माण प्रक्रिया में तेजी लायें उपायुक्त : हेमंत सोरेन

### गेतलसूद में रिसॉर्ट के निर्माण का दिया निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों के विकास और खेल स्टेडियम के निर्माण प्रक्रिया में तेजी लाने का सभी जिलों के उपायुक्तों को निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने इससे संबंधित परियोजनाओं को जल्द पूरा करने को कहा है। उन्होंने पिछले दिनों इस निमित उपायुक्त रांची को वन क्षेत्रों में आने वाले पर्यटन स्थलों के विकास का प्रस्ताव व प्राक्कलन संबंधित वन प्रमंडल पदाधिकारी से प्राप्त कर उपलब्ध कराने, डीपीआर तैयार करने में भवन निर्माण विभाग द्वारा सूचीबद्ध परामर्शी की सेवा लेने और इको टूरिज्म के मानकों का ध्यान रखते हुए प्राकृतिक सौंदर्य से मेल रखने वाली संरचनाओं की प्रधानता रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने गेतलसुद डैम के पास पर्यटन विकास के लिये उपयुक्त भूमि चिन्हित कर भूमि प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। रांची के गेतलसूद में चिन्हित भूमि पर रिसोर्ट बनाने के लिए डीपीआर और आगे की आवश्यक कार्रवाई जल्द पूरी करने का निर्देश दिया है। इसको लेकर भूमि चिन्हित कर उसके हस्तांतरण की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है।



मुख्यमंत्री ने उपायुक्त रामगढ़ को रजरप्पा में पर्यटकों की सुविधा के लिए आवश्यक सुविधाओं एवं जरूरतों का आकलन तथा उसके लिए भूमि चिन्हित कर आवश्यक अनापत्ति प्राप्त कर विभाग को प्रस्ताव उपलब्ध कराने को कहा है। उन्होंने रजरप्पा पर्यटन क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने के लिए विशेष तंत्र विकसित करते हुए स्वच्छ रखने को प्राथमिकता देने की बात कही है।

### धार्मिक एवं इको टूरिज्म पर जोर

मुख्यमंत्री ने उपायुक्त चतरा को ऐतिहासिक ईटखोरी एवं कौलेश्वरी में पर्यटकों की सुविधा के लिये आवश्यक कार्यों का आकलन करने पर बल दिया है। उन्होंने भूमि चिन्हित कर आवश्यक अनापत्ति प्राप्त कर विभाग को प्रस्ताव उपलब्ध कराने कहा है। वहीं, उपायुक्त पश्चिमी सिंहभूम को सारंडा, थलकोबाद एवं किरीबुरू में इको टूरिज्म विकास करने के लिये संबंधित वन प्रमंडल पदाधिकारी से प्रस्ताव प्राप्त कर भूमि विवरणी तथा आवश्यक अनापत्ति के साथ विभाग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने गुमला के डुमरी स्थित सिरा सीता धाम पर्यटन स्थल का सौंदर्यीकरण एवं विकास, आंजनधाम, नवरत्नगढ़ और टांगीनाथ पर्यटकीय विकास परियोजनाओं कार्यान्वयन जल्द करने का आदेश दिया है।

### खेल स्टेडियम का निर्माण मानकों के अनुरूप हो, स्कूल कॉलेज के पास हो

मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के उपायुक्तो को कहा है कि वैसे प्रखंड जहां पूर्व से स्टेडियम स्वीकृत नहीं है, वहां स्टेडियम निर्माण के लिए प्रस्ताव विभागीय निर्देशों के अनुरूप प्रेषित करें। स्थल का निरीक्षण करते हुये स्टेडियम निर्माण के सभी मानकों के अनुरूप प्राक्कलन तैयार कराया जाये।

उन्होंने कहा है कि स्थल का चयन करते समय इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाये कि चयनित स्थल महाविद्यालय, विद्यालय से निकट हो, ताकि स्टेडियम का पूर्ण रूप से उपयोग हो सके। उन्होंने पलामू के जीएलए कॉलेज मेदिनीनगर स्टेडियम पुनर्स्थापना, गोड्डा के पोड़ैयाहाट में इंडोर स्टेडियम निर्माण, मसलिया प्रखंड स्तरीय स्टेडियम, दुमका स्थित टीम ग्राउंड में स्टेडियम निर्माण, डुमरिया प्रखंड में स्टेडियम निर्माण पर फोकस करने को कहा है।

## खबर एक नजर में

### सीएम ने पुष्पगुच्छ देकर स्पीकर का किया स्वागत



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने मानसून सत्र प्रारंभ होने के पूर्व स्पीकर रवींद्र नाथ महतो को स्पीकर कक्ष में पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने विधान सभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में हेमंत सोरेन को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मंत्रिमंडल सचिव वंदना दादेल, सीएम के सचिव विनय कुमार चौबे, विधानसभा प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर ने भी सीएम को पुष्पगुच्छ दिया।

### झामुमो विधायक मथुरा महतो मिले सीएम से

**मृत पारा शिक्षक की पत्नी को नौकरी और मुआवजा देने की मांग की**

**रांची।** झामुमो विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर अपने क्षेत्र की समस्याओं को रखा उनसे समाधान करने का आग्रह किया। उन्होंने मुख्यमंत्री से धनबाद नगर निगम के लिए ठोस अवशिष्ट प्रबंधन योजना को लेकर बलियापुर प्रखंड के रघुनाथ मौजा 179 खाता संख्या 220 से 1934 एकड़ भूमि नगर विकास एवं आशा आवास विभाग को स्थानांतरण करने के आदेश को निरस्त करने की मांग की। उन्होंने मुख्यमंत्री से विद्युत तार के स्पशार्घात से मरने वाले पारा शिक्षक दिनेश मरांडी की पत्नी को अनुकंपा के आधार पर नियोजन एवं मुआवजा राशि देने की मांग भी की।

### झारखंड खीस्तीय अल्पसंख्यक शिक्षण संस्था संघ का प्रतिनिधिमंडल सीएम से मिला



**रांची।** झारखंड खीस्तीय अल्पसंख्यक शिक्षण संस्था, संघ एवं अल्पसंख्यक प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय शिक्षक–शिक्षकेत्तर समन्वय समिति का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने अल्पसंख्यक विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री के साथ चर्चा की। उन्होंने सरकारी विद्यालयों को उत्कृष्ट बनाने और बच्चों को बेहतर तथा गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने की दिशा में राज्य सरकार किये जा रहे प्रयायों की सराहना की। मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने अल्पसंख्यक विद्यालयों के कुछ समस्याओं से अवगत कराया। शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मियों से जुड़ी समस्याओं का निदान करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को राज्य सरकार द्वारा यथोचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। मौके पर आर्चविशप फेलिक्स टोप्पो, बिशप थियोदोर मस्करेन्हस, बिशप डालजेनगंज, बिशप जुलयुस मरांडी, बिशप भिन्सेंट बरवा, बिशप विनय कन्डुलना, बिशप तेलेस्फोर बिलुंग, बिशप आनंद जोजो, फा. लिनुस पिंगल, फा. एरेनसियुस मिंज, फा मुकुल कुल्लू निरंजन कुमार सांडिल, एन्थोनी तिग्गा, पीटर खेस्स, रमेश सिंह उपस्थित थे।

### पिछले एक साल में 96 कैदी मुक्त किये गये

**रांची।** हजारीबाग के 38 कैदियों द्वारा सजा से छूट देने का आग्रह मामले में कोर्ट के स्वत संज्ञान की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। शपथ पत्र में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि सजायाफ्ता कैदियों को जेल से प्रीमेच्योर रिलीज करने के 1984 के रूल में बदलाव किया गया है। वर्ष 2003 एवं वर्ष 2007 में नया रूल बना है। इस नए रूल का संशोधन वर्ष 2011 और इसके बाद वर्ष 2013 में किया गया। नए रूल के तहत सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुपालन करते हुए सजायाफ्ता कैदियों को रिहा किया जायेगा। राज्य सजा पुनरीक्षण बोर्ड ने बताया कि उम्र कैद के सजायाफ्ता 96 कैदियों को मार्च 2022 से मार्च 2023 के बीच में प्रीमेच्योर रिलीज किया है। अगली सुनवाई 11 अगस्त को होगी।

## बेरमो को जिला बनाने की मांग को लेकर धरने पर बैठे लंबोदर महतो

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** आजसू पार्टी के विधायक डॉ लंबोदर महतो ने मानसून सत्र के पहले दिन शुक्रवार को सदन परिसर में बेरमो अनुमंडल को जिला बनाने की मांग को लेकर धरना दिया। उन्होंने कहा कि इस विषय को वह कई मौके पर सदन के अंदर व बाहर उठा चुके हैं। लोग लंबे समय से इसकी मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति के बैनर तले 26 जुलाई से बेरमो अनुमंडल मुख्यालय तेनुघाट से पदयात्रा प्रारंभ कर चुके हैं, पदयात्रा कर रहे लोग मुख्यमंत्री आवास में सीएम से अपनी मांग रखेंगे। उन्होंने कहा कि बेरमो अनुमंडल राज्य का सबसे पुराना अनुमंडल है। वर्ष 1971 में जिला गिरिडीह से अलग होकर बेरमो अनुमंडल के रूप में अस्तित्व में आया। बेरमो अनुमंडल हर दृष्टिकोण से जिला बनने की की सभी अहर्ता रखता है।

## कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने विस गेट पर दिया धरना

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सत्ताधारी कांग्रेस पार्टी की विधायक अंबा प्रसाद ने शुक्रवार को विधानसभा गेट पर धरना दिया। कांग्रेस विधायक ने कहा कि ग्रामीण कोयला कंपनी के विरोध में है। सरकार संज्ञान ले एवं कंपनी को खनन कार्य करने से रोके। उन्होंने कहा कि बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र में कंपनी के द्वारा खनन कार्य प्रस्तावित है। वहां के लोग परियोजना के भारी विरोध में हैं। इस संदर्भ में पूर्व में भी विधानसभा में मामला उठाया गया था। जिस पर विभाग द्वारा स्वीकार किया गया था कि ग्रामीण कंपनी का भारी विरोध कर रहे हैं लेकिन, विगत दिनों से कंपनी के अधिकारियों की हलचल काफी तेज होने पर ग्रामीण कई दिनों से धरना में बैठे हुए हैं। उन्होंने कहा कि उक्त क्षेत्र की भूमि बहु फसली है। ऐसे में कोयला खनन परियोजना चालू होने से लोगों आशियाना उजड़ जायेगा तथा जीविकोपार्जन को लेकर संकट आना संभव है।

## विधानसभा घेरने जा रहे पंचायत स्वयंसेवकों को पुलिस ने रोका

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** पंचायत स्वयं सेवक संघ के बैनर तले राज्य भर के हजारों कर्मचारी शुक्रवार को पांच सूत्री मांगों को लेकर विधानसभा का घेराव करने पहुंचे। मौसी बाड़ी मैदान से विधानसभा की ओर जाने से पहले साईं मंदिर गेट के समीप पुलिस ने उन्हें रोक दिया। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए वहां बड़ी संख्या में महिला- पुरुष जवानों को तैनात किया गया था। पंचायत स्वयं सेवक संघ के नेता मनोज यादव ने कहा कि सरकार हमसे काम करवाती है, लेकिन उसके बदले में सही वेतन नहीं देती है। सरकार ने सभी मांगें पूरी करने का वादा किया था लेकिन चार साल बीत गये, अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है।

पंचायत स्वयं सेवक के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार ने कहा कि सीएम से वातार्लाप कराने के लिए हम समय मांगते रहे, लेकिन हमारी बात नहीं सुनी गयी। अगर 10 दिनों में सीएम से वार्ता नहीं करायी गयी, तो 2024 चुनाव में मौजूदा सरकार को महंगा पड़ेगा।

## स्थानीय और नियोजन नीति पर सिर्फ राजनीति कर रही है गठबंधन सरकार : बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने स्थानीय और नियोजन नीति के मुद्दे पर फिर एक बार गठबंधन सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। श्री मरांडी शुक्रवार को विधानसभा परिसर में मीडिया से बातचीत में कहा कि झामुमो-कांग्रेस और राजद की गठबंधन सरकार जनता को बार-बार ठग रही है।

उन्होंने कहा कि स्थानीय और नियोजन नीति के मुद्दे पर राज्य सरकार केवल राजनीति कर रही है। राज्य के लाखों बेरोजगार, प्रशिक्षित युवाओं के दुख-दर्द से सरकार को कुछ भी लेना देना नही है। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष पांच लाख लोगों को रोजगार की बात करने वाली सरकार नियोजन नीति स्पष्ट नहीं कर पा रही है। जबकि यह विषय पूरी तरह से राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है। लेकिन, राज्य सरकार की नीयत साफ नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य में लाखों पद खाली हैं। लेकिन सरकार 26, 001 शिक्षकों की वैकेंसी निकालकर अपने खिलाफ बढ़ते आक्रोश को दबाना चाहती है। राज्य सरकार को पहले स्पष्ट करना चाहिए कि राज्य की स्थानीय और नियोजन नीति क्या है। राज्य सरकार आखिर किस आधार पर बहाली करेगी।

## बैंकॉक में फंसे 4 मजदूर स्वदेश लौटे

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** रामगढ़ चितरपुर के चार युवक थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक की जेल में बंद थे यह युवक एक एजेंट के माध्यम से मलेशिया में काम करने गए थे। इनके पास कार्य वीजा नहीं था इसके बाद यह किसी तरह मलेशिया से बिना पासपोर्ट थाईलैंड पहुंच गए। युवक भारत लौटना चाहते थे। चारों युवकों ने बैंकॉक के पुलिस थाने में सरेंडर किया। रामगढ़ के इन युवकों का नाम तौसीफ आलम, समीर आलम,मोहम्मद हसन राजा और शाहजहां अंसारी है। बैंकॉक में फंसे तौफीक के रिश्तेदार मोहम्मद जमील अंसारी ने इसकी जानकारी अखिल भारतीय मानवाधिकार संघ के राष्ट्रीय सचिव सुनील किस्पोट्टा को दी।

सुनील किस्पोट्टा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक जांच कमेटी का गठन किया। सुनील किस्पोटा ने समाजसेवी ज्योति शर्मा से एक बैठक की और दोनों ने भारतीय दूतावास के साथ बातचीत कर इन चारों मजदूरों को निकालने में सफलता हासिल की। भारतीय दूतावास ने भी अपना पूरा सहयोग करते हुए 4 दिन के अंदर चारों मजदूरों को बैंकॉक की जेल से बाहर निकाला और उन्हें भारत वापस भेजा दिया।

## आठ एमवीआइ बदले

| एमवीआई | कहां गये |
| --- | --- |
| सूरज हेंब्रम | जमशेदपुर |
| मुकेश कुमार | रांची |
| सुदीप कुजूर | पाकुड़ |
| विजय गौतम | साहिबगंज |
| विमल किशोर | रामगढ़ अतिरिक्त प्रभार |
| रंजीत भंडारी | गिरिडीह |
| अजय कुमार | सिमडेगा |
| गोपानाथ डे | हजारीबाग |

**रांची।** परिवहन विभाग ने राज्य के 8 एमवीआई की ट्रांसफर-पोस्टिंग की है। तीन एमवीआई को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। कमल किशोर सोन को गोड्डा का, लाल बिहारी यादव को पलामू का और संतोष सोरेन को कोडरमा का अतिरिक्त प्रभार मिला है।

## झारखंड में प्रति दिन औसतन 14 रेप व हत्या की हो रही घटना : प्रतुल शाहदेव

**गठबंधन सरकार के कार्यकाल में झारखंड में विधि व्यवस्था की स्थिति भयावह**

**एनसीआरबी की रिपोर्ट**
जनवरी 2020 से फरवरी 2023 तक 5225 बेटियों की इज्जत लूटी गयी और 5771 लोगों की हुई हत्या

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि राज्य में औसतन प्रतिदिन 14 रेप, अपहरण व हत्या की घटना घट रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्पीडी ट्रायल के जरिये गुनहगारों को सजा दिलाने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि विधि व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों में नक्सलियों का वर्चस्व फिर से स्थापित हो रहा है। शहरी इलाकों में माफिया गिरोह तांडव मचा रहे हैं। गठबंधन सरकार के कार्यकाल में विधि-व्यवस्था की स्थिति भयावह हो गयी है।

उन्होंने कहा कि एनसीआरबी के डाटा के अनुसार जनवरी 2020 से फरवरी 2023 तक के 38 महीनों में 5225 बेटियों की इज्जत लूटी गई और 5771 लोगों की हत्या कर दी गई। इस दौरान 5007 अपहरण की घटनाएं हुई हैं। उन्होंने कहा कि अगर हत्या, रेप और अपहरण की घटनाओं को जोड़कर देखें तो प्रतिदिन ऐसी 14 वारदातें हो रही हैं। उन्होंने कहा कि इस शासनकाल में बेटियां जिंदा जलाई गईं। बेटियां फंदे पर लटकाई गईं। शहीद के वंशजों की हत्या हुई। नेताओं को टारगेट किया गया लेकिन, मुख्यमंत्री रस्म अदायगी के नाम पर सिर्फ बैठक करते रहे हैं। कभी पुलिस कांस्टेबल को देखकर भागने वाले अपराधी अब पुलिस अधिकारियों पर भी गोलियां चला रहे हैं। निजी कंपनी के अधिकारी बुलेट प्रूफ वाहनों का प्रयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्पीडी ट्रायल के जरिये सजा दिलाने का रिकॉर्ड भी बेहद शर्मसार करने वाला है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि वे अविलंब विधि व्यवस्था को दुरुस्त करें, वरना एक और बड़ा आंदोलन झेलने को तैयार रहें।

## झामुमो ने पूर्व राज्यपाल रमेश बैस और राजभवन के अधिकारियों पर भी किया तीखा प्रहार

# राज्यपाल राज्यहित में तीनों विधेयकों का संदेश विधानसभा सचिवालय को शीघ्र भेजें : झामुमो

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झामुमो ने 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति, ओबीसी आरक्षण और मॉब लिंचिंग बिल को लेकर वर्तमान राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस और राजभवन सचिवालय पर तीखा प्रहार किया है। पार्टी ने राजभवन और राज्यपाल पर संवैधानिक दायित्वों और संवैधानिक कर्त्तव्यों के तहत काम नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा कि ये तीनों विधेयक राज्य की जनता के हितों से जुड़ा हुआ है। इसलिए पूर्व राज्यपाल द्वारा लौटाए गए तीनों विधेयक को अविलंब विधानसभा सचिवालय को उपलब्ध कराएं, ताकि विधानसभा अध्यक्ष इसे प्रचारित-प्रसारित कर सकें। सरकार इसमें आवश्यक संशोधन कर विधानसभा पटल पर इसे पुनः रख सके। वर्तमान सरकार इसी मानसून सत्र में तीनों विधेयक को पुनः सदन में रखना चाहती है। उक्त बातें झामुमो के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने शक्रवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही।

### राज्यपाल को संवैधानिक दायित्वों का कराया बोध

सुप्रियो भट्टाचार्य ने पूर्व राज्यपाल और वर्तमान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का उदाहरण प्रस्तुत हुए कहा कि वे जब पूर्ववर्ती रघुवर सरकार द्वारा सीएनटी-एसपीटी संशोधन एक्ट विधेयक वापस किया था, तो उन्होंने अपना संदेश भी प्रेषित किया था। मगर पूर्व राज्यपाल रमेश बैस ने इन तीनों बिल को वापस तो किया, मगर उसका संदेश नहीं प्रेषित नहीं किया। वर्तमान राज्यपाल ने भी इसे अभी तक भेजना उचित नहीं समझा।

### भाजपा के एजेंडे को फुलफिल करने यहां आये हैं...

उन्होंने कहा कि कोई विधेयक जब राज्य विधानसभा मंडल या संसद पारित करता है, तो केंद्र में राष्ट्रपति और राज्य में राज्यपाल को भेजा जाता है। इसके बाद राज्यपाल चार तरीके से उस बिल को लेकर काम कर सकते हैं. पहला– राज्यपाल इस बिल को सहमति प्रदान करें, दूसरा– अगर उसमें कोई त्रुटि प्रतीत होती है तो वह विधानसभा को अवगत कराएं, तीसरा– उस विधेयक पर राज्यपाल विधि विशेषज्ञों की राय ले सकते हैं और चौथा– उस बिल को राष्ट्रपति के पास भेज सकते हैं। अगर राज्यपाल द्वारा उसे लौटाया जाता है तो उसके तुरंत बाद राजभवन द्वारा लौटाए जाने का संदेश प्रेषित किया जाता है। मगर अब तक ऐसा नहीं हुआ। पूर्व राज्यपाल रमेश बैस तो सीधे तौर पर भाजपा के इशारे पर काम कर रह थे। मगर ऐसा प्रतीत होता है कि वर्तमान राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन भी भाजपा के एजेंडे को फुलफिल करने यहां आए हैं। सुप्रियो भट्टाचार्य ने चुनौती देते हुए कहा कि झामुमो किसी से डरने वाला नहीं है। यह आंदोलन की भूमि रही है। 1855 का संथाल हूल विद्रोह, तमाड़ का कोल विद्रोह, झारखंड अगल राज्य से जुड़े आंदोलन या फिर महाजनी प्रथा का आंदोलन इसके उदाहरण हैं।

## राज्य की खुफिया एजेंसी व सीआरपीएफ अलर्ट मोड पर

**माओवादियों का शहीदी सप्ताह आज से शुरू, तीन अगस्त तक चलेगा कार्यक्रम**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** नक्सली संगठन भाकपा माओवादियों का 28 जुलाई से तीन अगस्त तक के लिए शहीदी सप्ताह शुरू हो गया है। माओवादियों के शहीदी सप्ताह को लेकर राज्य की पुलिस अलर्ट मोड पर है। पुलिस मुख्यालय की ओर से खुफिया एजेंसियों को निर्देश दिया गया है। कहा गया है कि अपने सभी सूचना तंत्र को सक्रिय कर माओवादियों की गतिविधियों की रिपोर्ट स्पेशल ब्रांच में दें। इस दौरान लगातार पुलिस और सुरक्षाबलों के द्वारा एक हफ्ते तक नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन चलाने का निर्देश दिया गया है।

गौरतलब हो कि माओवादियों ने प्रेस नोट जारी कर संगठन के मारे गए टॉप नक्सलियों की सूची जारी की है। उन्होंने आगे लिखा है कि देश में 97 कामरेड शहीद हुए हैं। इनमें से 28 महिला कामरेड हैं।

बता दें कि जंगलों में सुरक्षाबलों को तैनात कर दिया है, ताकि नक्सली किसी बड़ी वारदात को अंजाम न दे सकें। जिले के एसपी ने सभी पुलिस पिकेट को अलर्ट कर उन्हें क्षेत्र में अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। आइजी ऑपरेशन अमोल वेणुकांत होमकर ने कहा है कि सीआरपीएफ, जैप, आइआरबी समेत जिला बल एंव सभी कंपनियां एक सप्ताह तक जंगलों में तैनात रहेंगे। नक्सलियों के नापाक मंसूबे को कामयाब नही होने दिया जाएगा।

## कांग्रेस विधायकों ने यूसीसी को बताया विभाजनकारी कानून

**रांची।** केंद्र की सरकार देश में यूनिफार्म सिविल कोड (यूसीसी) लागू करना चाहती है। इसके लिए केंद्रीय विधि आयोग ने देशवासियों की राय भी मांगी है। वहीं कई विपक्षी पार्टियां इसका विरोध भी कर रही हैं। इस बीच झारखंड के कांग्रेस विधायक डॉ इरफान अंसारी और स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने बताया कि क्यों यूसीसी का विरोध किया जा रहा है। विधायक इरफान अंसारी ने देश में यूसीसी लागू करने के हो रहे प्रयास को देश को तोड़ने और विभाजन करने की भाजपा की साजिश करार दिया। उन्होंने कहा कि भारत में अलग-अलग समुदाय का अलग-अलग रहन सहन और अलग धार्मिक विचारधारा हैं। वहीं स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि यह देश विविधताओं का देश है। यहां कई धर्म समुदाय के लोग प्रेम और भाईचारे से रहते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र की सरकार के पास कोई मुद्दा नहीं है।

# मुहर्रम का पहलाम जुलूस आज, सेंट्रल मुहर्रम कमिटी ने की समीक्षा बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी के तत्वावधान में आज मुहर्रम के पहलाम का जुलूस निकलेगा। मुहर्रम के पहलाम जुलूस को लेकर शुक्रवार को सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी के सरपरस्त सह इमामबख्श अखाड़ा के खलीफा मो. सईद की सरपरस्ती व कमिटी के अध्यक्ष जावेद गद्दी की अध्यक्षता में बैठक की गई जिसमें मुहर्रम के पहलाम का जुलूस आपसी सौहार्द्र के साथ निकाले जाने की हर पहलू पर चर्चा की गई।

सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी के महासचिव अकीलुर्रहमान एवं प्रवक्ता मो. इसलाम ने बताया कि जुलूस की सफलता के लिए तीनों प्रमुख अखाड़े के प्रमुख खलीफा क्रमशः धवताल अखाड़ा के रोजन गद्दी, इमामबख्श अखाड़ा के मो. महजूद एवं लीलू अली के मो. सज्जाद के नेतृत्व में प्रत्येक क्षेत्र के अखाड़े में 10 सदस्यीय निगरानी कमिटी बना दी गई है।



नवमी के अवसर पर मणिटोला मुहर्रम कमिटी ने निकाला जुलूस।

### डोरंडा में नवमी और ताजिया का जुलूस निकला

डोरंडा सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी के तत्वावधान में शुक्रवार को शाम सात बजे नवमी और ताजिया जूलूस निकाला गया। कमिटी के सदर अशरफ अंसारी और सचिव मुमताज गदी ने बताया कि जुलूस अपने अखाड़ो से निकलकर विभिन्न मार्गों से होते हुए रात आठ बजे युनूस चौक पहुंचा। इसके बाद सभी जुलूस व ताजिया अपने-अपने इलाके लौट गए।

## मुहर्रम की पूर्व संध्या पर प्रशासन का फ्लैग मार्च, ट्रैफिक रूट में बदलाव

# शहर के कई मार्गों के रूट बदले, आज घर से निकलें तो जान लें, कहां-कहां रहेगी पाबंदी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी में शनिवार को निकलने वाले मुहर्रम जुलूस को लेकर एक तरफ जहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया गया है वहीं ट्रैफिक व्यस्था में भी बदलाव किया गया है। रांची के मेन रोड में शनिवार को वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। ट्रैफिक रुट को लेकर आदेश जारी कर दिया गया है। मुहर्रम की पूर्व संध्या पर रांची जिला प्रशासन ने शहर के विभिन्न इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, एसएसपी किशोर कौशल, सिटी एसपी शुभ्रांशु जैन, सिटी डीएसपी, कोतवाली डीएसपी, हटिया डीएसपी समेत कई थानों के थानेदार शामिल थे।



### जरूरत न हो, तो आज घर से न निकलें

रांची में मुहर्रम की नवमी और पहलाम का जुलूस 29 जुलाई को निकाला जाएगा। इसको लेकर राजधानी की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। इसके तहत शनिवार को मेन रोड में सभी प्रकार के वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। सुबह दस बजे से जुलूस के समापन तक यह व्यवस्था रहेगी। इस संबंध में ट्रैफिक एसपी हारिश बिन जमा ने आदेश जारी किया है। ट्रैफिक एसपी की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि कर्बला चौक और डोरंडा युनूस चौक में भी वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा।

**दो हजार फोर्स की तैनाती :** राजधानी में प्रमुख चौक-चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर शुक्रवार सुबह से ही पुलिस की तैनाती कर दी गई है। सुरक्षा के मद्देनजर दो हजार अतिरिक्त फोर्स की तैनाती की जा रही है। इसमें जिला बल, जैप, रैफ, सैफ, आइआरबी आदि शामिल है।

| यहां-यहां रहेगा प्रवेश बंद |
|---|
| किशोरी यादव चौक से अपर बाजार, महावीर चौक होकर शहीद चौक के तरफ सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगा |
| शहीद चौक से अपर बाजार, महावीर चौक के तरफ सामान्य वाहनों का परिचालन बंद |
| सुभाष चौक से अपर बाजार महावीर मंदिर की तरफ वाहनों का परिचालन रहेगा वर्जित |
| कचहरी चौक से शहीद चौक, अलबर्ट एक्का चौक आने वाले मार्ग में सामान्य वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा |
| चडरी तालाब से अलबर्ट एक्का चौक की तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन रहेगा वर्जित |
| प्लाजा चौक से अलबर्ट एक्का चौक आने वाले मार्ग में वाहनों का परिचालन वर्जित |
| पुरुलिया रोड से सर्जना चौक की तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित |
| एसएन गांगुली रोड, विष्णु गली, बुधिया गली एवं राधेश्याम गली से मेन रोड आने वाले वाहनों का परिचालन वर्जित |
| चर्च रोड से मेन रोड के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगा |
| वुल हाउस के पास मेन रोड आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित |
| कर्बला चौक से रतन टॉकिज आने वाले मार्ग में वाहनों के प्रवेश पर रहेगी रोक |
| कडरू से रेडिशन ब्लू होटल होकर मेन रोड आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन रहेगा वर्जित |
| मेकॉन से राजेंद्र चौक आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगा |
| तुलसी चौक से अम्बेडकर चौक आने वाले वाहनों के परिचालन पर रोक रहेगी |

## खबर एक नजर में

### सोहरायी कलाकार मिलीं राज्यपाल से



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शुक्रवार को सोहराई कलाकार जयश्री इंदवार ने राज भवन में मुलाकात की। उक्त अवसर पर उन्होंने राज्यपाल महोदय को सोहराई पेंटिंग भी भेंट की। एक अन्य खबर के अनुसार राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शुक्रवार को कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शहजादा अनवर के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की। इस क्रम में राज्य में अल्पसंख्यक आयोग के शीघ्र गठन के लिये हस्तक्षेप करने का आग्रह किया।

### राज्यपाल से मिले एनयूएसआरएल के कुलपति



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शुक्रवार को नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ रांची के कुलपति डॉ अशोक आर पाटिल ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट कर विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत कराया। इधर, विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन से शुक्रवार को झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति डॉ डीके सिंह ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की।

### सीएम को निर्मला दीदी ने बांधा रक्षा सूत्र



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से विधान सभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में शुक्रवार को प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, हरमू रोड, की संचालिका ब्रम्हाकुमारी निर्मला दीदी ने मुलाकात कर उनको रक्षा सूत्र बांधा। निर्मला दीदी ने सीएम के उत्तम, स्वास्थ्य, दीघार्यु, खुशहाल जीवन तथा सफलता की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने ब्रम्हाकुमारी बहनों के प्रति आभार और धन्यवाद व्यक्त किया।

### बाबूलाल मरांडी आज जायेंगे देवघर



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी दो दिवसीय प्रवास पर आज देवघर जायेंगे। श्री मरांडी प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार बाबा बैजनाथ की नगरी देवघर जायेंगे। श्री मरांडी अपराह्न 3 बजे देवघर पहुंचेंगे। स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होकर रात्रि विश्राम देवघर परिषदन में करेंगे। 30 जुलाई को देवघर से सड़क मार्ग द्वारा चलकर शाम में रांची पहुंचेंगे।

### दस आरोपियों की बढ़ी हिरासत अवधि

**रांची।** सेना की जमीन समेत अन्य जमीन घोटाले के आरोप में जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन, कोलकाता कारोबारी अमित अग्रवाल समेत 10 आरोपियों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ा दी गई है। शुक्रवार को मामले में जेल में बंद सभी 10 आरोपियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख 11 अगस्त की तारीख निर्धारित की है। मामले में छवि रंजन, अमित अग्रवाल, दिलीप घोष, सेना जमीन के फर्जी मालिक प्रदीप बागची, कोलकाता व रांची में फर्जी कागजात बनाने वाले रिम्स कर्मी अफसर अली, अफसर के सहयोगी सद्दाम हुसैन, इम्तियाज अहमद, तहला खान, फैयाज खान, बड़गाईं अंचल राजस्व उपनिरीक्षक भानू प्रताप प्रसाद की हिरासत अवधि बढ़ी।

### छविरंजन की जमानत याचिका पर 5 को सुनवाई



**रांची।** बरियातू रोड स्थित सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन समेत अन्य भू-खंडों की अवैध खरीद-बिक्री मामले में जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन की नियमित जमानत याचिका पर शुक्रवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान प्रार्थी के वकील ने कहा कि छवि रंजन मामले में निर्दोष है। उन पर मनी लाउंड्रिंग का केस नहीं बनता है। ईडी के वकील शिव कुमार काका ने कहा कि फजीर्वाड़ा कर भूमि खरीद-बिक्री मामले के मुख्य सूत्रधार हैं। साथ ही, ईडी की ओर से रिज्वाइंडर फाइल की गयी। अदालत ने आगे की सुनवाई के लिए पांच अगस्त की तारीख निर्धारित की है। छवि रंजन ने 30 जून को जमानत की गुहार लगाते हुए अर्जी दाखिल की है। वह पांच मई से जेल में हैं।

### हत्या के आरोपी रिजवान को नहीं मिली बेल

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट के दिवंगत अधिवक्ता मनोज झा हत्याकांड के आरोपी रिजवान को बेल देने से हाईकोर्ट ने इंकार कर दिया है। रिजवान की जमानत अर्जी पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुभाष चांद की अदालत में सुनवाई हुई। इससे पहले भी रिजवान ने अपनी जमानत की गुहार लगाते हुए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। लेकिन कोर्ट ने उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इस केस के दूसरे अभियुक्त अफसर आलम ऊर्फ छोटू उर्फ लंगड़ा को बेल देने से हाईकोर्ट पहले ही इनकार कर चुका है।

### नया मीटर और तार लगाने के लिए कोई शुल्क नहीं दें : चैंबर

**रांची।** बिजली का नये मीटर लगाने के दौरान उपभोक्ताओं की ओर से मिल रही शिकायत पर शुक्रवार को चैंबर भवन में बैठक हुई। बैठक में कहा गया कि नये मीटर एवं तार लगाने और पुराने मीटर हटाने के लिए कोई भी शुल्क उपभोक्ताओं के द्वारा देय नहीं है। प्रीपेड स्मॉर्ट मीटर एवं सर्विस तार उपभोक्ता के परिसर में निगम के अधिकृत एजेंसी द्वारा निःशुल्क लगाया जायेगा। एजेंसी के कर्मचारी द्वारा इस कार्य के एवज में यदि किसी तरह की मांग की जाती है तो इसकी सूचना झारखण्ड चैंबर को अथवा बिजली वितरण निगम को अवश्य दें। शिकायत प्राप्ति पर चैंबर विभाग के उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लायेगा। चैंबर ने व्यापारियों को यह भी सूचित किया कि जिन उपभोक्ता की पोल से मीटर तक की सर्विस केबल जला, कटा अथवा लोड के अनुपात में सही नहीं पाये जाने की स्थिति में उनका केबल विभाग द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है, इसलिए उपभोक्ता कोई भुगतान नहीं करें।

# जिला प्रशासन ने रिसॉर्ट निर्माण के लिए 5 एकड़ भूमि चिह्नित की

## जांच कर प्रतिवेदन पर्यटन विभाग को सौंपा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जिला प्रशासन ने रिसॉर्ट निर्माण के लिए चिन्हित 5 एकड़ भूमि की जांच कर प्रतिवेदन पर्यटन विभाग को सौंप दिया है। जांच प्रतिवेदन में अंचल अधिकारी, ओरमांझी द्वारा सूचित किया गया है कि भूमि का जल पथ प्रमण्डल, रांची (जल संसाधन विभाग) और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से अनापत्ति के पश्चात रिर्सोट निर्माण के लिए पर्यटन विभाग को हस्तांतरित किया जा सकता है। वर्तमान में चिन्हित भूमि खाली/परती है, साथ ही भूमि को पर्यटन विभाग को हस्तातंरण के लिए ग्राम सभा भी कर ली गयी है। विकास को बढ़ाने के उद्देश्य से पर्यटन विभाग द्वारा रिसॉर्ट निर्माण के लिए मौजा रुक्का, थाना नंबर-31 में कुल पांच एकड़ भूमि चिन्हित की गयी है।



**विवरणी इस प्रकार है**
- -खाता संख्याः- 52, प्लॉट संख्याः- 1577, रकबाः- 0.20 एकड़
- -खाता संख्याः- 04, प्लॉट संख्याः- 1578, रकबाः- 0.96 एकड़
- -खाता संख्याः- 04, प्लॉट संख्याः- 1579, रकबाः- 0.45 एकड़
- -खाता संख्याः- 87, प्लॉट संख्याः- 1661, रकबाः- 3.39 एकड़

# मुहर्रम को लेकर बंद रहेंगी शराब दुकानें

## जिला प्रशासन की अपील : मुहर्रम की भीड़ में रहें सावधान

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मुहर्रम के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण के लिए रांची डीसी और एसएसपी ने संयुक्तादेश जारी किया है। उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त को निर्देश दिया गया है कि पर्व के अवसर पर शराब की दुकानों को बंद रखा गया है। अवैध शराब बेचने वालों के विरूद्ध गहन छापामारी अभियान चलाकर इसकी बिक्री पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया है। डोरंडा, हिनू, हटिया, हिंदपीढ़ी, लोअर बाजार, सुखदेवनगर, बरियातु, रातु, कांके थाना क्षेत्र में गहन छापामारी कर अवैध शराब बेचने वालों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया गया है। वहीं कहा गया है कि मुहर्रम पर जुलूस की भीड़ में असामाजिक तत्व सक्रिय रह सकते हैं, जो कि धार्मिक उन्माद फैलाने का काम कर सकते हैं।

शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं मिथ्या अफवाहों के कारण अनावश्यक भय, तनाव की स्थिति उत्पन्न होने की आशंका को देखते हुए प्रत्येक प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को अपने-अपने क्षेत्र में विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। सभी अनुमंडल पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर सावधानी बरतने एवं किसी तरह की अफवाह आने पर उसका त्वरित निराकरण करने का निर्देश दिया गया हैं। सभी को स्थानीय गुप्तचर विभाग के पदाधिकारियों से सतत सम्पर्क स्थापित रखने एवं अपने-अपने क्षेत्र के शांति समिति के सदस्य, मुखिया गण, पार्षदगण, संभ्रात नागरिकों से सम्पर्क बनाये रखने का निर्देश दिया गया है।

**बनाए गए कंट्रोल रूम :** पूरे कार्यक्रम की निगरानी के लिए नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। जहां वाहन की व्यवस्था, लॉग बुक निर्गत करना, ईंधन की आपूर्ति आदि के लिए एक सहायक की प्रतिनियुक्ति जिला नजारत शाखा से की गयी है। अग्निशमन पदाधिकारी अग्निशमन दस्ता की प्रतिनियुक्ति वाहन के साथ जिला कंपोजिट कंट्रोल रूम, एकरा मस्जिद, दर्जी मुहल्ला, बड़गाई मोड़, कांके चौक, कांटाटोली चौक, फिरायालाल, नगड़ी एवं मिनी कंट्रोल रूम में करना सुनिश्चित किया गया है। चिकित्सा व्यवस्था के लिए एक एम्बुलेंस-चिकित्सकों एवं अन्य कर्मचारियों के साथ जिला नियंत्रण कक्ष में प्रतिनियुक्त किया गया है।

## रांची जिले के 17 थाना क्षेत्रों में एक साथ हुई कार्रवाई

# 50 भू-माफिया के मोबाइल किये गये जब्त, बांड भरवाकर छोड़ा गया

### जांच के लिए हुई जब्ती शपथ पत्र में पूरी जानकारी जानकारी दर्ज करायी गयी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** माकपा नेता सुभाष मुंडा हत्याकांड के बाद रांची जिला पुलिस मुस्तैद हो गई है। रांची जोनल आईजी पंकज कंबोज के निर्देश पर गुरुवार की आधी रात यह अभियान शुरू हुआ। इस अभियान के दौरान 50 भू-माफियाओं को उठाकर थाने लाया गया। रांची के 17 थाना क्षेत्रों में एक साथ हुई इस कार्रवाई से जमीन माफियाओं में हड़कंप मची हुई है। थाना लाए गए सभी भू माफियाओं पर उनके थाना क्षेत्रों में 3 से ज्यादा गंभीर मामले दर्ज हैं। थाना लाए गए अधिकांश जमीन माफिया जमानत पर बाहर हैं। छापेमारी में कुछ वारंटी जमीन माफिया भी पकड़े गए हैं, जिन्हें पुलिस ने जेल भेज दिया है।

### कितने भू माफिया को लाया गया थाना

रांची के एयरपोर्ट थाने से 5, पुंदाग से 5, बीआईटी मेसरा से 1, पंडरा से 4, तुपुदाना से 3, कांके से 3, टाटीसिलवे से 5, खलारी से 5, नगड़ी से 3, ओरमांझी से 3, रातू से 3, जगगनाथपुर से 4 और मांडर-चान्हो से 4 जमीन माफिया को थाने लाया गया।

### भू माफिया ने गवाहों के साथ हस्ताक्षर किये

रांची पुलिस द्वारा तैयार किए गए शपथ पत्र पर सभी भू- माफियाओं ने दो गवाहों के साथ हस्ताक्षर किये। शपथ पत्र में भू- माफिया का नाम, पिता का नाम, एड्रेस, सभी परिवार वालों के मोबाइल नंबर, पैन नंबर, आधार नंबर, सभी परिवार वालों के अकाउंट नंबर, पूरे परिवार और रिश्तेदारों की चल- अचल संपत्ति का ब्यौरा, इनकम टैक्स फाइल करने की स्थिति, अगर शहर या शहर से बाहर उनकी कोई कंपनी है, तो उसकी जानकारी भरवायी गयी। पुलिस द्वारा थाने लाए गए सभी भू-माफियाओं के मोबाइल को जब्त कर लिया गया है। टेक्निकल सेल की जांच के बाद ही उन्हें मोबाइल वापस किया जाएगा।

## रास में सांसद दीपक प्रकाश ने उठाया था सवाल

# झारखंड को आयुष मंत्रालय से 3 वर्षों में मिला 9,062.335 लाख : सोनोवाल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** केंद्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल बताया कि झारखंड को तीन वर्षों में कुल 9,062.335 लाख रूपये आबंटित किये गये हैं। दरअसल, राज्य सभा में सांसद दीपक प्रकाश ने अतारांकित सवाल उठाया था। उन्होंने कहा कि आयुष पद्धतियों के विकास और प्रचार के लिए राज्य- संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के माध्यम से राष्ट्रीय आयुष मिशन की केंद्रीय प्रायोजित योजना को कार्यान्वित कर रहा है। उनके राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं में प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार उन्हें अनुदान सहायता प्रदान कर रहा है। इसके अलावा, मंत्रालय आयुष चिकित्सा पद्धतियों के बारे में जागरूकता लाने के लिए आयुष में सूचना शिक्षा और संचार को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय क्षेत्र योजना भी कार्यान्वित कर रहा है। इसका लक्ष्य देश भर में जनता के सभी वर्गों तक पहुंचना है। केंद्रीय मंत्री श्री सोनोवाल ने बताया कि देश मे सभी राज्यों को मिलाकर 2020-21 में 39,718.703 लाख रुपये, 2021-22 में 45,838.630 लाख रुपये, 2022-23 में 54,748.942 लाख तथा 2023-24 में अब तक 4578 लाख रुपये की राशि आवंटित की गई है।

### कल से राज्यभर में बारिश का अनुमान

**रांची।** आनेवाले कुछ दिनों में कुछ जिलों में बारिश होगी, तो कुछ जिलों में दिन के समय बादल छाये रहेंगे। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो आज भी बादल छाये रहेंगे। इस दौरान दक्षिणी पूर्वी और मध्य झारखंड के जिलों प. सिहंभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, खूंटी, रांची, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा जिलों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। जबकि 30 जुलाई से राज्य भर में बारिश की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद की मानें तो इस दौरान राज्य में तेज बारिश और वज्रपात की संभावना है। 31 जुलाई को भी राज्य में बारिश का असर देखा जायेगा। इस बीच अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री से. रहने की संभावना है। पिछले 24 घंटे के दौरान राजधानी रांची में 8 एमएम बारिश रिकॉर्ड किया गया।

## पुंदाग ओपी में पन्नालाल के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

# जमीन मालिक को अब जेल से ही धमकी दे रहा सबसे बड़ा मानव तस्कर पन्नालाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जेल में बंद झारखंड का सबसे बड़ा मानव तस्कर पन्ना लाल महतो पुंदाग इलाके में जमीन मालिक को जमीन छोड़ देने की धमकी दी है। पीड़ित ने इस मामले में प्रतिश स्वेताभ ने पुंदाग ओपी में प्राथमिकी दर्ज कराया है। जिसमें बताया गया है कि विगत कुछ महीनों से पन्ना लाल मुझे मेरी खतियानी जमीन को उसके साथ ब्रिकी करने के लिए जबरदस्ती दबाब बनाने के लिए फोन पर धमकाया और धमकी भरे शब्दों में जमीन ब्रिकी नहीं करने पर अंजाम भुगतने की बात कर रहा है। साथ ही इसकी सूचना पुलिस को ना देने की भी धमकी दे रहा है। पन्ना लाल महतो ने जमीन मालिक को कहा कि अगर पुलिस के पास गये तो अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहने के लिए कहा गया है। जेल में बंद पन्नालाल दो अलग-अलग नंबरों से फोन पर धमकी दे रहा है।

### रांची के बिरसा मुंडा जेल में बंद है

पन्ना लाल राजधानी रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल में बंद है। सेंट्रल जेल में मोबाइल इस्तेमाल किये जाने का सिलसिला थम नहीं रहा है। जेल में बंद आरोपी बेखौफ होकर मोबाइल का इस्तेमाल कर रहे हैं। जेल अधिकारी जेल में मोबाइल पहुंचने पर रोक नहीं लगा पा रहे हैं। जांच के क्रम में यह भी बात सामने आयी कि अधिकारियों की ढील के कारण जेल में मोबाइल पहुंच रहे हैं लेकिन सवाल यह है आखिर जेल की सिक्योरिटी में कैसे चूक हो रही है। हाल ही में इडी ने भी पंकज मिश्रा के मामले में जेल सुपरिटेंडेंट को तलब किया था।

पूर्व में एटीएस टेक्निकल सेल ने जांच में पाया कि बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल के भीतर 150 से भी ज्यादा मोबाइल सिम एक्टिव हैं। जेल के भीतर करीब 200 मोबाइल के उपयोग की पुख्ता सूचना के आधार पर रांची के खेलगांव थाने के प्रभारी मनोज कुमार महतो ने 1 मार्च 2022 को एफआइआर (15/2022) दर्ज कराया था।

### कौन है पन्नालाल

खूंटी जिले के मुरहू थाना क्षेत्र के गनालोया निवासी पन्ना लाल महतो पर झारखंड की 5000 लड़कियों का सौदा कर 80 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। उसके खिलाफ झारखंड पुलिस के अलावा एनआइए भी केस दर्ज कर जांच कर रही है। इडी ने भी मनी लांड्रिंग एक्ट में केस दर्ज कर पन्ना लाल महतो के खिलाफ अनुसंधान शुरू किया था। जनवरी 2022 में इडी ने मानव तस्कर पन्ना लाल महतो की तीन करोड़, 36 लाख 65 हजार 968 रुपये 86 पैसे की चल-अचल संपत्ति को जब्त किया था। पन्ना लाल महतो को एनआइए ने वर्ष 2020 में गिरफ्तार किया था।

## लोकसभा में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री का जवाब

# जल जीवन मिशन के लिए केंद्र ने दिये 10 हजार करोड़ : संजय

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्रीय जल शक्ति राज्यमंत्री विशेश्वर टुडू ने कहा कि झारखंड को कुल दस हजार करोड़ दिये गये, जिसमें से सिर्फ 3 हजार करोड़ खर्च किया गया है। दरअसल, लोकसभा में सांसद संजय सेठ ने सवाल पूछा था कि केंद्र सरकार के द्वारा झारखंड के लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए क्या कदम उठाये गये हैं। इसके अलावा सांसद ने झारखंड में विभिन्न कारणों से प्रदूषित हुए बड़े जल निकाय और जलाशय की सफाई के संबंध में भी जानकारी मांगी थी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत विगत 5 वर्षों में झारखंड को केंद्र द्वारा 10865 करोड़ रुपए की राशि आवंटित की गई है। जिसमें सरकार सिर्फ 3065 करोड़ रुपए का उपयोग कर पाई है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जल जीवन मिशन कार्य को पूर्ण करने के लिए केंद्र सरकार ने झारखंड के लिए 4722 करोड़ की राशि आवंटित की है लेकिन, इस वित्त वर्ष के 4 माह बीत जाने के बाद भी सरकार ने अभी तक इससे कोई राशि की निकासी नहीं की है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 में 267 करोड़, 2020-21 में 572 करोड़ 2021-22 में 2479 करोड़, 2022-23 में 2825 करोड़ और 2024 में 4722 की राशि आवंटित की गई है। इसकी तुलना में राज्य सरकार इन राशियों का उपयोग नहीं कर पा रही है। रिपोर्ट के अनुसार झारखंड में पूर्व में 20.50 लाख ग्रामीण घरों को नल जल कनेक्शन उपलब्ध करा दिया गया है। वही जुलाई 2023 तक राज्य में 61.28 लाख ग्रामीण घरों में से 23 लाख घरों में नल जल से आपूर्ति होने की सूचना दी गई है।

# झारखंड के 2.64 करोड़ कार्डधारकों को प्रति माह नि:शुल्क खाद्यान्न उपलब्ध करा रहा भारतीय खाद्य निगम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत भारतीय खाद्य निगम (एफसीआइ) झारखंड के सभी 24 जिलों में उचित मूल्य दर की दुकानों के माध्यम से राज्य सरकार के सहयोग से 2.64 करोड़ कार्ड धारकों को प्रति माह लगभग 1.36 लाख मी टन खाद्यान्नों (5 किलोग्राम चावल एवं गेहूं) का नि:शुल्क उपलब्ध करा रहा है।

महाप्रबंधक (क्षेत्र) मनोज कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के साथ-साथ वर्तमान में अन्य कल्याणकारी योजना जैसे मध्याहन भोजन योजना (पीएम पोषण योजना/पीएम शक्ति योजना), डब्लूबीएनपी (आईसीडीएस), के माध्यम से लाभार्थियों को खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। वित्त वर्ष 2022-23 में राष्ट्रीय खादय सुरक्षा योजना के अलावा, लगभग 1.68 लाख टन अतिरिक्त खाद्यान्न अन्य कल्याणकारी




योजनाओं के तहत झारखंड के लाभार्थियों को उपलब्ध कराया गया है।

विदित हो कि उपरोक्त योजनाओं के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के साथ-ही-साथ अप्रैल 2020 से दिसम्बर 2022 के दौरान कोविड-19 महामारी के संकट को देखते हुए भारत सरकार द्वारा की गई महत्वपूर्ण घोषणा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को सात चरणों में देश में सफलतापूर्वक लागू किया गया, ताकि राज्य के नागरिकों को खाद्यान्न संकट का सामना न करना पड़े। इस महामारी के दौरान झारखंड के करीब 80 प्रतिशत नागरिकों को भारतीय खाद्य निगम से 58.08 लाख टन चावल एवं 20.13 लाख टन गेहूं उपलब्ध कराया है। वर्तमान में जनवरी 2023 से भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत उपलब्ध कराई जा रही निःशुल्क खाद्यान्न को प्रत्येक लाभार्थियों तक शत-प्रतिशत पहुँचाने के लिए भारतीय खाद्य निगम, झारखंड क्षेत्र कृतसंकल्प है। इसमें राज्य सरकार का भी निरंतर समर्थन प्राप्त है। वर्तमान में भी झारखंड के पास लगभग 2 माह का बफर स्टॉक है, जो राज्य की खाद्य आवश्कताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त है।

# एफसीआइ गोदाम से राज्य सरकार खरीद सकती है गेहूं और चावल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**खुला बाजार बिक्री योजना**

**रांची।** खाद्यान्नों के दामों में लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए भारतीय खाद्य निगम ने खुला बाजार बिक्री योजना के अंतर्गत गेहूं की बिक्री करेगी। इसके तहत 100 एमटी तक झारखंड के एफएसएसआई लाइसेंसधारी गेहूं ले सकते हैं। भारतीय खाद्य निगम के रांची क्षेत्र के महाप्रबंधक मनोज कुमार के अनुसार इस योजना से जहां बाजार में आटा या गेहूं के दामों में हो रही वृद्धि पर ब्रेक लगेगी। वहीं एक लाइसेंसधारी को सीमित गेहूं देने से कालाबाजारी भी नहीं होगी। वास्तविक फ्लावर मिलर को या इससे संबंधित फॉर्म या व्यक्ति को ही एलॉटमेंट मिलेगा।

गौरतलब है कि मार्च 2023 में भारत सरकार के आदेश पर शुरू की गई खुला बाजार बिक्री योजना के अंतर्गत गेहूं का बिक्री राज्य में किया जा रहा है।

## पुलिस मुख्यालय के रडार पर जमीन माफिया

# कुख्यात अपराधी होंगे जिला बदर छोटे को थाने में लगानी होगी हाजिरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के विभिन्न जिलों खासकर राजधानी रांची में आए दिन मर्डर के ग्राफ बढ़ने के कारण पुलिस मुख्यालय अब जमीन कारोबारियों पर नकेल कसेगी। इसके लिए एक टीम गठित की जा रही है। गठित टीम के द्वारा जमीन माफियाओं की सूची भी थाना स्तर से तैयार करवाया जा रहा है।

गौरतलब हो कि माकपा नेता सह जमीन कारोबारी सुभाष मुंडा की हत्या के बाद भू-माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस मुख्यालय में डीजीपी की ओर से राज्य के वैसे तमाम जिले जहां जमीन को लेकर अक्सर खून-खराबा और मारपीट घटनाएं सामने आती रहती हैं, उन जिलों के पुलिस अधीक्षकों को भू-माफिया पर सख्ती से निबटने के आदेश जारी किया गया है।

पुलिस मुख्यालय ने भू-माफिया और अपराधियों के गठजोड़ को नेस्तनाबूद करने का टास्क दिया है। भू- माफिया पर सीसीए के तहत कार्रवाई की जाएगी। पुलिस वैसे जमीन माफिया जिनपर जघन्य अपराधिक मामला दर्ज हैं उन्हें जिलाबदर करने की तैयारी में है। जबकि जिनके खिलाफ छोटे मामले दर्ज होंगे उनके खिलाफ थाना हाजिरी की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मुख्यालय ने रांची, धनबाद, पलामू, जमशेदपुर और बोकारो जैसे जिलों क्यों ऐसे तमाम भूमाफिया जो अपराधियों के साथ गठजोड़ कर जमीन पर कब्जे का खेल खेलते हैं और खून-खराबा करवाते हैं। सब की लिस्ट तैयार करने का निर्देश दिए हैं।

**पुलिस की निगरानी में रहेंगे अपराधी :** पुलिस मुख्यालय के द्वारा जमीन माफियाओं के इशारे पर आतंक फैलाने वाले अपराधियों पर भी कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया गया। जरूरत पड़ने पर उन पर विभिन्न धाराओं में कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया गया है झारखंड बनने के बाद राजधानी रांची सहित कई बड़े शहरों की जमीन की कीमत काफी बढ़ी है, जैसे-जैसे जमीन की कीमत आसमान छूने लगी वैसे-वैसे ही इस धंधे में अपराधियों का आगमन भी शुरू हो गया. जमीन माफिया बड़े अपराधियों के बल पर जमीन पर कब्जा करवाते हैं। यही वजह है कि अब पुलिस वैसे सभी बड़े अपराधियों पर भी नजर रख रही है जिनका जमीन कारोबारियों से रिश्ता है।

**अपराधी-माफिया गठजोड़ पर कसेगा नकेल**

**एक वर्ष के भीतर जेल से छूटे अपराधियों का डाटा किया जा रहा तैयार**

**पुलिस मुख्यालय** के निर्देश पर दो साल के अंदर जमीन कारोबार के संबंध में किसी भी तरह की घटना को अंजाम देने वाले या अंजाम दिलवाने वाले माफिया और अपराधी दोनो की लिस्ट तैयार की जा रही है। इसके साथ साथ वैसे मामले जिसमें अपराधी जेल गए थे और अब वे जेल से बाहर निकल आए हैं उन अपराधियों का पूरा डाटा तैयार हो रहा है। जेल से बाहर आए माफिया की थाना हाजिरी की कार्रवाई नियमित तौर पर करने का निर्देश दिया गया है।

लगातार बढ़ रहे अपराध के कारण रांची में विधि-व्यवस्था खराब हो रही है। ऐसे में पुलिस मुख्यालय ने जमीन माफियां और अपराधियों के गठजोड़ को तोड़ने व सीसीए लगाकर जिला बदर करने का निर्णय लिया है।

**अमोल वेणुकांत होमकर, आइजी सह प्रवक्ता, झारखंड पुलिस**

# सरकारी नौकरी की तैयारी करा रहा एनआइबीएम

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** सरकारी नौकरी, बैंकिंग, एसएससी, रेलवे, जेपीएससी की तैयारी करवाने वाला संस्थान एनआइबीएम 25 वर्षों से विद्यार्थियों को इन क्षेत्रों में नौकरी प्राप्त करवाने में सहयोग करते आ रहा है। एनआइबीएम द्वारा कंबाइंड कोर्स में अनुसूचित जाति तथा जनजाति के लिए 50 प्रतिशत की विशेष छूट दी जा रही है। इसके लिए विद्यार्थी जाति, आय प्रमाण पत्र तथा आधार कार्ड की फोटोकॉपी के साथ कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

यह जानकारी देते हुए संस्थान के निदेशक ने बताया कि प्रत्येक वर्ष सैकड़ों विद्यार्थी एनआइबीएम की सुनियोजित पढ़ाई की नयी तकनीक का लाभ उठाकर अंतिम रूप से चयनित हो रहे रहे हैं। वर्ष 2021-22 में बैंकिंग में अनेकों विद्यार्थी चयनित होकर ज्वाइन भी कर चुके हैं। रेलवे कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा, इनकम टैक्स अफसर, सीबीआइ तथा अनेक सेंट्रल तथा स्टेट लेवल परीक्षा पास कर कार्यरत हैं। इस माह भी कर्मचारी चयन आयोग की कंबाइंड ग्रेजुएट लेबल की परीक्षा रिजल्ट आया है। संस्थान के निदेशक ने बताया कि यहां के शिक्षकगण पिछले 25 वर्षों से अधिक के अनुभवी हैं तथा निदेशक खुद मैथ तथा रिजनिंग का क्लास लेते हैं। यहां बेहतर तथा हजारों पुस्तकों तथा मैगजीन से सुसज्जित बहुत बड़ी लाइब्रेरी है। प्रत्येक दिन क्लास में टोटल डाउट क्लियर किया जाता है। संस्थान पिछले 25 वर्षों से लगातार काफी बेहतर प्रदर्शन करते आ रहा है। निदेशक ने कहा कि मैट्रिक पास तथा स्नातक पढ़ रहे विद्यार्थी, बी-टेक पास विद्यार्थियों के लिए बैंकिंग के लिए सेपरेट तथा बैंकिंग, एसएससी, रेलवे की सेपरेट/कंबाइंड बैच तथा आइबीपीएस की मुख्य परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों के लिए विशेष बैच 31 जुलाई तथा 7 अगस्त से विधिवत लाइब्रेरी, रिडिंग के साथ सारी व्यवस्था के तहत जारी है। इच्छुक विद्यार्थी श्री साई टावर सर्कुलर रोड रांची स्थित संस्थान तथा वेबसाइट संर्पक कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## खबर एक नजर में

### आचार्यकुलम विद्यालय में मना कारगिल विजय दिवस



**रांची।** आचार्यकुलम विद्यालय परिसर में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शुक्रवार को वीर शहीदों को याद में अंतर-सदनीय प्रहसन प्रतियोगिता आयोजित की गयी। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलित कर मंत्रोच्चार के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) अमर नारायण थे। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने वीर शहीदों को याद करते हुए उनके अद्वितीय बलिदान को दर्शाने के लिए भावपूर्ण नृत्य नाटिका में एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। चारों सदनों की प्रस्तुति उत्कृष्ट और अद्भुत रही। उनके इस जीवंत प्रदर्शन से सभी की आंखें नम हो गयीं। इस प्रतियोगिता में अव्वल स्थान प्राप्त करने वाले सदन इस प्रकार हैं- प्रथम : तेजस सदन, द्वितीय : आपस सदन, तृतीय : वायु सदन, चतुर्थ : पृथ्वी सदन। अव्वल स्थान प्राप्त करने वाले सदनों को विद्यालय प्रबंधक स्वामी दिव्य देव एवं मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) अमर नारायण ने पुरस्कार प्रदान किये। मौके पर ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) अमर नारायण ने विद्यालय एवं विद्यार्थियों की प्रशंसा करते कहा कि यहां के बच्चे समझदार और कुशाग्र बुद्धि के हैं। वे सभी बातों को भली-भांति समझते हैं। उन्होंने कहा कि अचार्यकुलम विद्यालय सर्वगुण संपन्न विद्यालय है।

### कांग्रेस सेवादल की बैठक संपन्न

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस सेवादल की बैठक शुक्रवार को कांग्रेस भवन में प्रदेश अध्यक्ष नेली नाथन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सेवादल प्रदेश पदाधिकारी, जिला मुख्य संगठक एवं महिला संगठक के पदाधिकारी उपस्थिति हुए। बैठक में प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण शिविर एवं एक दिवसीय सम्मेलन की तैयारी पर चर्चा की गई। जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर की तैयारी पर सभी प्रदेश एवं जिला के पदाधिकारियों ने सुझाव दिया। बैठक में मणिपुर में पिछले दो माह से आगजनी दंगा, फसाद, पर गम्भीर चिंता करते हुए सभी ने अपना विचार रखा एवं दंगे में मारे गये लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त किया गया।

### मोक्ष प्रदान करनेवाली एकादशी आज

**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में शनिवार को अधिक श्रावण शुक्ल पक्ष की एकादशी व्रत को ले कई अनुष्ठान होंगे। इसे लेकर तैयारी पूरी कर ली गयी है। एकादशी व्रत श्रीविष्णु के व्रतों में उत्तम व्रत है, जो सब पापों को हरनेवाली तथा मनोवाछिंछत फल देनेवाली है। खास अधिक मास आने पर जो एकादशी होती है,वह कमला नाम से प्रसिद्ध है।

### उत्सव पोद्दार का पहला म्यजिक वीडियो लांच



**रांची।** राजधानी निवासी उत्सव पोद्दार ने मुंबई में गायन एवं मनोरंजन के क्षेत्र में कदम रखा है। मारवाड़ी महिला समिति की मीडिया प्रभारी सह समाजसेवी अन्नू पोद्दार एवं व्यवसायी राजू पोद्दार के पुत्र उत्सव पोद्दार ने शुक्रवार को मुंबई में म्यूजिकल लेबल जी म्यूजिक कंपनी से अपना पहला म्यूजिक वीडियो लांच किया। उत्सव पोद्दार इस म्यूजिक वीडियो के गाने के गायक हैं, म्यूजिक वीडियो का निर्देशन रिशव अग्रवाल द्वारा किया गया है तथा स्टार कास्ट उत्सव पोद्दार और ओनिमा कश्यप मुख्य भूमिका में है।

### जेसीआइ ने बच्चों को बताया सरलता से जीवन जीने का तरीका

**रांची।** जेसीआइ उड़ान ने शुक्रवार को प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। इस सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में बच्चों को आज के इस भागदौड़ भरी जिंदगी में जीवन को कैसे सरलता के साथ निर्वहन करना है, के उद्देश्य के साथ इस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 250 बच्चों ने हिस्सा लिया।

### सात दिवसीय महाशिवपुराण कथा का आयोजन 1 अगस्त से

**रांची।** पावन श्रावण सह अधिमास के शुभ अवसर पर श्री श्याम मण्डल के तत्वावधान में अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में दिनांक 1 अगस्त से 7 अगस्त तक सात दिवसीय महाशिवपुराण कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी शुक्रवार को प्रेस वार्त्ता को संबोधित करते हुए मंडल के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश बाखला ने दी। उन्होंने बताया कि व्यासपीठ पर विराजमान होकर स्वामी पुरिपूर्णानंद के मुखारविंद से कथा का वाचन होगा।

### हटिया-दुर्ग के बीच चलनेवाली ट्रेन को रेलवे ने दिया विस्तार

**रांची।** रेलवे बोर्ड की ओर से हटिया-दुर्ग के बीच चलने वाली ट्रेन को विस्तार दिया गया है। इस संबध में रांची रेल मंडल की ओर से सूचना जारी की गयी है। जिसमें बताया गया है कि ट्रेन संख्या 08185 और 08186 हटिया-दुर्ग हटिया के बीच द्विसाप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के परिचालन अवधि में विस्तार किया गया है। ट्रेन संख्या 08185 हटिया दुर्ग द्विसाप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन एक अगस्त से 28 सितंबर तक प्रत्येक मंगलवार और गुरुवार को हटिया से प्रस्थान करेगी। ट्रेन संख्या 08186 दुर्ग-हटिया द्विसाप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन 2 अगस्त से 29 सितंबर तक प्रत्येक बुधवार और शुक्रवार को दुर्ग से प्रस्थान करेगी। इस ट्रेन की समय सारणी और ठहराव पहले की तरह रहेगा. साथ ही ट्रेन में कोच संयोजन किया गया है। इसमें जेनरेटर यान का 1 कोच, एलएसएल आरडी का 1 कोच, सामान्य श्रेणी के 5 कोच, द्वितीय श्रेणी स्लीपर के 4 कोच, वातानुकूलित 3-टियर के 1 कोच और वातानुकूलित प्रथम श्रेणी और वातानुकूलित 2-टियर संयुक्त कोच का 1 कोच जोड़ा जा रहा है।

### सत्संग, भजन संकीर्तन का होगा आयोजन

**रांची।** प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट राँची के सयुंक्त तत्वाधान मे रविवार को दोपहर 12:30 बजे से 2 बजे तक सत्संग, भजन संकीर्तन एवं 99 वाँ श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का भव्य आयोजन एवं प्रणामी समाज के ब्रशलीन संत श्री राधिकादास जी महाराज के 101 वें जन्मदिवस पर 101 दीपक प्रज्वलित कर संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर (मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम आश्रम) पुंदाग के परिसर मे मनाया जायेगा। यह जानकारी राजेंद्र अग्रवाल ने दी।

### सड़क हादसे में अधिवक्ता रेणुका त्रिवेदी व निशा गंभीर रूप से घायल

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट की वकील रेणुका त्रिवेदी और उनकी सहकर्मी अधिवक्ता निशा शुक्रवार को सड़क हादसे की शिकार हो गई। दोनों अधिवक्ताओं को गंभीर चोट आई है। जानकारी के मुताबिक, हाईकोर्ट जाने के क्रम में एक एस्कॉर्ट वाहन का सायरन सुनकर महिला अधिवक्ता ने अपनी स्कूटी पर से नियंत्रण खो दिया और उनकी स्कूटी डिवाइडर से जा टकराई। घटना के बाद दोनों महिला अधिवक्ताओं को पारस हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है। हाइकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन के सदस्यों के मुताबिक एक अधिवक्ता का कंधा फ्रैक्चर हो गया है। वहीं दूसरी अधिवक्ता के सिर में चोट आई है।

### पहाड़ी बाबा का जलाभिषेक करेंगे बाल कांवरिया

**रांची।** श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर की बैठक शुक्रवार को पहाड़ी मंदिर प्रांगण में महा समिति के संस्थापक अध्यक्ष राजेश कुमार साहू की अध्यक्षता में हुई । जिसमें पिछले साल की भांति इस साल भी भव्य बाल कावड़ यात्रा 20 अगस्त को निकालने पर सहमति बनी जिसमें रांची शहर एवं आसपास के जिलों से 3 साल से 11 साल तक के जो भी बच्चे बाल कंवर यात्रा लेकर पहाड़ी मंदिर में जलाभिषेक करना चाहेंगे उन सब का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। इस बाल कांवरिया में जिनकी उम्र 3 से 11 साल के बीच है वो भाग ले सकते है। ये सभी बाल शिव कांवरिया नक्षत्र वन से जल उठाकर पैदल पहाड़ी मंदिर जाएंगे और भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे ।

### एमएसीपी का लाभ दिया जाये : संयुक्त शिक्षक मोर्चा

**रांची।** झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा का एक शिष्टमंडल शुक्रवार को झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो से मिलकर राज्य के अन्य कर्मचारियों की तरह शिक्षकों को भी एमएसीपी का लाभ दिए जाने का मार्ग प्रशस्त करने की मांग कि ज्ञातव्य है कि विगत 14 जून को माननीय सभापति, प्रत्यायुक्त समिति झारखंड विधान सभा को बिहार राज्य के सादृश्य अपने सभी कर्मचारियों के समान झारखंड के शिक्षकों को भी एमएसीपी का लाभ दिए जाने का अपील किया गया था। उक्त सन्दर्भ में मोर्चा के संयोजक अमीन अहमद एवं प्रवक्ता अरुण कुमार दास ने विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष चतुर्थ वेतन आयोग से लेकर सप्तम वेतन आयोग के प्रावधानों के साथ बिहार और झारखंड राज्य के विभिन्न नियमावली में निहित प्रावधानों का तुलनात्मक सार के सन्दर्भ में सभी साक्ष्यों को रखते हुए कहा कि झारखंड के शिक्षकों को राज्य के अन्य कर्मचारियों के समान एमएसीपी का लाभ दिया जाना पूर्णतया नियम संगत है।

# अनवर आर्केड से निकला मातमी जुलूस, मस्जिद जाफरिया में संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** नौवीं मुहर्रम को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सैयद फराज अब्बास और उनके घर वालों की उपस्तिथि में अनवर आर्केड में मजलिस ज़िक्र शहीदाने कर्बला का आयोजन किया गया। मजलिस में पेश खानी अशरफ हुसैन, कासिम अली, हाशिम अली ने किया।

मजलिस को संबोधित करते हुए ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के चेयरमैन व झारखंड राज्य हज समिति के सदस्य व मस्जिद जाफारिया रांची के इमाम व खतीब हजरत मौलाना हाजी सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने कहा कि इस्लाम तलवार से नहीं अच्छे किरदार से फैला है। आज के जमाने में लोग तकरीर को ही इस्लाम समझ लेते हैं, जबकि तकरीर इस्लाम नहीं है, किरदार इस्लाम हैं। आज जमाने में जिस तरीके से फूट डाली जा रही है और समाज को तोड़ने की साजिश की जा रही है ये यहूदी साजिश का नतीजा है। हजरत इमाम हुसैन कर्बला की जंग तलवार से नहीं किरदार से जीती है। जंगे कर्बला की रात वह कयामत कि रात है जब इमामे हुसैन के 72 साथियों ने इस्लाम को बचाने की खातिर शहादत देने को तैयार हैं। इस हौसले से हमें पता चलता है कि हक बात पर जान निछावर करना जिंदगी है।

मजलिस के बाद मातमी जुलूस अनवर आर्केड से निकाला। जो अंजुमन प्लाजा, डॉक्टर फत्ताउल्लाह रोड, विक्रांत चौक होते हुए मस्जिद जाफरिया पहुंचकर संपन्न हुआ।

# राजभाषा कार्यान्वयन को गति देना ही नराकास का उद्देश्य : मनोज कुमार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सीएमपीडीआइ के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक व नराकास (नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति) के अध्यक्ष मनोज कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई बैठक में रांची स्थित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के 22 कार्यालयों के प्रतिनिधि शामिल हुए। मनोज कुमार ने कहा कि नराकास के गठन का उद्देश्य ही यह है कि आपसी विचार-विमर्श से राजभाषा कार्यान्वयन को गति दी जा सके।

उन्होंने कहा कि हिंदी में पत्राचार, राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) के संबंध में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में हमें हर संभव प्रयास करना चाहिए। लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में यदि किसी समस्या का सामना करना पड़ता है, तो नराकास के इस मंच का हमें उपयोग करना चाहिए। इस अवसर पर सीएमपीडीआइ के निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) एसके गोमास्ता, उप महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) सुमन रस्तोगी उपस्थित थे।

हिंदी के विकास में ई-टूल्स की भूमिका पर सत्र : बैठक में हिंदी के विकास में ई-टूल्स की भूमिका पर सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र के वक्ता अतनु चप्तोपाध्याय, सहायक प्रबंधक (राजभाषा) थे। सीएमपीडीआई के सहायक प्रबंधक (राजभाषा) अभय मिश्र ने मंच का संचालन किया तथा उप महाप्रबंधक सुमन रस्तोगी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

**पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और कर्मचारी राज्य बीमा निगम को मिला प्रथम पुरस्कार**

नराकास की बैठक में सर्वप्रथम वार्षिक पुरस्कार योजना के अंतर्गत प्रथम पुरस्कार से पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड और कर्मचारी राज्य बीमा निगम तथा द्वितीय पुरस्कार से मेकॉन लिमिटेड रांची को अध्यक्ष द्वारा सम्मानित किया गया। इसके अलावा, भारतीय विमानपतन प्राधिकरण और मेकॉन लिमिटेड द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया।

### आज नहीं होगा श्याम भंडारा

**रांची।** हरमू रोड श्याम मंदिर में शनिवार को होने वाला श्री श्याम भंडारा नहीं होगा। 5 अगस्त को 73वां श्री श्याम भंडारा संध्या 5:00 बजे से होगा। पुरुषोत्तम एकादशी के अवसर पर हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रातः से ही विभिन्न कार्यक्रम होंगे।

# काला बिल्ला लगाकर किया शिक्षण कार्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कानून 2019 में संवैधानिक संशोधन को निरस्त करने की मांग को लेकर राज्य के रांची, देवघर, गिरिडीह, हजारीबाग, चतरा, पलामू, कोडरमा, जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो, लोहरदग्गा, गोड्डा, गढ़वा सहित विभिन्न जिलों के 40 हजार गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के प्रिंसिपल, डायरेक्टर, शिक्षक कर्मचारियों ने शुक्रवार को काला बिल्ला लगाकर व्यापक विरोध प्रकट किया एवं काला बिल्ला लगाकर शिक्षण कार्य किया। प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने कहा कि वर्तमान शिक्षा सचिव भाजपा के एजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं और हर सप्ताह धमकी भरे पत्र कभी उपायुक्त के माध्यम से, कभी जैक बोर्ड के माध्यम से तो कभी शिक्षा के कर्मचारी के माध्यम से निजी विद्यालयों को दे रहे हैं, जिसे लेकर काफी असंतोष है।

# प्रिंसटन यूनिवर्सिटी और एसबीयू में रिसर्च करने पर बनी सहमति

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय और विश्वप्रसिद्ध प्रिंसटन यूनिवर्सिटी, न्यू जर्सी, अमेरिका के बीच आपसी सहमति बनी है, जिसके तहत सरला बिरला विवि के फैकेल्टी मेंबर्स व रिसर्च स्टूडेंट प्रिंस्टन यूनिवर्सिटी में अपना रिसर्च प्रपोजल भेज सकेंगे तथा स्वीकृति के बाद रिसर्च वर्क पूरा कर सकेंगे। यह आपसी सहमति प्रिंसटन यूनिवर्सिटी के सिविल एंड एनवायरनमेंटल इंजीनियरिंग के प्रो पीटर जैफ एवं सरला बिरला विवि के कुलपति प्रो गोपाल पाठक के बीच बनी है।

विदित हो कि यूएसए दौरे के क्रम में 28 जुलाई 2023 को कुलपति प्रो गोपाल पाठक ने यूएसए के न्यू जर्सी स्थित प्रिंसटन यूनिवर्सिटी जाकर दोनों विश्वविद्यालयों के बीच कोलाब्रेटिव रिसर्च प्रोजेक्ट के लिए आपसी सहमति प्राप्त कर विश्वविद्यालय के लिए एक और कीर्तिमान स्थापित किया है। सरला बिरला विवि के प्रोचांसलर विजय कुमार दालान ने भी उक्त समयावधि में प्रिंसटन विवि के कैंपस का भ्रमण किया। इस ऐतिहासिक इंटरनेशनल रिसर्च सहमति पर विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि सरला बिरला विश्वविद्यालय (एसबीयू) अपने संकल्पों के साथ दिन-ब-दिन आगे बढ़ता जा रहा है। अवश्य ही यह विश्वविद्यालय वैश्विक ज्ञान-विज्ञान के साथ-साथ विश्व स्तरीय रिसर्च सेंटर रूप में ख्याति प्राप्त करने में कामयाब हो सकेगा। अब हमारे रिसर्च स्टूडेंट एवं फैकल्टी मेंबर आधुनिक आवश्यकता के अनुकूल रिसर्च में कुशल प्रोफेसर के मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो विजय कुमार सिंह, कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रबंधक अजय कुमार, पीएओ प्रवीण कुमार, डीन प्रो एसबी डंडिन, डीन प्रो नीलिमा पाठक, डीन डॉ संदीप कुमार, डीन हरी बाबू शुक्ला, डॉ राधा माधव झा, डॉ अशोक कुमार अस्थाना, प्रो राहुल वत्स, प्रो अमित गुप्ता, डॉ बी सामंता, डॉ रिया मुखर्जी, डॉ सुबानी बाड़ा, डॉ अभिषेक चौहान, प्रो आदित्य विक्रम वर्मा, डॉ भारद्वाज शुक्ला, ओएसडी अनुभव अंकित, आदित्य रंजन, राहुल रंजन, सुभाष नारायण शाहदेव आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# छात्र कार्यकारिणी का चुनाव डीएवी आलोक में संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के अरगोड़ा के पुनदाग स्थित डीएवी आलोक पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को छात्र कार्यकारिणी के सदस्यों का चुनाव हुआ। छठी कक्षा से लेकर 12वीं कक्षा के छात्रों के बीच प्रजातांत्रिक नियमों के तहत हेड ब्वॉय, हेड गर्ल, हाउस कैप्टन, डिप्टी हाउस कैप्टन, प्रीफेक्ट, वाइस प्रीफेक्ट, कल्चरल हेड, कल्चरल डिप्टी हेड, स्पोर्ट्स हेड एवं स्पोर्ट्स डिप्टी हेड आदि के लिए बालक एवं बालिका वर्ग के लिए मतदान संपन्न हुआ। मतगणना के उपरांत प्राप्त मतों के आधार पर विभिन्न पदों पर प्रत्याशियों को विजयी घोषित किया गया। हेड बॉय के पद पर भविष्य राज, हेड गर्ल के पद पर व्रतती सिन्हा, कल्चरल हेड के पद पर वर्षा तथा स्पोर्ट्स हेड के पद पर आर्यन कमल को सफल घोषित किया गया। इसके बाद विजय प्रतिनिधियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी। इसके पूर्व उनकी योग्यता एवं नेतृत्व क्षमता से संबंधित गुणों की परख के लिए साक्षात्कार का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार ने बताया की चुनाव प्रजातंत्र का सर्वोत्कृष्ट उत्सव है।

स्पीड न्यूज

## नगड़ी के नये थाना प्रभारी का स्वागत



**पिस्कानगड़ी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा नगड़ी का दर्जनों कार्यकर्ता नये थाना प्रभारी नगडी रोहित कुमार योगदान देने की खुशी मे संयुक्त रूप से बुके देकर स्वागत किया गया। आशा उम्मीद करते है सुनिश्चित ढंग से शांति व्यवस्था और क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाए रखने में सक्षम रहेंगे। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष विनोद तिर्की, उपाध्यक्ष राजेंद्र महतो, सह सचिव पुजा देवी, बरून कुमार महतो, तस्लीम अंसारी, खुर्शीद अंसारी, अशोक केसरी, रेयाजुल अंसारी, बांदे उरांव, स्टेपन तिर्की मनोज तिर्की, राखी देवी, सोमारी उरांव सुकरमनी देवी, यास्मीन खातून व अन्य लोग मौजूद थे।

## इटकी : तीन आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

**इटकी।** इटकी पुलिस ने विभिन्न कांडों में वांछित तीन लोगों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी अमित प्रशांत के मुताबिक आदिवासी हरिजन उत्पीड़न अधिनियम के तहत तरगड़ी गांव के लच्छू तिर्की द्वारा दर्ज कराये गये मामले में इटकी आजाद बंगला के शाहिद जावेद उर्फ कैप्टन के अलावा वर्ष 2020 में तार चोरी के एक मामले में हफीज अंसारी व मोरो स्थित कस्तूरबा विद्यालय में चोरी के आरोप में मोरो चापा टोली के तौहीद अंसारी को जेल भेजा गया है।

## धमधमिया में अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज थाना अन्तर्गत धमधमिया के पास से अवैध बालू लदा ट्रेक्टर को पकड़ा गया है। गस्ती के दौरान इस ट्रैक्टर को पकड़ा गया है। ट्रैक्टर चालक से बालू का चालान मांगा गया तो वह वाहन छोड़कर भाग निकला। ट्रैक्टर को जब्त कर मैक्लुस्कीगंज थाना लाया गया है। इसपर वन अधिनियम के तहत केस दर्ज होगा।

## बाइक की ठोकर से बुजुर्ग घायल

**सिकिदिरी।** ओरमांझी-सिकिदिरी मार्ग में सांडी चौक के पास बाइक सवार युवकों ने सांडी निवासी बृजलाल मुंडा (65 वर्ष) को ठोकर मार दी। इस घटना में बृजलाल मुंडा गंभीर रूप से घायल हो गया है। सिकिदिरी थाना की पुलिस ने गंभीर अवस्था में बृजलाल को रिम्स में भर्ती कराया गया है। घटना शुक्रवार की शाम करीब साढ़े सात बजे की है। सांडी के पास रोड पार कर रहे बृजलाल को बाइक सवार ने जोरदार ठोकर मार दिया। बृजलाल के सिर में गंभीर चोट लगी है।

## वीर बुधु भगत इंटर कॉलेज में शासी निकाय की बैठक

**चान्हो।** प्रखंड के रघुनाथपुर पंचायत स्थित शहीद वीर बुधु भगत इंटर कॉलेज में शुक्रवार को शासी निकाय की बैठक विधायक शिल्पी नेहा तिर्की की अध्यक्षता मे किया गया। बैठक मे अंचलाधिकारी एवं स्थानीय मुखिया भी उपस्थित थे। बैठक मे कॉलेज की सही व्यवस्था उपलब्ध कराने एवं छात्र छात्राओं की पढ़ाई मे आने वाली कमियों एवं व्यवस्था में सुधार लाने को लेकर चर्चा हुई।

### सिमलिया हाजी चौक फायरिंग कांड का खुलासा, कट्टा और गोली बरामद

# रातू : टीपीसी के दो उग्रवादी गिरफ्तार, जेल

**मोबाइल, डोंगल और दो बाइक भी जब्त**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** पुलिस ने सिमलिया हाजी चौक स्थित हक कॉम्प्लेक्स में 16 जुलाई की शाम हुई फायरिंग का खुलासा करते हुए दो शूटरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसमें हुरहुरी चिलदाग के स्व महेश मुंडा का पुत्र 31 वर्षीय कालीचरण मुंडा उर्फ छोटू और भुरकुंडा भवानी नगर कुरसे का रहने वाला शिवचरण बेदिया का पुत्र 20 साल का विकास कुमार बेदिया शामिल हैं। कालीचरण मुंडा फिलहाल चतरा जिले के पिपरवार स्थित बेलांगी में रहता है। वहां उसका ससुराल है। कांड के अभियुक्त राहुल तुरी उर्फ आलोक जी, बिनोद व अन्य फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिये छापेमारी की जा रही है। कांड के सूत्रधार मो वशिम खान उर्फ राजा, इम्तियाज व मो ताज पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं। यह जानकारी सिटी एसपी सुभांशु जैन ने प्रेस वार्ता में दी। इनके पकड़े जाने के बाद अब पुलिस को फायरिंग मामले का खुलासा होने की उम्मीद है।



**हजारीबाग जेल में बनी थी योजना**

श्री जैन ने बताया कि टीपीसी उग्रवादी अर्जुन करमाली व छोटन तुरी हजारीबाग जेल में बंद हैं। दोनों ने फुटकलटोली निवासी झामुमो नेता और जमीन कारोबारी कमरुल हक से रंगदारी मांगने की योजना बनायी। छोटन ने अपने पुत्र राहुल तुरी उर्फ आलोक जी को इस काम में लगाया। आलोकजी ने फोन कर उनसे संगठन चलाने के लिये 50 लाख रंगदारी मांगी। इस पर श्री हक ने देने से मना करते हुए उससे गाली-गलौज की। इससे गुस्साये छोटन ने जंगी ऐप इंस्ट्राग्राम और ह्वाट्सएप के जरिये विकास, कालीचरण, बिनोद व अन्य से संपर्क कर रातू इलाके में दबदबा कायम करने के उद्देश्य से होटल मोख्तार में सफेद कुर्त्ता, पायजामा पहने हुए मोटा आदमी कमरुल हक की रेकी करा गोली चलवायी।

**दो लोग हुए थे जख्मी**

सिटी एसपी ने बताया कि श्री कमरुल हक हर शाम अपने कॉम्प्लेक्स के मोख्तार होटल में दोस्तों संग बैठते हैं। साढ़े छह बजे ऑफिस से आये और कुछ देर बिल्डिंग के फर्स्ट फ्लोर में बैठे। इसके बाद हज से लौटे हुरहुरी के एक दंपति से मिलने चले गये। वह कुर्त्ता-पायजामा पहने थे। होटल के ग्राउंड फ्लोर में कुर्सी पर पांकी निवासी 65 वर्षीय इलियास अंसारी बैठे थे। पलामू काजी पकड़ी का रहने वाला 30 साल का जब्बार अंसारी भी वहां खड़ा था। श्री हक समझ इलियास पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर मोटरसाइकिल से तिलता की ओर फरार हो गये थे। गोली जब्बार को भी लगी थी। कालीचरण ने चलायी थी। विकास पीछे बैठा था।

**बरामद किये गये सामान**

आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त एक देशी कट्टा, जिंदा कारतूस, काले रंग की पल्सर और हीरो होंडा कंपनी की दो स्पेंडर मोटर साइकिलें, रियलमी मोबाइल व जियो का डोंगल आदि बरामद किये गये हैं। पुलिस के हत्थे चढ़े अपराधियों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है।

**अभियान में थे शामिल :** डीएसपी प्रवीण सिंह, थानेदार सपन कुमार महथा, कांड के आईओ अवर निरीक्षक शेखर कुमार सिंह, अवर निरीक्षक सह नगड़ी के थाना प्रभारी रोहित कुमार, सहायक अवर निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार, उज्जवल कुमार सिंह, गुलाम हशनैन खान, अजित ठाकुर शामिल थे।

एक नजर में

## रातू : दो मोबाइल चोर गिरफ्तार, जेल





**रातू।** पुलिस ने थाना कांड संख्या 422/22 के दो अप्राथमिकी अभियुक्त संजय नगर कॉलोनी निवासी स्व विश्वनाथ राम के 19 वर्षीय पुत्र दीपू कुमार उर्फ छोटू व बड़काटोली में रहने वाले दिनेश उरांव का पुत्र 21 वर्षीय मुकेश उरांव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इन पर 22 दिसंबर 22 को मलमाडू निवासी प्रकाश कुमार महतो की दुकान से मोबाइल की चोरी करने का आरोप है। इनके पास से तकनीकी शाखा की मदद और श्री महतो की निशानदेही पर रियलमी और ओप्पो कंपनी की दो मोबाइल भी बरामद किये गये हैं। गिरफ्तारी अभियान में कांड के आईओ और सहायक अवर निरीक्षक मनोज कुमार, तकनीकी सेल के सहायक अवर निरीक्षक बलेन्द्र कुमारए उज्वल कुमार सिंह, सशस्त्र बल के जवान व जीप चालक आदि शामिल थे।

## रातू : महिला रहस्यमय ढंग से लापता



**रातू।** थाना क्षेत्र के बड़काटोली निवासी महेश नायक की 33 वर्षीया पत्नी जीतन देवी 27 जुलाई को आमटांड़ के प्रेम गुप्ता और नीतू देवी के साथ काठीटांड़ चौक स्थित फाइनेंस कंपनी की भारत बैंक जाने के लिये घर से निकलने के बाद रहस्यमय ढंग से लापता हो गयी है। परिजनों ने उनकी खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चल पाया। उसके बड़े भाई भोला नायक ने रातू थाने में गुमसुदगी का सनहा दर्ज कराया है। पुलिस जांच कर रही है।

## नगड़ी में मुहर्रम जुलूस नहीं निकालने का निर्णय

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी क्षेत्रीय मुहर्रम कमेटी की बैठक हाजी रकीब की अध्यक्षता में हुई। बैठक में क्षेत्रीय मोहर्रम कमिटी के अध्यक्ष शहिद अहमद ने बताया कि क्षेत्र के समाजसेवी और जन नेता सुभाष मुंडा के आसमयिक मृत्यु पर कमिटी गहरा शोक व्यक्त करते हुए इस वर्ष मुहर्रम का जुलूस नहीं निकलने का निर्णय लिया गया है। बैठक में यासीन अंसारी, जाकिर अंसारी, बालकु अंसारी, माहिर अंसारी, शहादत अंसारी, जलालुद्दीन अंसारी, जुल्फन अंसारी, अब्बास अंसारी, सरफराज अंसारी, अब्दुल कुदुस मौजूद थे।

## रोजगार को लेकर कस्तूरबा विद्यालय घेरा

**खलारी।** खलारी प्रखंड अतर्गत गुलजरबाग में बने नव निर्मित कस्तुरबा विद्यालय में स्थानीय ग्रामीणों ने रोजगार को लेकर पंचायत समिति किरण देवी के अध्यक्षता में विद्यालय का घेराव किया गया। विद्यालय में स्थानीय ग्रामीण महिलाओं को नौकरी में रखे जानें का मांग की।

## बंधु तिर्की ने किया ट्रांसफारमर रिपेयरिंग वर्कशाप का निरीक्षण

**इटकी।** पूर्व मंत्री सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने शुक्रवार को विद्युत विभाग द्वारा इटकी में ट्रांसफार्मर रिपेयर वर्क शॉप के निर्माण कार्य निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इटकी में टीएआरण्डब्ल्यू का निर्माण क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धी है। इसके के निर्माण से मांडर विधानसभा सहित अन्य क्षेत्र के लोग लाभान्वित होंगे। ट्रांफार्मर बदलने के लिए लोगों को अब लंबे समय तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। कार्यपालक अभियंता हेमंत मुखर्जी ने जानकारी दी कि निर्माण कार्य एक करोड़ एक्कीस लाख रुपये की लागत से करायी जा रही है। अन्होंने बताया कि रांची.खुंटी सर्कल अंर्तगत एक मात्र टीएआरण्डब्ल्यू चुटिया में है। जिसका वर्क लोड कम करने के लिए विभाग द्वारा इटकी में ट्रांसफार्मर रिपेयर वर्कशॉप निर्माण कराया जा रहा है।

## रिंग रोड से कनेक्ट सड़क को बंद करने का विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता



**अनगड़ा।** मिलन चौक के पास हेसल पहान टोली के पास रिंग रोड से गांव जाने वाली सड़क को बंद करने को लेकर रिंग रोड निर्माण एजेंसी के प्रति गुस्साये ग्रामीणों ने रिंग रोड में विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना था कि रिंग रोड निर्माण एजेंसी द्वारा गांव के लिए पहुंच पथ बनाने का आश्वासन देकर काम किया जाता रहा। अब मुख्य सड़क के पास से गांव के कन्टेक्ट सड़क को बंद कर दिया गया है। ग्रामीणों को अपने घर तक पहुंचने में काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीण बराबर दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। मौके पर मुखिया कविता देवी, रामपोदो महतो, रामसाय मुंडा, फागू पाहन, सूरज पाहन, लालकिशुन पाहन, सरोज पाहन, महेन्द्र पाहन, रवि पाहन, विनोद पाहन, राजेश पाहन, प्रेम पाहन, उर्मिला देवी, गंगा देवी, सुनीता देवी, हेमंती देवी, सुशीला देवी, संगीता देवी, सरीता देवी आदि उपस्थित थे।

## मांडर प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने फूंका पुतला

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी की ओर से प्रखंड पार्टी कार्यालय में शुक्रवार को मणिपुर में महिलाओं से सामूहिक दुष्कर्म कांड को लेकर पुतला दहन कार्यक्रम किया गया। प्रखंड मुख्यालय से मांडर मेन रोड होते हुए जुलूस निकाला गया ए जो थाना चौक होते हुए टाँगरबसली मोड़ तक आकर मोदी सरकार और मणिपुर मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह का पुतला दहन किया गया। जिसका नेतृत्व प्रखंड कांग्रेस कमेटी की प्रखंड अध्यक्ष मंगा उरांव और जमील मलिक ने किया। जुलूस में शामिल महिला एवं पुरुष इंकलाब जिंदाबाद, कांग्रेस पार्टी जिंदाबादए भाजपा सरकार एवं मणिपुर सरकार के विरोध में नारा



लगा रहे थे मणिपुर सरकार अविलंब इस्तीफा दो।

## खलारी को अनुमंडल बनाने का प्रस्ताव पारित

**खलारी।** खलारी प्रखंड सभागर में प्रखंड के 14 पंचायत के मुखिया व ग्राम प्रधान के साथ ह्यूमन एंड हैरिटेज केयर फाउंडेशन के अध्यक्ष अमरदीप कौशल के मार्गदर्शन में एक आमसभा का बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड मुखिया के अध्यक्ष पुतुल देवी ने किया। बैठक में खलारी प्रखंड को प्रशासनिक अनुमंडल बनाने के विषय को रखा गया। अनुमंडल के प्रस्ताव का पंचायत के मुखिया व ग्राम पधान ने सामूहिक रूप से स्वीकार कर पारित किया गया। अनुमंडल बनाने की योजना पारित होने के बाद सामूहिक तौर से अपने पंचायत के मुखिया व ग्रामप्रधान ग्रामसभा कर ग्रामीणों को मत लेंगे और हस्ताक्षर अभियान चलाकर समर्थन जुटाया जाय। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा को विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रस्तुत थी। जिसमें अनुमंडल के प्रस्ताव के पक्ष में अपना समर्थन दिया।

## बीडीओ-सीओ ने किया महावीर नगर तालाब का निरीक्षण

**खलारी।** खलारी प्रखंड विकास पदाधिकारी लेखराज नाग और अंचलाधिकारी शिशुपाल आर्य ने विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह के साथ महावीर नगर तालाब का निरीक्षण किया। गंदगी के कारण बदहाल हो चुके तालाब को खलारी प्रखंड कार्यालय के सहयोग से पूरी तरह से साफ कराया गया। तालाब की सुंदरता को देख प्रखंड विकास पदाधिकारी लेखराज नाग ने कहा कि अब तालाब की सफाई हो चुकी है अब लोग इसे गंदा ना करें। यह तालाब जल संचय के साथ.साथ यहां के लोगों के लिए काफी लाभदायक साबित होगा। वही विधायक प्रतिनिधि ने तालाब के सुंदरीकरण कराने की बात कहीए साथ ही खलारी के एसीसी बड़ा तालाब को सफाई करवाने का आग्रह किया। वही खलारी ओवर ब्रिज पर लगे स्ट्रीट लाइट के नहीं जलते के कारण होने वाली परेशानियां की जानकारी दी।

## बेड़ो के जामटोली में धोती-साड़ी और लुंगी का वितरण

**बेड़ो।** सरकार रोटी कपड़ा और मकान पर विशेष ध्यान दे रही है। उक्त बातें गुरुवार को हरिहरपुर जामटोली पंचायत के पतरस जन वितरण प्रणाली के दुकान में सोना सोबरन योजना के तहत धोतीए साडी व लूंगी का वितरण करते हुए पंचायत की मुखिया लक्ष्मी कोया ने कही। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का लाभ ग्रामीण जरूर ले और लाभान्वित हो जिससे सशक्त बना जा सकता है।

## शपथ पत्र

मै पैरो देवी पिता सोमरा बालमीकी मतदाता पहचान पत्र संख्या सीजेडडी 1492818 ग्राम व पोस्ट मुरकुंडा थाना व जिला गुमला झारखंड हलफनामा बयान करती हूं कि मेरा मतदाता पहचान पत्र पत्र संख्या सीजेडडी 1492818 में मेरा नाम पैरो देवी दर्ज है। यह कि मेरे आधार कार्ड संख्या 949450125712 में मेरा नाम सीमा देवी दर्ज है। यह कि मेरी सभी अन्य कागजातों में मेरा नाम पैरो देवी दर्ज है। आज से मैं पेरो देवी पिता सोमरा बालमीकी के नाम से जानी व पहचानी जाउंगी। मेरी अन्य सभी कागजातों में पैरो देवी नाम दर्ज है। मैं पूर्व में भी पैरो देवी के नाम से जानी जाती हूं। मैं पैरो देवी हलफन तसदीक करती हूं कि उपर लिखी ब्यान मेरी जानकारी विश्वासी से सही सत्य व दुरुस्त है।

## विद्यार्थियों ने राजकिला परिसर में किया पौधरोपण

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय वानिकी संकाय के छात्रों ने पर्यावरण को लेकर अभिरुचि दिखायी। ऐतिहासिक राजकिले में वन महोत्सव का आयोजन कर पौधरोपण किया। समारोह में राजकुमारी माधुरी मंजरी देवी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव अजय नाथ शाहदेव, प्रबंधक दामोदर मिश्र व प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अतुल राज ने छात्र-छात्राओं की हौसला बढ़ाया। वैज्ञानिक डॉ बसंतचंद्र उरांव ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में संकाय के अधिष्ठाता डॉ एमएस मलिक एवं प्रोफेसर डॉ ज्योतिष केरकेट्टा का विशेष योगदान रहा। वानिकी में अध्यनरत छात्रों ने झारखंड राज्य वन विकास निगम में नियुक्ति एवं वन विभाग में नियुक्ति नियमा वली हेतू श्री शाहदेव को ज्ञापन सौंपा। इस पर उन्होंने सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया। मौके पर असफर रजा, चंदन रजक, सौरभ सुमन, आर्यन, उत्कर्ष, पवन, प्रभातए नीतीश आदि मौजदू थे।

# बाल विवाह से मुक्त पंचायत बनेगा बारीडीह

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड के बारीडीह को बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाने हेतु शुक्रवार को पंचायत सचिवालय में बैठक हुई। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन व सिंदुआर टोला ग्रामोदय विकास विद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ उपस्थित सभी लोगों ने समाज में बाल विवाह जैसे कुरीतियों को रोकने की शपथ ली। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुखिया पार्वती देवी ने कहा कि बाल विवाह रोकने के लिए समाज को अपनी दायित्व का निर्वाहन करने की जरूरत है। उसने कहा कंही भी बाल विवाह का मामले सामने आने पर विवाह प्रतिषेध पदाधिकारी बीडीओ, बीइइओ, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के साथ मुखिया व पंचायत सचिव को सूचना जरूर दें। संस्था के जिला समन्वय अरविंद कुमार ने बाल विवाह जैसे सामाजिक कुरीति व कानूनी अपराध की जानकारी दी और कहा बाल विवाह से बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। जिसके कारण वे सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक बोझ तले दब जाते हैं। बाल मजदूरी, में लगे बाल विवाह में जाने वाले बच्चों के साथ जिन बच्चों का यौन शोषण हो रहा है वैसे बच्चों को संरक्षण की आवश्यकता है। वैसे बच्चों को बचाना समाज और सरकार दोनों की जिम्मेदारी है।



कार्यक्रम में बाल विवाह रोकने की शपथ लेते हुए।

**कार्यक्रम में थे मौजूद**

कार्यक्रम में उपमुखिया बनवारीलाल साहू, ग्रामप्रधान मानकी जयनारायण सिंह, मुखिया प्रतिनिधि चांदबाबु मुंडा, वार्ड अवधकिशोर करमाली, गोविंद मुंडा, भुजन महतो, रामकिषुन करमाली, अजय करमाली, मुन्नी देवी, आंगनबाड़ी सेविका व जलसहिया सहित ग्रामीण उपस्थित थे।


**कार्यालय : मत्स्य अनुसंधान केन्द्र, राँची**

**(रंगीन मछली पालकों के लिए आम सूचना संख्या : 03/2023-24)**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वर्ष 2023-24 में रंगीन मछली पालन का पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ होने जा रहा है। राँची जिला अंतर्गत रंगीन मछली पालन, प्रजनन का कार्य तथा साथ ही एक्वेरियम बनाने का कार्य कर रही हों अथवा इस कार्य में रूचि रखने वाली महिलाएं/स्वयं सहायता समूह (SHG) से जुड़ी हुई महिलाएं जो प्रशिक्षण प्राप्त करने को इच्छुक हों वे **14 अगस्त 2023** तक **मत्स्य अनुसंधान केन्द्र, शालीमार, धुर्वा, राँची** स्थित कार्यालय में आवेदन-पत्र जमा कर सकती हैं। प्रशिक्षण हेतु आवेदन फॉर्म प्रत्येक कार्य दिवस में कार्यालय में उपलब्ध है।

ह/0
सहायक मत्स्य निदेशक
अनुसंधान, राँची

PR 303528 Fish(23-24)#D



**कार्यालय, जिला उद्यान पदाधिकारी, हजारीबाग**
**शंकरपुर बडकागाँव रोड, हजारीबाग - 825301,**
Email.- dho_hazaribag@rediffmail.com , dho.hazaribagh@gmail.com Telephone No. 06546-291453

**अतिअल्पकालीन उद्धरण सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि जिला उद्यान कार्यालय, हजारीबाग के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में चल रहे उद्यान विकास योजना की उपयोजना "प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग" के तहत जिला - हजारीबाग शहर एवं उससे आस-पास के सटे हुए शहरों में बसे हुए परिवार के घरों के निकट खाली पड़े छोटे भू-खण्ड ,सरकारी परिसर जहाँ स्थान उपलब्ध हो एवं Terrace gardening अन्तर्गत जैविक एवं गुणवत्तायुक्त विभिन्न प्रकार के सब्जियों की खेती हेतु बीज, फुलों एवं फलों तथा साज- सज्जा के पौधे एवं उपादान का क्रय हेतु स्थानीय Service Provider / Nursery चयन के साथ समानों का दर निर्धारण हेतु दिनांक - 07.08.2023 के अपराहन 2:00 बजे तक न्यूनतम दर हेतु उद्धरण मुहरबंद निविदा बंद लिफाफे में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जायेगा जो दिनांक - 08.08.2023 के अपराहन 12:00 बजे अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में उद्धरणकर्त्ता एवं उक्त योजना अन्तर्गत नामित जिला स्तरीय गठित चार सदस्यीय समिति के समक्ष उपस्थिति / अनुपस्थिति में खोला जायेगा। इच्छुक उद्धरणकर्त्ता स्थानीय Service Provider / Nursery जिला उद्यान कार्यालय , हजारीबाग से कार्यालय अवधि में दिनांक - 31.07.2023 से 05.08.2023 तक उद्धरण हेतु समाग्री की सूची प्राप्त किया जा सकता है।
जिला उद्यान कार्यालय , हजारीबाग से कार्यालय अवधि में दिनांक - 31.07.2023 से 05.08.2023 तक उद्धरण हेतु समाग्री की सूची प्राप्त किया जा सकता है।
नोट :- विशेष जानकारी हेतु जिला उद्यान कार्यालय, हजारीबाग से सम्पर्क किया जा सकता है ।

PR.NO.303506 Agriculture(23-24):D    जिला उद्यान पदाधिकारी हजारीबाग



**प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, धुर्वा, राँची**
**(गव्य विकास निदेशालय)**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची**
Email-ftcranchi@gmail.com

**-: सूचना :-**

झारखण्ड राज्य के सभी पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग), झारखण्ड, राँची के राज्यादेश सं० 14 रा० (वि०) दिनांक - 21.07.2023 द्वारा प्रशिक्षण, प्रसार एवं कौशल विकास की स्वीकृत योजना अन्तर्गत **दुधारू पशु प्रबंधन एवं पशुपोषण विशयक छः दिवसीय** प्रशिक्षण दिनांक - 01.08.2023 से प्रारंभ किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों को दैनिक भत्ता 100 (एक सौ) रु० प्रतिदिन एवं आने-जाने का भाड़ा DBT के माध्यम से उनके बैंक खाता में हस्तांतरित किया जाना है। प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को भोजनादि एवं आवास निःशुल्क दिया जाएगा।
दुधारू पशु प्रबंधन एवं पशु पोषण विशयक प्रशिक्षण से संबंधित प्रशिक्षणार्थियों का जिलावार छः एवं सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नवत् है :-

**वित्तीय वर्ष 2023-2024 में स्वीकृत योजना अन्तर्गत दुधारू पशु प्रबंधन एवं पशु पोषण से संबंधित प्रशिक्षणार्थियों का जिलावार प्रशिक्षण कार्यक्रम :-**

| क्र. सं. | प्रशिक्षण अवधि | बैच सं० | जिला | प्रशिक्षणार्थियों की संख्या | | | | | | | | | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | OSP | | | TSP | | | SCSP | | | |
| | | | | पुरुष | महिला | कुल | पुरुष | महिला | कुल | पुरुष | महिला | कुल | |
| 1 | 01.08.2023 to 06.08.2023 | A | राँची | 0 | 0 | 0 | 20 | 15 | 35 | 2 | 2 | 4 | 39 |
| | | | खूँटी | 0 | 0 | 0 | 20 | 15 | 35 | 2 | 1 | 3 | 38 |
| | | | लोहरदगा | 0 | 0 | 0 | 20 | 15 | 35 | 2 | 2 | 4 | 39 |
| | | | योग | 0 | 0 | 0 | 60 | 45 | 105 | 6 | 5 | 11 | 116 |
| | | B | गुमला | 0 | 0 | 0 | 20 | 15 | 35 | 3 | 2 | 5 | 40 |
| | | | हजारीबाग | 20 | 15 | 35 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 | 4 | 39 |
| | | | योग | 20 | 15 | 35 | 20 | 15 | 35 | 5 | 4 | 9 | 79 |
| 2 | 07.08.2023 to 13.08.2023 | A | सिमडेगा | 0 | 0 | 0 | 20 | 10 | 30 | 2 | 2 | 4 | 34 |
| | | | प० सिंहभूम | 0 | 0 | 0 | 20 | 10 | 30 | 2 | 2 | 4 | 34 |
| | | | सरायकेला | 0 | 0 | 0 | 20 | 10 | 30 | 2 | 2 | 4 | 34 |
| | | | योग | 0 | 0 | 0 | 60 | 30 | 90 | 6 | 6 | 12 | 102 |
| | | B | पलामू | 20 | 10 | 30 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 | 4 | 34 |
| | | | गढ़वा | 20 | 10 | 30 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 | 4 | 34 |
| | | | बोकारो | 15 | 10 | 25 | 0 | 0 | 0 | 2 | 1 | 3 | 28 |
| | | | योग | 55 | 30 | 85 | 0 | 0 | 0 | 6 | 5 | 11 | 96 |
| 3 | 14.08.2023 to 20.08.2023 | A | चतरा | 20 | 10 | 30 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 | 4 | 34 |
| | | | लातेहार | 0 | 0 | 0 | 20 | 15 | 35 | 2 | 2 | 4 | 39 |
| | | | पूर्वी सिंहभूम | 0 | 0 | 0 | 20 | 10 | 30 | 2 | 2 | 4 | 34 |
| | | | योग | 20 | 10 | 30 | 40 | 25 | 65 | 6 | 6 | 12 | 107 |
| | | B | सिमडेगा | 0 | 0 | 0 | 20 | 10 | 30 | 2 | 1 | 3 | 33 |
| | | | कोडरमा | 20 | 15 | 35 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 | 4 | 39 |
| | | | योग | 20 | 15 | 35 | 20 | 10 | 30 | 4 | 3 | 7 | 72 |
| 4 | 22.08.2023 to 27.08.2023 | A | राँची | 0 | 0 | 0 | 20 | 10 | 30 | 2 | 1 | 3 | 33 |
| | | | खूँटी | 0 | 0 | 0 | 20 | 10 | 30 | 2 | 1 | 3 | 33 |
| | | | रामगढ़ | 20 | 15 | 35 | 0 | 0 | 0 | 3 | 2 | 5 | 40 |
| | | | योग | 20 | 15 | 35 | 40 | 20 | 60 | 7 | 4 | 11 | 106 |
| | | B | लोहरदगा | 0 | 0 | 0 | 20 | 15 | 35 | 2 | 2 | 4 | 39 |
| | | | हजारीबाग | 20 | 10 | 30 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 | 4 | 34 |
| | | | योग | 20 | 10 | 30 | 20 | 15 | 35 | 4 | 4 | 8 | 73 |

ह०/-
मुख्य अनुदेशक
प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान राँची

PR303540 (Animal Husbandry)23-24*D



**COURT NOTICE**

Court of Mrs. Nikhat Ayesha Civil Judge,Junior Division VI Hazaribagh
Original Suit no. 46 of 2009---Mosomat Chimeny vs....plaint ft Mahadeo Mahto and others.
……defendants
Notice To
Bhuneshwar Mahto, S/O Rati Mahto, Vill: Alkhori,PS: Bishnugarh, Dist: Hazaribagh Take notice to the plaintiff have filed a suit for declaration of title against you and 7 others and since you have not appeared in the court earlier ever after the notice the undersigned hereby direct you to appear and put your claim before this court on or before 08.09.2023 at 10:30 AM either by self or through your lawyer failing which the case will be heard exparte and no further opportunity will be given.
Given under my Seal and Signature Civil judge Junior division VI Hazaribagh.

खबर मन्त्र
रांची.शनिवार. 29 जुलाई 2023



# कारोबारी सुगमता

लोकसभा ने जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक, 2023' को मंजूरी दे दी। इसमें कारोबार सुगमता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 42 अधिनियमों के 183 प्रावधानों में संशोधन कर छोटी-मोटी गड़बड़ियों को अपराध की श्रेणी से हटाने का प्रस्ताव किया गया है। निचले सदन ने संक्षिप्त चर्चा के बाद इस विधेयक को ध्वनिमत से स्वीकृति दी।आजाद भारत के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 12 जुलाई को इस विधेयक को मंजूरी दी थी। कई बार ऐसा होता था कि छोटी-मोटी गलती के कारण लोग अदालतों के धक्के खाते थे और बहुत सारे कानूनों का जाल था। ऐसी परिस्थिति में प्रधानमंत्री ने सभी कानूनों पर गौर करने और व्यवस्था को सरल बनाने का निर्देश दिया। इस सरकार में कारोबार सुगमता को बेहतर करने और लोगों की जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए कानूनों का सरलीकरण किया गया या उन्हें रद्द कर दिया गया। कारोबार सुगमता की दिशा में 2014 से ही काम हो रहा है जिस कारण हमने इस सूची में बड़ी छलांग लगाई है। इसी क्रम में विश्वास और बढ़ाने के लिए यह विधेयक लाया गया है। लोकसभा ने निरसन एवं संशोधन विधेयक 2022' को भी मंजूरी प्रदान कर दी जिसके माध्यम से वर्षों पुराने एवं अप्रचलित कानूनों को निरस्त करने का प्रावधान किया गया है जिनमें एक कानून 138 वर्ष पुराना है। सदन में विधेयक पर संक्षिप्त चर्चा के बाद इस विधेयक को ध्वनिमत से मंजूरी दी गई। इस विधेयक में भूमि अधिग्रहण (खनन) अधिनियम 1885 को भी निरस्त करने का प्रस्ताव किया गया है। विधेयक के माध्यम से टेलीग्राफ वायर्स (गैरकानूनी ढंग से रखने) संबंधी अधिनियम 1950 को भी निरस्त करने की बात कही गई है।

# तीसरी अर्थव्यवस्था?

देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई के अर्थशास्त्रियों ने वर्ष 2027 तक भारतीय अर्थव्यवस्था के दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हो जाने का अनुमान जताया है जो पहले जताए गए अनुमान से दो साल कम है। यह रिपोर्ट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस संबोधन के एक दिन बाद आई है जिसमें उन्होंने भरोसा जताया कि भारतीय जनता पार्टी की अगुवाई वाली राजग सरकार के तीसरे कार्यकाल में देश दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। अर्थशास्त्रियों ने कहा कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर (स्थिर मूल्य पर) 2023-24 में 6.5 प्रतिशत रहेगी। देश ने 2014 के बाद से जिस रास्ते को चुना है, उससे पता चलता है कि भारत मार्च 2023 के वास्तविकजीडीपी आंकड़े के आधार पर 2027 (वित्त वर्ष 2027-28) तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। वर्ष 2014 से तुलना की जाए तो उस समय भारतीय अर्थव्यवस्था 10वें स्थान पर थी। इस लिहाज से इसमें सात स्थानों का सुधार होगा।, भारत को यह मुकाम पिछले अनुमान के मुकाबले दो साल पहले ही प्राप्त होने की संभावना है। पिछले अनुमान में भारत के 2029 में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की संभावना जतायी गयी थी। फिलहाल भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में ॠऊढ वृद्धि दर 8.1 प्रतिशत रहेगी। इससे कुल मिलाकर वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत से ऊपर जा सकती है। देश के लिये 6.5 से 7.0 प्रतिशत वृद्धि दर हासिल करना अब नया चलन बन गया है। भारतीय रिजर्व बैंक का अनुमान है कि वास्तविक ॠऊढ वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहेगी। तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना भारत के लिये किसी भी मानदंड से एक उल्लेखनीय उपलब्धि होगी।

# जेआर डी टाटा : भारतीय स्टील उद्योग के प्रेरक





- सत्येन्द्र सिंह

**भारतीय** विमानन के जनक, टाटा समूह के सबसे लंबे समय तक अध्यक्ष रहे, कई प्रतिष्ठित कंपनियों के संस्थापक और भारतीय कारोबार जगत के दिग्गज - जहांगीर रतनजी दादाभाई टाटा यह और भी बहुत कुछ थे। जैसा कि हम 29 जुलाई को उनकी 119वीं जयंती मना रहे हैं, हम जेआरडी की कुछ अग्रणी पहलों पर नजर डालते हैं जिन्होंने हमारे देश की विकास गाथा को गति दी है।

1938 में जब जेआरडी टाटा को टाटा समूह में शीर्ष पद पर पदोन्नत किया गया, तो वह टाटा संस बोर्ड के सबसे कम उम्र के सदस्य थे। उनके नेतृत्व के अगले 50 वर्षों में हमारे समूह ने रसायन, ऑटोमोबाइल, चाय और सूचना प्रौद्योगिकी में विस्तार किया। अपने ही परिवार के सदस्यों द्वारा अलग-अलग ऑपरेशन संचालित करने की भारतीय व्यावसायिक प्रथा को तोड़ते हुए, जेआरडी टाटा ने पेशेवरों को लाने पर जोर दिया। उन्होंने टाटा समूह को एक बिजनेस फेडरेशन में बदल दिया जहां उद्यमशीलता की प्रतिभा और विशेषज्ञता को सफल होने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

जेआरडी टाटा ने 1939 से 1984 तक, चार दशकों से अधिक समय तक निदेशक मंडल के चेयरमैन के रूप में टाटा स्टील का नेतृत्व किया। कंपनी के चेयरमैन के रूप में अपने लंबे कार्यकाल के दौरान, उन्होंने 1947 से पहले एक इंपीरियल कॉलोनी से स्वतंत्रता के प्रारंभिक वर्षों और लोकतांत्रिक समाजवाद के साथ भारत के प्रयोग तक देश के रूपांतरण को देखा।

जेआरडी ने तकनीकी प्रगति, कर्मचारी सुरक्षा और सतत विकास पर जो जोर दिया, वह टाटा समूह के लिए मार्गदर्शक बना हुआ है। उनके दृष्टिकोण के अनुरूप, टाटा स्टील ने हर स्थान पर प्रत्येक कर्मचारी के लिए सुरक्षा, संरक्षा और स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए वैश्विक सर्वोत्तम अभ्यासों को अपनाया है, साथ ही अपना स्वयं का कनेक्टेड वर्कफोर्स कार्यक्रम भी विकसित किया है। उन्होंने कई नीतियां लागू कीं, जिन्होंने सभी के लिए बेहतर, अधिक समृद्ध कल की दृष्टि से निर्देशित टाटा स्टील के भविष्य को सुनिश्चित किया है।

एक राष्ट्रवादी जो सभी हितधारकों के लिए एक उज्जवल, सुरक्षित और सस्टेनेबल भविष्य सुनिश्चित करने के लिए नवीन अभ्यासों और प्रौद्योगिकियों का उपयोग करने की शक्ति में विश्वास करते थे, जेआरडी ने यह सुनिश्चित किया कि टाटा स्टील सभी स्थानों पर उच्चतम सुरक्षा मानकों को लागू करे। इस परंपरा को आज भी टाटा स्टील के कनेक्टेड वर्कप्लेस प्लेटफॉर्म के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है, जो कई प्रौद्योगिकियों और प्रणालियों का लाभ उठा रहा है जो कर्मचारी सुरक्षा की रियल टाइम मॉनिटरिंग को सक्षम बनाता है और परिचालन में लचीलापन सुनिश्चित करता है।

जेआरडी के दूरदर्शी दृष्टिकोण को इस तरह समझा जा सकता था कि वह कंप्यूटर के महत्व को भी तुरंत पहचान गए थे। इसका संबंध हमारे देश के अग्रणी परमाणु भौतिक विज्ञानी डॉ. होमी भाभा के साथ उनके सहयोग से भी था, जिन्होंने टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च में भारत में पहला कंप्यूटर बनाया था। भारत में पहले कंप्यूटर आकार में बहुत बड़े थे - एक पूरे कमरे को घेरने वाले। 1960 के दशक के अंत तक, देश के बाकी हिस्सों को कंप्यूटर के प्रति जागरूक बनाने से एक दशक पहले, जेआरडी के नेतृत्व में टाटा संस ने अपना स्वयं का सॉफ्टवेयर डिवीजन खोला।

> जेआरडी के दूरदर्शी दृष्टिकोण को इस तरह समझा जा सकता था कि वह कंप्यूटर के महत्व को भी तुरंत पहचान गए थे। इसका संबंध हमारे देश के अग्रणी परमाणु भौतिक विज्ञानी डॉ. होमी भाभा के साथ उनके सहयोग से भी था, जिन्होंने टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च में भारत में पहला कंप्यूटर बनाया था। भारत में पहले कंप्यूटर आकार में बहुत बड़े थे - एक पूरे कमरे को घेरने वाले।

देश के लिए पहली बार, 1967 में, टाटा स्टील के अकाउंट्स डिवीजन में तत्कालीन न्यू आईबीएम 1401 कंप्यूटर सिस्टम का उद्घाटन किया गया था। जेआरडी के नेतृत्व में, उस अवधि के दौरान कम्प्यूटरीकरण और स्वचालन की आवश्यकता वाले व्यवसाय के आकार और जटिलता को ध्यान में रखते हुए ऐसा किया गया था। यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण था क्योंकि सटीक विनिर्देशों के अनुरूप स्टील का उत्पादन करने के लिए टाटा स्टील की ब्लास्ट फर्नेस की परिमाण को संचालित करना संभव नहीं होता।

उस समय, आईबीएम 1401 को एक ऐसी मशीन के रूप में वर्णित किया गया था जो इलेक्ट्रॉनिक मेमोरी उपकरणों के माध्यम से बड़ी मात्रा में संख्यात्मक और वर्णमाला संबंधी जानकारी संग्रहीत करती थी। किसी भी वस्तु का तेजी से पता लगाया जा सकता है और उसका उपयोग गणना, विश्लेषण, वर्गीकरण, तुलना करने और आवश्यक आकार में जरुरी जानकारी के साथ प्रबंधन प्रदान करने के लिए किया जा सकता है।

आम लोगों में भोजन की भूख होती है, असाधारण लोगों में सेवा की भूख होती है।

जेआरडी ने अपने जीवनकाल में जितने मील के पत्थर हासिल किए हैं, उनमें टाटा कंप्यूटर सेंटर की स्थापना करना, जिसे अब दुनिया टीसीएस के नाम से जानती है, एक ऐतिहासिक उपलब्धि थी। यह 1960 के दशक के अंत में हुआ था जब मानव श्रम को प्रतिस्थापित करने की क्षमता के कारण कंप्यूटर को अभी भी कुछ संदेह की दृष्टि से देखा जाता था। टीसीएस के शुरूआती अनुबंधों में से एक टाटा स्टील के लिए पंच-कार्ड सेवाओं की शुरूआत थी। जेआरडी के भविष्य-केंद्रित दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए, टाटा स्टील लगातार उन नवाचारों को अपनाकर प्रौद्योगिकी अपनाने और निवेश में सबसे आगे बनी हुई है जो व्यावसायिक मूल्य को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

डेटा लोकतंत्रीकरण के महत्व को समझते हुए, टाटा स्टील ने एक डेटा प्लेटफॉर्म बनाने में भी निवेश किया है जो आंतरिक और बाहरी दोनों हितधारकों की मदद करते हुए व्यावसायिक दृष्टि और मूल्य निर्माण की नींव रखता है।यह रणनीतिक दृष्टिकोण, जो जेआरडी के विजन से प्रेरित है, यह सुनिश्चित करता है कि टाटा स्टील उन्नत प्रौद्योगिकियों को लागू करने के लिए अपनी मजबूत नींव बनाए। कनेक्टेड प्लेटफार्मों के माध्यम से, टाटा स्टील कर्मचारी सुरक्षा बढ़ाने, रखरखाव को अनुकूलित करने और परिचालन निर्णय लेने में सुधार करने के लिए प्रौद्योगिकियों का उपयोग करता है।इसके अलावा, जेआरडी टाटा के नेतृत्व को सत्यनिष्ठा, सामाजिक जिम्मेदारी और दीर्घकालिक सतत विकास स्थापित करने के विजन के रूप में जाना जाता है। उनका दृढ़ विश्वास था कि किसी कंपनी में नैतिक व्यवहार न केवल उसकी वित्तीय सफलता के लिए महत्वपूर्ण है।

## खास बात

### दक्षिण सागर में चीन की दिलचस्पी

नागेन्द्र सिंह

**चीन** ने तीन मुख्य युद्धपोतों को अपनी नौसेना में शामिल किया है। इनमें परमाणु ऊर्जा से संचालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी, एक विशाल विध्वंसक और देश का सबसे बड़ा तेज गति वाला युद्धक जहाज है जिसमें करीब 30 हेलिकॉप्टर और सैकड़ों सैनिक सवार हो सकते हैं।

इन पोतों को शनिवार को राष्ट्रपति शी जिनपिंग की उपस्थिति में सानया में आयोजित एक समारोह में सेवा में शामिल किया गया। सानया हैनान प्रांत में विवादित दक्षिण सीन सागर में चीन का मुख्य नौसैन्य अड्डा है।

हांगकांग के साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने रविवार को खबर दी कि सेवा में शामिल किए गए पोतों में 075 प्रकार के बेहद तेज गति वाले युद्ध जहाज शामिल हैं जो 30 हेलिकॉप्टरों और सैकड़ों सैनिकों को ले जा सकते हैं। यह चीन का सबसे विशाल युद्धक पोत है जो करीब 40,000 टन तक पानी को हटा सकता है। जानकारों की मानें तो ये युद्धपोत आने वाले समय में क्षेत्र में अमेरिकी नौसेना के स्वतंत्र नेविगेशन मिशन के लिए चुनौती खड़ी कर सकते हैं।

सरकारी अखबार चाइना डेली ने खबर दी कि 09 प्रकार की पनडुब्बी चीन के परमाणु ऊर्जा संचालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बियों की दूसरी पीढ़ी श्रेणी की मानी जा रही है जिसने पुराने प्रकार 09कक की जगह ली है। खबर में कहा गया कि 055 प्रकार पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी (प्लान) का सबसे शक्तिशाली विध्वंसक पोत है जिसमें नये प्रकार की वायु रक्षा प्रणाली, मिसाइल रक्षा, पोत रोधी और पनडुब्बी रोधी हथियारों से लैस है।

नये पोतों को शामिल करना चीनी नौसेना के व्यापक आधुनिकिरण का हिस्सा है जिसमें विमान वाहक पोत भी शामिल हैं। चीन ने दो विमानवाहकों का निर्माण किया है। आधिकारिक मीडिया खबरों में कहा गया है कि चीन की छह विमानवाहक पोतों के निर्माण की योजना है।

इस प्रकार की सामरिक तैयारी का अमेरिका और चीन के साथ-साथ जापान से चल रहें तनाव को बढ़ाने के साथ ही चीन की स्थिति और मजबूत कर रहा है।

1976 में 150 करोड़ से शुरू हुई स्वर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना 14 हजार करोड़ से अधिक की हो गई। इससे विस्थापित हुए 116 गांव के 19 हजार से ज्यादा परिवार प्रभावित हुए। ऐसे परिवार के लोग न्याय के लिए दर-दर की ठोकर खा रहे हैं। आज इस परियोजना की सीबीआई जांच की मांग लोकसभा में रखा।

– संजय सेठ, सांसद

## आपके ट्वीट

**वन** महोत्सव पर ही सही आज हम लोग एकत्रित हुए हैं। सभी लोग कम से इस संकल्प के साथ जाएं कि हम एक पौधा लगाएंगे और उसे पेड़ बनाएंगे तो परिवर्तन जरूर होगा। आज जलवायु परिवर्तन बहुत तेजी से हो रहा है।

– हेमंत सोरेन, सीएम





**किसानों** की आय दोगुनी करना पीएम मोदी जी की भाजपा सरकार का एक प्रमुख लक्ष्य है। पीएम किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से किसानों को सालाना 6000 की आर्थिक सहायता मिल रही है।

– अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री

# धर्म का सार तत्त्व

## विचार-प्रवाह



श्रीराम शर्मा आचार्य

### अस्त-व्यस्त

जीवन जीना, जल्दबाजी करना, रात-दिन व्यस्त रहना, हर पल-क्षण को काम-काज में ही हँसते रहना भी मनःक्षेत्र में भारी तनाव पैदा करते हैं। अतः यहाँ यह आवश्यक हो जाता है कि अपनी जीवन विधि को, दैनिक जीवन को विवेकपूर्ण बनाकर चलें। ईमानदारी, संयमशीलता, सज्जनता, नियमितता, सुव्यवस्था से भरा- पूरा हल्का-फुल्का जीवन जीने से ही मनःक्षेत्र का सदुपयोग होता है और ईश्वर प्रदत्त क्षमता से समुचित लाभ उठा सकने का सुयोग बनता है।कर्तव्य के पालन का आनंद लूटो और विघ्नों से बिना डरे जूझते रहो। यही है धर्म का सार तत्त्व। इसे समझना सभी के लिये आवश्यक है।

### दूसरों पर आश्रित न हों

दूसरों से यह अपेक्षा करना कि सभी हम से होंगे और हमारे कहे अनुसार चलेंगे, मानसिक तनाव बने रहने का, निरर्थक उलझनों में फँसे रहने का मुख्य कारण है। इससे छुटकारा पाने के लिए यह आवश्यक है कि हम चुपचाप शांतिपूर्वक अपना काम करते चलें और लोगों को अपने हिसाब से चलने दें। किसी व्यक्ति पर हावी होने की कोशिश न करें और न ही हर किसी को खुश करने के चक्कर में अपने अमूल्य समय और शक्ति का अपव्यय ही करें।

यह सोचना निरर्थक है कि कोई हमारी ही बात माने, उसी के अनुसार चले, हममें ही रूचि ले और हमारी ही सहयता करे। यह चाहनाएँ गलत भी हैं और हानिकारक भी। दूसरों पर भावनात्मक रूप से आश्रित न होना ही श्रेयस्कर है।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### ऊर्जा की कठिनाई

जहाज या पाइपलाइन के माध्यम से गैस को एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाने के मामले में ढुलाई के मोर्चे पर बड़ी चुनौतियां हैं। इसमें जितनी दूरी बढ़ेगी, उसी अनुपात में खर्च भी बढ़ता जाएगा। इस समय यूरोपीय लोगों को अमेरिकियों की तुलना में गैस के लिए सात गुना अधिक दाम चुकाने पड़ रहे हैं। पूरी दुनिया ऊर्जा संतुलन पर ही चल रही है।

– शिवनाथ सिंह, रांची

### योग से लाभ

योगसाधन के उपाय में यह बतलाया गया है कि पहले किसी स्थूल विषय का आधार लेकर, उसके उपरांत किसी सूक्ष्म वस्तु को लेकर और अंत में सब विषयों का परित्याग करके चलना चाहिए और अपना चित्त स्थिर करना चाहिए। चित्त की वृत्तियों को रोकने के जो उपाय बतलाए गए हैं उससे मानव सभी रोगों से मुक्त हो सकता है। हमसब को योग करना चाहिए।

– स्वामी मुक्तरथ, रांची

# बाल भिखारियों की बढ़ती समस्या

आरती श्री

**हमारे** देश में भीख मांगना गंभीर सामाजिक समस्याओं में से एक है, जो गरीबों के लिए बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने में सरकार की विफलता दशार्ते हैं। भारत के रजिस्ट्रार जनरल की वेबसाइट पर उपलब्ध सूचना के अनुसार, 2011 की जनगणना के आधार पर देश में 19 वर्ष तक की आयु के 61,311 बच्चे भीख मांगने के कार्य में संलिप्त हैं। यह सच है कि भीख मांगने की समस्या बहुत हद तक गरीबी से जुड़ी है. पर भारत में भीख मांगने के पीछे एक बड़ा रैकेट काम करता है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अनुसार, भारत में प्रतिवर्ष लगभग 40,000 बच्चों का अपहरण किया जाता है, यानी हर आठ मिनट में एक बच्चा लापता हो जाता है। जिनमें 25 प्रतिशत से अधिक का कोई पता नहीं चल पाता है. भारत में असामाजकि व आपराधकि क तत्वों,आतंकी समूह द्वारा बच्चों का अपहरण कर उन्हें भीख मंगवाने वाले गिरोह को बेच दिया जाता है। इन बच्चों को खरीदने वाले माफिया उन्हें उनके घर से बहुत दूर ले आते हैं, ताकि उनका पता न चल सके। इसके बाद इन बच्चों को भीख मांगने का प्रशिक्षण दिया जाता है। जो बच्चे नहीं मानते उन्हें प्रताड़ित किया जाता है और यहां तक कि उन्हें नशा भी दिया जाता है। ज्यादा पैसा कमाने के लालच में ये अपराधी कई बच्चों को अपंग भी बना डालते हैं। भारत में बाल तस्करी एक बड़ी समस्या है. तस्करी किये गये अधिकांश बच्चों को देश में ड्रग माफियाओं और भीख मांगने वालों को बेचा जा रहा है. वहीं बच्चियों को अंतरराष्ट्रीय श्रम बाजार में भी बेचा जा रहा है। इन तस्करों के निशाने पर बेघर, प्रवासी परिवारों और झुग्गी-झोपड़ी के बच्चे होते हैं। भीख मांगने वाले इन बच्चों की देखरेख करने वाला कोई नहीं होता, इनकी कड़ी मेहनत के बदले इन्हें भरपेट भोजन तक नहीं मिलता है। भीख मांगने से मना करने पर इनके साथ मारपीट भी की जाती है, नशा दिया जाता है। ऐसे में ये बच्चे गंभीर शारीरिक, भावनात्मक और मानसिक आघात के शिकार होते हैं। जिस उम्र में बच्चों को स्कूल जाना चाहिए, खेलना चाहिए और माता-पिता के दुलार के साये में जीवन गुजारना चाहिए, उस उम्र में ये बच्चे अपने जीवनयापन के लिए भीख मांगने को मजबूर हैं। हाशिए पर रह रहे बच्चों की बेहतरी के लिए इस फरवरी में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने स्माइल- सपोर्ट फॉर मार्जिनलाइज्ड इंडिविजुअल्स फॉर लाइवलीहुड एंड एंटरप्राइज- योजना शुरू की है, जिसमें भीख मांगने के कार्य में लगे व्यक्तियों के व्यापक पुनर्वास की योजना भी शामिल है सरकार की इस योजना के अलावा भी कई राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय स्तर की संस्थाएं अपराधियों के चंगुल में फंसे इन मासूमों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही हैं. फिर भी गरीबी और शोषण के इस चक्र में बच्चों का पीसना लगातार जारी है. हम यदि इस स्थिति में परिवर्तन चाहते हैं, तो हमें व्यक्तिगत जिम्मेदारी पर जोर देना होगा. साथ ही, सरकार और संबंधित अधिकारियों को भी अपना दायित्व समझना होगा और एक ऐसा समाज बनाने की दिशा में आगे बढ़ना होगा जहां बिना भीख मांगे लोगों की बुनियादी सुविधाओं तक पहुंच सुनिश्चित हो. एक ऐसा समाज जहां बच्चों को किसी कुचक्र में फंसना न पड़े।

## समाज

> भीख मांगने वाले इन बच्चों की देखरेख करने वाला कोई नहीं होता, इनकी कड़ी मेहनत के बदले इन्हें भरपेट भोजन तक नहीं मिलता है. भीख मांगने से मना करने पर इनके साथ मारपीट भी की जाती है, नशा दिया जाता है।

# नाइजर में तख्ता पलट छोटी घटना नहीं

डॉ. प्रभात ओझा

## सामयिक

**नाइजर** में तख्ता पलट को हमारे यहां मीडिया के एक हिस्से ने ह्यएक मुस्लिम देश की घटनाह्व के तौर पर लिया है। सवाल है कि क्या इसे सिर्फ इतना भर मानकर हम शांत रह सकते हैं। इस घटना पर सबसे पहले चिंता जताने वालों में अमेरिका भी शामिल है। न्यूजीलैंड में मौजूद अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने राष्ट्रपति बजौम की रिहाई की मांग की है। अमेरिका ने निर्वाचित राष्ट्रपति के साथ होने की प्रतिबद्धता दिखाई है। नाइजर में अमेरिका के दो ड्रोन बेस हैं। इन बेस से जुड़े उसके करीब 800 सैनिक भी वहां तैनात हैं। इन सैनिकों में कुछ स्पेशल फोर्स के हैं जो नाइजर सेना को ट्रेनिंग दे रहे हैं। फिर भी अमेरिकी चिंता का मात्र यही कारण नहीं हो सकता। इसे और अधिक गौर से देखना होगा कि नाइजर अति गरीब देश होने के बावजूद यूरेनियम भंडार का मालिक है।

नाइजर नाम अपनी ही संज्ञा वाली नदी के कारण ग्रहण किया गया है। नाइजर नदी की उत्पत्ति वहां के भाषाई रूप तुआरेग एन'एगिरेन से हुई है, जिसका अर्थ है 'बहता पानी'। क्या दुर्भाग्य है कि इस देश के पश्चिम में यह बहता पानी भी अधिकांश जगह पर पूरी तरह सूख गया है। देश का करीब 80 प्रतिशत क्षेत्र रेगिस्तान में बदल चुका है। परिणामस्वरूप इसकी अर्थव्यवस्था के आधार कृषि, पशुधन पर असर को समझा जा सकता है। नाइजर कच्चे माल का निर्यात भी करता है।

नाइजर पर अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों और कई देशों का भारी ऋण बना रहता है। अपने धन के साथ यूरेनियम की चिंता भी अमेरिका के साथ ही अफ्रीकी यूनियन को परेशान कर सकता है। ध्यान रहे कि अफ्रीकी देशों में ही नाईजीरिया भी है। हमें नाइजर और नाईजीरिया के फर्क को समझना पड़ेगा। नाईजीरिया में तो नाइजर नाम से एक प्रांत भी है। हम नाइजर की बात करें। नाइजर की सीमाएं नाईजीरिया के साथ छह अन्य देशों देशों, माली, अल्जीरिया, लीबिया, चाड, बेनिन और बुर्किना फासो से मिलती हैं। तो अफ्रीकी यूनियन और पश्चिम अफ्रीकी राज्य के आर्थिक समुदाय आयोग यानी एउडहअर ने भी अमेरिका की तरह इस पर तत्काल प्रतिक्रिया दी है। इस संगठन के अध्यक्ष और नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला टीनूबू के मुताबिक, संगठन नाइजर की सरकार को हटाने के किसी भी प्रयास का विरोध करेगा। बोला टीनूबू इसी महीने एउडहअर के अध्यक्ष चुने गये हैं।

नाइजर न्यूज एजेंसी के मुताबिक राष्ट्रपति बजौम को विद्रोही ताकतों ने महल में कैद कर लिया है। तख्ता पलट करने वालों के नेता कर्नल-मेजर अमादौ अब्द्रमाने हैं और उनके साथ के नौ वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने खुद को सुरक्षा राष्ट्रीय परिषद कहा है। सूचना के मुताबिक, राष्ट्रपति की सुरक्षा में लगे कुलीन गार्ड ने भी विद्रोह कर दिया और बजौम को उनके आधिकारिक आवास से हिरासत में ले लिया। इसके पहले राष्ट्रपति ने अपने सुरक्षा गार्ड के विद्रोही प्रदर्शन में शामिल होने की जानकारी दी थी।बहरहाल, नाइजर पर काबिज कर्नल-मेजर अमादौ अब्द्रमाने के आदेश से देश की सीमाएं सील कर दी गई हैं। वहां देश भर में कर्फ्यू लागू है। देश के सभी संस्थान फिलहाल प्रतिबंधों में हैं। देश से बाहर जाने और आने वालों पर भी प्रतिबंध है। कर्नल अब्द्रमाने की दलील है कि उन्हें ऐसा सुरक्षा में हो रही लगातार गिरावट, खराब सामाजिक और आर्थिक प्रबंधन के कारण करना पड़ा है। अभी इस घटना के पूरे वृतांत का इंतजार करना पड़ेगा।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में पूर्व डीसी माधवी मिश्रा को दी गई विदाई




**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को पूर्व उपायुक्त माधवी मिश्रा को दी गई विदाई। स्काउट टीम ने अतिथियों का स्वागत बैंड बाजे के साथ किया । पूर्व उपायुक्त को गुरुद्वारा प्रधान सरदार परामदीप सिंह कालरा, गुरु नानक पब्लिक स्कूल अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोरा ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी रामगढ़ के उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल ,सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा , स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली तथा मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी उपस्थित थे।

## मुखिया ने डीसी का किया स्वागत



**रजरप्पा ।** रामगढ़ जिले के नव पदस्थापित उपायुक्त चंदन कुमार से बड़कीपोना पंचायत के मुखिया अरविंद कुमार सिंह ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान मुखिया ने उपायुक्त का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। मुखिया ने पोना पर्वत धाम को विकसित कराने समेत कई मुद्दों पर उनके साथ चर्चा की। जिसपर उपायुक्त ने पहल करने की बात कही। मौके पर समाजसेवी निर्मल कुमार, शोभा मुंडा एवं सदानंद रविदास मौजूद थे।

## परवरिश में मना हेपेटाइटिस दिवस



**कुजू।** कुंदिरया बांध स्थित परवरिश एजुकेयर स्कूल में शुक्रवार को विश्व हेपेटाइटिस दिवस मना। प्राचार्या नेहा राज बनर्जी निदेशक शैलेन्द्र कुमार, प्रबंध निदेशक विकास कुमार सिंह ने हेपेटाइटिस के खिलाफ लड़ाई में व्यक्तियों, समुदायों और सरकारों को एकजुट करने के लिए एक वैश्विक मंच के रूप में कार्य करता है। इस वर्ष, परवरिश एडुकेयर स्कूल कुजू ने निवारक उपायों और नियमित जांच के महत्व पर जोर देते हुए अपने छात्रों और शिक्षकों को बीमारी के बारे में शिक्षित करने की पहल की। उन्होनें स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने और अपने छात्रों के बीच देखभाल और जिम्मेदारी की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला गया।

## सभी कमेटी का होगा गठन : बेदिया




**उरीमारी (रामगढ़)।** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय कमेटी ने हजारीबाग जिला कमेटी को भंग कर नई कमेटी गठन को ले सात संयोजक मंडली का गठन किया है। साथ ही संयोजक मंडली को कार्यकर्ताओं से राय-विचार कर 30 दिनों के अंदर कमेटी गठन का निर्देश दिया था। इसी कड़ी में गुरुवार को संयोजक मंडली की बैठक हजारीबाग परिसदन में हुई। इसमें मंडली के मुख्य संयोजक झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया मुख्य रूप से मौजूद थे। मौके पर संजीव बेदिया ने कहा की जिला कमेटी के गठन से पूर्व पंचायत व प्रखंड कमेटी का गठन किया जाएगा। साथ ही केंद्रीय कमेटी के निदेर्शानुसार समय से पूर्व जिला कमेटी का भी गठन कर इसकी सूची केंद्रीय कमेटी को भेजी जायेगी। निर्णय मंडली में संयोजक मंडली के कमल नारायण सिंह, राम किशोर मुर्मू, सोनाराम मांझी, नीलकंठ महतो, टेको चंद महतो, इजहार अंसारी, मौजूद थे। मौके पर संजय सिंह, नईम राही, निसार अहमद, जलेश्वर महतो, बलकुमार महतो, दीपक गुप्ता, मनोहर राम, सुमेर बेसरा, उमेश प्रसाद, मो. मोनू आदि मौजूद थें।

## आदिवासी गांवों में बनेगा मांझी हाउस

**उरीमारी (रामगढ़)।** जोजो टोला स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में संथाल समाज दिशोम मांझी परगना बड़कागांव प्रखण्ड कमेटी की बैठक हुई। बैठक में 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाने को लेकर तैयारियों पर चर्चा की गई। निर्णय हुआ की गिद्दी सी आफिसर क्लब में विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाएगा। कहा गया की प्रत्येक आदिवासी गांव में मांझी हाउस, सरना घेराबंदी (पूजा स्थल), धुमकुड़िया एवं कला-संस्कृति भवन बनाने को ले सूची बनाकर संथाल समाज दिशोम मांझी परगना केन्द्रीय समिति को सौंपी जाएगी। साथ ही बड़कागांव प्रखंड के पोटंगा पंचायत का 30 जुलाई, गरस्सुल्ला पंचायत का 2 अगस्त, गोन्दलपुरा का 4 अगस्त व आंगो पंचायत का 6 अगस्त को कमेटी गठित की जाएगी। इसके अलावे प्रखण्ड कमेटी में जिस गांव से सदस्य को नही जोड़ा गया है उन्हें जोड़ा जाएगा। मौके पर सूरज बेसरा, मोहन सोरेन, बिश्राम सोरेन, संजय कुमार टुडू, बिनोद हेम्ब्रोम, सन्नी सोरेन, गणेश सोरेन, बिनोद बेसरा, उदन सोरेन, राजेन्द्र सोरेन, पोटंगा उप मुखिया रविन्द्र सोरेन, सुकर मांझी, बिरसा हेम्ब्रोम, पप्पू लाल मांझी, भुनेश्वर मांझी, भीखु मांझी आदि मौजूद थे।

# हजारीबाग में चोरी व छिनतई से लोग हलकान

### अजय गुप्ता के घर से 15 लाख के जेवरात और दस हजार कैश की चोरी

**सोनू केशरी**

**हजारीबाग।** जिले में चोरी व छिनतई की घटनाए लगातार बढ़ रही है। हर दिन किसी न किसी दुकान व मकान में चोरी की घटनाओं से लोगों की नींद उड़ गयी है। इसी क्रम में गुरूवार शाम को एक के बाद एक तीन घटनायें प्रकाश में आयी है।

पहली घटना में एक दम्पति के घर से 15 लाख के जेवर चोर ले उड़े। सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत बंसीलाल चौक निवासी प्रतिमा देवी पति अजय कुमार गुप्ता की 30 साल की जमा पूंजी के 15लाख के जेवरात और दस हजार कैश चोर ले उड़े।

भुक्तभोगी महिला ने बताया कि करीब 6.15 बजे कुछ सामान लेने बाजार गयी थी। 7.30 बजे बाद घर लौटी तो देखा की गोदरेज का लॉक खुला पड़ा है और उस लॉक से जेवरात गायब हैं।महिला का रो-रोकर बुरा हाल है। भुक्तभोगी की महिला के पति एक्साइज विभाग के सिपाही कुमार गुप्ता सेवा निवृत्त हैं। भुक्तभोगी महिला का कहना है कि मेरी शादी की जेवरात समेत सालों भर की पूंजी खत्म हो गयी।

**एक दिन में तीन वारदातों को चोरों ने दिया अंजाम**

दूसरी घटना कानी बाजार स्थित कांग्रेसी नेता कृष्णा कुमार के घर में घटी। उनके घर से तीन नाबालिक बच्चे चोरी के सामानों के साथ पकड़े गए। जिन्हें फिलहाल सदर थाना पुलिस को सौंप दी गई है। वहीं पूछताछ जारी है।

तीसरी घटना एक नाबालिक के साथ घटी है। जहा बाइक सवार चोर उसके हाथ से मोबाइल छीनकर फरार हो गए। इस मामले पर युवक ने कहा कि जब वो रसूलीगंज से अपनी दूकान गुप्ता स्टोर की और जा रहा था उसी दौरान एक बाइक से आये दो चोर उसके हाथ से मोबाइल छीनकर बड़कागांव की और फरार हो गए।



# पतरातू में पांडे गिरोह के दो अपराधी गिरफ्तार

## तीन देसी पिस्तौल और पांच जिंदा गोली बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** जिला पुलिस ने छापेमारी कर पांडे गिरोह के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से तीन देसी पिस्तौल, पांच जिंदा गोली, हत्याकांड में प्रयुक्त मोटरसाइकिल आदि बरामद किया है। यह जानकारी रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस में दी।

उन्होंने बताया कि गुरुवार की रात पुलिस को सूचना मिली कि पतरातू थाना क्षेत्र के पतरातू बस्ती स्थित एक पेड़ के पास अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। पुलिस ने उस स्थान से विकास कुमार सिंह उर्फ विकी सिंह को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक देसी पिस्तौल, पांच जिंदा गोली से भरा मैगजीन मौजूद थे। उसकी निशानदेही पर विजय नगर स्थित एक घर से दो देसी पिस्तौल, चार मैगजीन बरामद किया गया। विकास की निशानदेही पर पुलिस ने रसदा गांव में छापेमारी की और कपिल कुमार को गिरफ्तार किया। उसके पास से बरामद बाइक आर-15 जेएच 01 डीपी 6721 को जब्त किया गया।

एसपी पीयूष पांडे ने बताया कि मोटरसाइकिल आर-15 जेएच 01 डीपी 6721 दो वारदातों में इस्तेमाल की गई है। पहली बार हरदेव कंस्ट्रक्शन के साइट पर गोलीबारी करने के लिए उस बाइक को अपराधी लेकर गए थे।

दूसरी बार बितका बावरी की हत्याकांड में भी उसी बाइक का प्रयोग हुआ था। एसपी ने बताया कि पकड़े गये अभियुक्त का संबंध पांडेय गिरोह से है। छापेमारी दल में पतरातू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डॉ विरेंद्र चौधरी, पतरातू थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह, बरकाकाना ओपी प्रभारी शशि प्रकाश, बासल थाना प्रभारी अमर शुक्ला, पुअनि बरकाकाना ओपी अफजल अंसारी, पुअनि चेतन कुमार सिंह सशस्त्र बल शामिल थे।





## आजसू ने लगाया जनसमस्या शिविर



बासल (रामगढ़)। आजसू पार्टी पतरातू प्रखंड कमेटी के तत्वावधान में शुक्रवार को पतरातू प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में मुख्यालय दिवस पर जनसमस्या निवारण शिविर लगाया गया। शिविर में कई ग्रामीणों की समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया। साथ ही कुछ समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभाग को सूचित किया गया। मौके पर पार्टी के प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा ने बताया कि उक्त शिविर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी के केंदीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी की सोच है की किसी भी ग्रामीण को अपने कार्य के लिए परेशान न होना पड़े। इसके लिए उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं को सजग रहने का निर्देश भी दिया है। मौके पर बीरेंद्र झा,राजू कुमार, अशोक पाठक, विक्रांत साहू, कौलेश्वर महतो, पंचम मुंडा, राजेश पटेल, लक्ष्मीकांत महतो, पंकज कुमार, वरीय नेता मनोज राम, जिला सह सचिव अजय रवि, फूलचंद महतो, राज नायक, राहुल प्रसाद, रंजीत तिवारी और जितेंद्र वर्मा उपस्थित थे।

# चिंतपुरनी स्टील ने दर्जनों ग्रामीणों को रोजगार दिया : शमशेर आलम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चरही।** चिंतपुरनी स्टील की स्थापना 2005 में होने के बाद चुरचू प्रखंड के लगभग 2000 ग्रामीणों को प्रत्यक्ष एवं दर्जनों ग्रामीणों को अप्रत्यक्ष तौर पर रोजगार मिला है । प्लांट की वजह से पलायन में काफी कमी भी हुई है । कंपनी से ग्रामीणों की हितों की रक्षा के लिए ग्राम संघर्ष समिति का गठन किया गया है। जिसमें इंद्रा पंचायत के कई ग्रामीण शामिल है।ग्राम संघर्ष समिति लोकहित के लिए एवं क्षेत्र की जन समस्याओं के समाधान के लिए समय-समय पर कंपनी के प्रबंधन और कमेटी के साथ बैठक की जाती है । पर्यावरण के हितों की रक्षा के लिए पूर्व में कंपनी का विरोध किया गया था। कंपनी के प्रबंधक से मिलकर कई बार इन विषयों पर चर्चा हुई और इसके निराकरण के लिए पहल भी हुई। करोड़ों की लागत से वायु प्रदूषण को रोकने के लिए एयर पोलूशन कंट्रोल डिवाइस लगाया गया है।कंपनी टैंकर के माध्यम से 15 माइल और आस-पास के क्षेत्रों में पानी का छिड़काव लगातार की जा रही है । ग्राम संघर्ष समिति एवम चिंतपुरनी स्टील के प्रबंधन समिति के सहयोग से गांव के बच्चों के लिए हाई स्कूल का निर्माण इंद्रा पंचायत में किया जा रहा है। यदि कुछ लोगों को प्लांट के कार्य में समस्या दिख रही है तो ग्राम संघर्ष समिति एवं प्रबंधन समिति के साथ बैठकर समस्याओं के निराकरण पर चर्चा करनी चाहिए। झारखंड खनिज संपदा से भरा हुआ राज्य है। यहां लगभग हर जिले में 2-4 स्टील प्लांट लगा हुआ है।स्टील प्लांट का विरोध होना भी आम बात है। टाटा, सेल, जिंदल,अभिजीत स्टील आदि जैसे हजारों करोड़ की सरकारी एवं गैर सरकारी कंपनियों के खिलाफ भी विरोध प्रदर्शन होता है । यदि कंपनी नियमों के विरुद्ध काम करें तो इसका विरोध होना चाहिए। लेकिन कंपनी के प्रबंधन समिति के साथ बैठकर समस्याओं पर चर्चा कर उसका निराकरण करना चाहिए।

## कॉमरेड चारु मजुमदार का मना शहादत दिवस

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भाकपा माले पार्टी के संस्थापक कॉमरेड चारु मजुमदार का शुक्रवार को 51वां शहादत दिवस हुरूमगढ़ा ब्रांच में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत झंडा फहरा कर की गई। इसके बाद चारु मजुमदार के तस्वीर पर पुष्प अर्पित एवं माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर नरेश बड़ाईक ने कहा कि सन् 1970 के शुरुआती वर्षों में भीषण दमन और जमींदारों के खिलाफ संघर्ष करते हुए देश के कमजोर, दलित, हरिजन, आदिबासी व पिछडो के पक्ष मे खड़ा होकर पुरे देश मे आंदोलन खड़ा किया। उन्होंने कहा कि आज भाकपा माले पुरे देश में फैल गई है। रांची के दलादली चौक में अपराधियों द्वारा सीपीआईएम नेता सुभाष मुंडा के कातिलों को प्रशासन अविलम्ब गिरफ्तार करे। सरयू मुंडा ने उनके बताए मार्ग पर चलने आहवान किया।

## ट्रेलर की चपेट में आने से एक ही परिवार के तीन लोग घायल



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बासल थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रेलर के चपेट में आने से डाइवर सहित एक ही परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को रामगढ़ की ओर से तेज रफ्तार से आ रही टेलर नंबर ओडी 02 एक्स 5529 लबगा स्थित प्रभु साव की घर में बने चहारदीवारी को तोड़ टेलर घर के पास खड़ी वेगेनार कार को टक्कर मारते हुए पेड़ से जा टकराई। इस दुर्घटना में ड्राइवर सहित लबगा निवासी 52 वर्षीय प्रभु साव, 22 वर्षीय पुत्र सतीश साव व डेढ़ वर्षीय पोती कोमल बुरी तरह घायल हो गई। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों व पुलिस के मदद से घायलों को इलाज के लिए पतरातू सीएचसी भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। बताया जाता है कि उक्त घटना ब्रेक फेल होने के कारण घटी है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है।

# यूसीडब्ल्यू का कन्वेंशन 31 जुलाई को

**17 सूत्री मांगों को ले 10 अगस्त को राज्यपाल के समक्ष धरना**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** यूनियन कार्यालय में शुक्रवार को यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन भुरकुंडा कोलियरी शाखा की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष सह केंद्रीय सचिव एवं जेसीएससी सदस्य नरेश मंडल ने की। बैठक में मुख्य रूप से शाखा सचिव लखेन्द्र राय, सहायक सचिव सह सीसीएल सुरक्षा समिति सदस्य विकास कुमार, केंद्रीय कार्यकारणी सदस्य अनुज कुमार उपस्थित थे। बैठक में वर्ष 2023 की सदस्यता बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही इस बार 600 से अधिक सदस्यता बढ़ाने का सामुहिक निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से केंद्रीय ट्रेड यूनियन के लिए गए निर्णय अनुसार के केंद्र सरकार और मोदी सरकार के श्रमिक विरोधी नीतियों के खिलाफ 17 सूत्री मांगों को ले 31 जुलाई को रामगढ़ में होने वाले संयुक्त कन्वेंशन में भाग लेने और 10 अगस्त को रांची में राज्यपाल के समक्ष महापड़ाव में भाग लेने का भी निर्णय हुआ। साथ ही भुरकुंडा से पूरी ताकत के साथ उक्त आंदोलन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में साथियों को भाग लेने पर सहमति जताई गई। मौके पर नरेश मंडल ने कहा कि एटक मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए सदैव समर्पित है। उन्होंने कहा कि यूनियन के लिए मजदूरों का हित सर्वोपरि है, इससे कोई समझौता नहीं किया जा सकता। बैठक में भुरकुंडा कोलियरी शाखा का सम्मेलन सावन माह के बाद करने का निर्णय लिया गया है। मौके पर अशोक राम, प्रेम सिह, मनोज झा, पंकज सिन्हा, चन्द्रदेव कुमार, रंजीत कुमार, आलोक पुरखत, संतोष कुमार, सुनील सिह, विजय यादव, जोगेंद ठाकुर, मंजूर, परदेशी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## एला एंग्लाइज विद्यालय में स्काउट गाइड पर कार्यशाला

**भदानीनगर (रामगढ़)।**भदानीनगर (रामगढ़)। बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित ए ला एंग्लाइज सीनियर सेकंडरी विद्यालय में भारत स्काउट गाइड के तत्वधान में शुक्रवार को प्रवेश कैंप का आयोजन हुआ। जिसमें सैकड़ों बच्चों ने भाग लेकर जीवन कुशलता के अनेक गुण सिखें।

पांच दिवसीय स्काउट एंड गाइड कार्यशाला में बतौर मुख्य प्रशिक्षक डिस्टिक अर्गेनाइजिंग कमिश्नर सूरज कुमार उपस्थित थे। उन्होंने बच्चों को जनरल सेल्यूट, जनरल पिरामिड, स्पेशल पिरामिड और बेहतरीन क्लैपिंग सिखाया।

एक नजर में

## मुहर्रम को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



बरही। मुहर्रम को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा शहरी क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया।बरही के चारों सड़कों से पुलिस के जवान व अधिकारी पैदल मार्च किया। अनुमंडल पदाधिकारी पूनम कुजुर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नाजिर अख्तर के नेतृत्व में फ्लैग मार्च की शुरूआत थाना परिसर से हुई। इस दौरान पुलिस जवानों को सख्त निर्देश दिया गया कि फ्लैग मार्च में अनुशासन दिखना चाहिए। उन्होंने बताया कि त्योहार आपसी सौहार्दपूर्ण व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का एक रिवाज है।मौके पर एसडीपीओ नाजिर अख्तर ने कहा कि मुहर्रम को लेकर पुलिस प्रशासन की तैयारी पूरी है। इस दौरान सीओ अरविन्द देवाशीष टोप्पो, पुनि सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह समेत दर्जनों पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## शांतिपूर्वक मनाएं मुहर्रम : राजसिंह चौहान



**बरही।** पुलिस मित्र सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान ने सभी धर्म के लोगों से मुहर्रम पर्व को शांति पूर्ण तरीके से मनाने की अपील करते हुए कहा की मुहर्रम पर्व में हिंदू मुस्लिम एकता का झलक देखने को मिलता है।यह पर्व मुस्लिम धर्मावलम्बियों के अलावे हिंदू भाइयों द्वारा भी सहयोग किया जाता है, क्षेत्र में ऐसे कई गांव है जहां मुस्लिम भाइयों की आबादी एक भी नही है लेकिन वहा भी ताजिया उठाया जाता है। मुहर्रम पर्व मनाया जाता है। यह एकता हमारे पूर्वजों की धरोहर है, जिसे हमें आगे तक ले जाना है और यही सीख हमे अपने भावी पीढ़ी को भी सिखाना है, जिससे हमारा देश अनेकताओ में भी एकता का प्रमाण देता रहे। उन्होंने कहा कि बरही में गंगा यमुनी की तहजीब से रहते आये है।जिसमे हिन्दू व मुस्लिम धर्मावलंबी आपसी भाईचारे के साथ पर्व में सहयोग करने की परिपाटी रही है। विधि व्यवस्था की बात करे तो बरही प्रशासनिक व्यवस्था के साथ कदम से कदम मिला कर वह और उनकी सद्भावना की टीम पूरी मुस्तैदी से लोगों की सुरक्षा के लिए खड़े रहेंगे।

## विद्या भारती केंद्रीय कार्यालय के लिए मिला 51000

हजारीबाग। विद्या भारती अखिल भारतीय केंद्रीय कार्यालय के भवन निर्माण कार्य के लिए 51000 रुपए का सहयोग सतीश चंद्र अग्रवाल एवं उनकी धर्मपत्नी चन्द्रावती अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर विद्या भारती उत्तर पूर्व क्षेत्र के संगठन मंत्री ख्यालीराम, प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी,पूर्व छात्र के क्षेत्रीय प्रमुख आलोक तिवारी,पूर्व छात्र के प्रांत प्रमुख अरूण कुमार मिश्र ,सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हार टोली के सचिव संजय उपाध्याय,प्राचार्य दिनेश कुमार मिश्र,आचार्य प्रभात सिन्हा की गरिमामयी उपस्थित रही। संगठन मंत्री ने कहा कि अपना काम समाज आधारित है, हमसब आप के सहयोग की सराहना करते है। प्रदेश सचिव ने इस प्रकार के सहयोग के लिए अनुकरणीय पहल का आह्वान किया।

## टाटीझरिया में धोती, साड़ी और लुंगी वितरित



**टाटीझरिया ।** झरपो पंचायत के विजय प्रकाश मेहता के जन वितरण प्रणाली दुकान में सोना सोबरन योजना के तहत लाभुकों के बिच साड़ी धोती लुंगी का वितरण झरपो मुखिया सह 20 सूत्री अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी, टाटीझरिया उपप्रमुख रवि कुमार वनार्वाल,सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल के हाथों किया गया। लाभुकों में मंजू देवी, बबलू कुमार, जाटो महतो, सोनी देवी, परवा देवी, तारा देवी, यशोदा देवी, बुधनी देवी, पार्वती देवी, समेत कई लाभुक मौजूद थे। योजना के तहत लाभांवित होकर लाभुकों में खुशी देखा जा रहा था।

## चरही उच्च विद्यालय में बाल सांसद गठित

**चरही।** चरही उच्च विद्यालय में बाल सांसद के गठन को लेकर बैठक हुई। प्रधानमंत्री हीना कुमारी, उप प्रधानमंत्री सुमित कुमार सिंह, स्वास्थ्य मंत्री राखी कुमारी,उप स्वास्थ्य मंत्री सुहाना प्रवीण,स्वच्छता मंत्री सफत परवीन,उप स्वच्छता मंत्री सुहाना प्रवीण, सुरक्षा एवं नया मंत्री कैला हसदा,उपमंत्री सुशीला मुर्म, उपस्थिति मंत्री सायना प्रवीण,उप मंत्री मुस्कान प्रवीण,शिक्षा मंत्री अनन्या कुमारी,उप मंत्री नेहा प्रवीण,कौशल विकास मंत्री आरजू प्रवीण, उप मंत्री अभिषेक कुमार,पर्यावरण मंत्री जीवन कुमार, उप मंत्री डॉली कुमारी,खेलकूद एवं सांस्कृतिक मंत्री रंजीत कुमार महतो,उप मंत्री खतीजन प्रवीण, सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री रितेश कुमार,उप मंत्री नाजरा प्रवीण,पोषण मंत्री जासमीन प्रवीण,उप मंत्री अमित कुमार,अध्यक्ष साहिन प्रवीण और उपाध्यक्ष अंकित कुमार को चयन किया गया।मौके पर विद्यालय सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## बाइक पुल के नीचे गिरी एक की मौत, एक घायल

**दारू।** मेरु पेट्रोल पंप के पास गुरुवार शाम एक बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गयी, जिसमें बाइक में सवार एक युवक की मौत हो गयी जबकि दूसरा युवक घायल हो गए। जानकारी के अनुसार लाल रंग की अपाची बाइक में सवार होकर दो युवक हजारीबाग से बिष्णुगढ़ की ओर जा रहे थे तभी मेरु पेट्रोल पंप के पहले बाइक अनियंत्रित होकर पुल के नीचे गिर गई। इस दुर्घटना में दोनों युवक बुरी तरह घायल हो गए। घायल युवक बिष्णुगढ़ करोंज मोड़ के निवासी तुलसी कुमार एवं चंदन कुमार है इसमें चन्दन कुमार उम्र 30 वर्ष की मौत अस्पताल ले जाने के क्रम में हो गयी।

## वित्त रहित शिक्षा नीति के विरोध में पुतला फूंका

**दारू।** वित्त रहित संयुक्त मोर्चा संघ के अव्हावन पर बीडीजेजे इंटर महाविद्यालय, हरली,हजारीबाग में राज्य सरकार का वित्त रहित स्कूल व कॉलेजों के प्रति उदासीन रवैया के खिलाफ में वित्त रहित शिक्षा नीति का पुतला दहन शुक्रवार को किया। शिक्षक प्रतिनिधि बसंत नारायण ने कहा कि आज राज्यभर में वित्त रहित स्कूल व महविद्यालय के करीब 10000इसे अधिक स्टाफ भूखे पेट रहकर अपने परिवार के सदस्यों की खुशी को नजर अंदाज कर पठन पाठन का कार्य 30 से अधिक वर्षों से करते आ रहे है।परन्तु सरकार के द्वारा निष्क्रिय रवैया रहा है।इसी को लेकर हमलोग हमेशा से आंदोलन करते आ रहे है। संघ ने निर्णय लिया है कि आंदोलन को तेज करने हेतु 31 जुलाई को पूरे राज्य में वित रहित संस्थानों में शैक्षणिक हड़ताल रहेगा। 02 अगस्त को विधानसभा के सामने महाधरना है। मौके पर डॉ अनुग्रह नारायण शर्मा, ओम प्रकाश, दिलचंद शर्मा, सुनीता कुमारी ,शशिशेखर मिश्र , बिपेंद्र प्रकाश, खेमलाल यादव, सुदर्शन प्रसाद, कृष्ण कांत रवि, विशेश्वर प्रसाद सहित कई लोग उपस्थित थे।

## डीडीसी ने बुनकर भवन का किया निरीक्षण

**चरही** ।शुक्रवार को बहेरा पंचायत के कजरी टोला भुरकुंडा में मार्शल प्राथमिक बुनकर सहयोग समिति लिमिटेड के भवन को हजारीबाग उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित ने औचक निरीक्षण किया। साथ ही डीएमएफडी मद से भवन मरम्मती के चल रहे कार्य का भी जायजा लिया।डीडीसी ने कहा कि बुनकर समिति को जिला प्रशासन के द्वारा हर संभव मदद मिलेगी। बुनकर भवन के सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवॉल निर्माण कराने की बात कही।बुनकर सहयोग समिति लिमिटेड के प्रबंधक सह संचालक सुरेश मुर्मू ने बताया कि डीएमएफडी मद से तीन महीनों के लिए लूप धागा बनाने का कार्य दिया गया है। जिससे साड़ी,शर्ट के कपड़े और उलशॉल को तैयार किए जायेंगे। तैयार किए गए उत्पाद को जिला प्रशासन के द्वारा ऑनलाइन मार्केटिंग से जोड़ा जाएगा।

# हिमालय का क्रोध, प्रकृति का कोप



## यह प्राकृतिक आपदा हमारे कृत्य का प्रमाण

**पहाड़ों** में ऐसा विकास न हो जो हिमालय की अस्मिता से खिलवाड़ करे। इसे अध्यात्म का गढ़ बना रहने दें- एक स्प्रीचुअल सेंटर। कुछ अन्य धर्मों के उदाहरण लें। मक्का अपने मूल स्वरूप में विकास की आधुनिक गतिविधियों से मुक्त है। वेटिकन सिटी का स्वतंत्र अस्तित्व है। हिमालय के एक भाग को आध्यात्मिक क्षेत्र घोषित करें। ताकि आध्यात्मिक व धार्मिक स्थलों की पवित्रता बनी रहे। शुचिता को बढ़ाने के लिये पुण्य जीवन शैली में संवृद्धि करें। आज कोई व्यक्ति पहाड़ों में ध्यान कैसे करे। ऊपर कोई ध्यान कर रहा है नीचे कोई शराब पीकर गाड़ी में तेज म्यूजिक बजा रहा है। चंचल मन प्रभावित होता ही है।

### अलग आध्यात्मिक क्षेत्र बने

हमें विचार करना है कि देवभूमि की अस्मिता को नुकसान पहुंचाए बिना ही पर्यटन चल सके। वैसे तो पूरा हिमालयी क्षेत्र ही आध्यात्मिक स्थल है लेकिन कुछ इलाका आध्यात्मिक गतिविधियों के लिये संरक्षित किया जाये। ताकि जो आध्यात्मिक साधक साधना के लिये जा रहे हैं उनकी साधना बाधित न हो। पहले ही भारत-चीन बॉर्डर पर कई बंदिशें लगी हैं, ऋषि-मुनि व साधक पूरे हिमालय क्षेत्र में नहीं जा पाते हैं। निजी साधना के लिये हिमालयी पर्वत श्रृंखला में जगह होनी चाहिए। सरकार को नीति बनानी चाहिए। साधना के लिये एकांत चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी केदारनाथ यात्रा के दौरान एकांत में एक गुफा को चुना था। नीति-नियंता इस पहलू पर जरूर विचार करें। नहीं तो धर्म व अध्यात्म सिर्फ फोटो व सोशल मीडिया तक सीमित होकर रह जायेगा। कलि की चाल में सिर्फ ये नकली अध्यात्म रह जायेगा। सरकार को पहाड़ों की संवेदनशीलता के अनुसार पर्यटन के लिये जाने वाले वाहनों को नियंत्रित करना होगा। पर्यटन के नाम पर कारों का बोझ बढ़ रहा है। यातायात नियंत्रित होना चाहिए। पीक सीजन में शिमला के लिये कई-कई किलोमीटर वाहनों का जाम लग जाता है। पहाड़ों में खुली-खुली पार्किंग की सुविधा नहीं है।

सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा मिले। अच्छी वाहन योजना के जरिये सीमित वाहनों की स्थिति बनायी जा सकती है। हिमालय में देने वाली शक्ति है, वो जगह देंगे। वे एक तरह से जीवंत देवता हैं तो वे स्थान भी देंगें। दरअसल पहाड़ शक्ति के स्त्रोत हैं। घटोत्कच का उदाहरण लें, श्रीकृष्ण ने उन्हें कौरवों के खिलाफ युद्ध में मुख्य सेनापति शक्तिशाली होने के कारण ही बनाया। उनका स्थान मनाली के पास था। हमें देवभूमि में अध्यात्म के लिये जगह बनानी है। ये दिव्य स्थान है, जिसकी पवित्रता की जिम्मेदारी हमारी है।

# देवभूमि से न आये प्राकृतिक विपदा के संदेश

सुधांशु कुमार

**आस्था** और श्रद्धा की स्थली हिमाचल में जल-विलप्व ने देश-दुनिया को विचलित किया। आध्यात्मिक साधना की धरा में कुदरत के रौद्र के मायने तलाशे जा रहे हैं। जब अतिवृष्टि, बादल फटने, बाढ़, भूस्खलन की खबरें शेष देश को भयभीत कर रही थी, उस दौरान योग व आध्यात्मिक गुरु हिमालय सिद्ध अक्षर देवभूमि के साधना स्थलों, आध्यात्मिक ऊर्जा केंद्रों व अन्य दुर्गम इलाकों में भारत, ब्रिटेन, कैरिबियन देशों व रूस के साधकों के साथ साधनारत थे। ऐसे इलाके में जिनसे आम लोग अनभिज्ञ हैं। वे इस घटनाक्रम को प्रकृति के परिवर्तन की प्रक्रिया मानते हैं। लेकिन कहते हैं कि देवभूमि से भोग के पर्यटन में तब्दील होते हिमाचल में आध्यात्मिक साधना के लिये स्पेस सुरक्षित रखने की जरूरत है। प्रकृति से सामंजस्य रखने वाली जीवन शैली की जरूरत है। हिमालय पर्वत श्रृंखलाओं में साधना से लौटते हुए हिमालय सिद्ध अक्षर ने चंडीगढ़ में बातचीत के दौरान अरुण नैथानी को देवभूमि के मायने, विकास की विद्रूपता और इसके अतीत, वर्तमान व भविष्य के बारे में बताया।

हिमालय बार-बार बुलाता है। इससे आध्यात्मिक प्रेम का संबंध है। एक विशिष्ट उद्देश्य नजर आता है। जिसके लिये हम संत-साधक बने हैं। जो जीने का तरीका सीखा है। सच कहें तो आत्मा को भी संतुष्टि मिलती है। गुरुओं की आज्ञा भी है। आज दुनिया भर से साधक हिमालय की ओर आ रहे हैं। सदियों से यहां ऋषि-मुनियों ने मानव कल्याण का आध्यात्मिक-धार्मिक साहित्य रचा। एक आध्यात्मिक यात्रा में हम तामसिक प्रवृत्तियों से पूरी तरह मुक्त होकर पुण्यकर्म में रत रहते हैं। ऐसी स्थिति बनी रहे। हिमालय में दुर्गम इलाकों में साधना के दौरान हम आधुनिक सभ्यता के आडंबरों से मुक्त होते हैं। वहां मोबाइल नहीं होता। कोई दूसरा बाधक विचार भी नहीं आता। संदेश यही कि पुण्य शक्ति कैसे जीवन में आत्मसात करें। एक मायने में जीवन का शुद्धीकरण है। हम अध्यात्म की गतिविधियां आगे बढ़ाते हैं। निस्संदेह, अध्यात्म से मनुष्य जीवन को पूर्णता मिलती है। हिमालय के आंचल में क्या-क्या नहीं है। हर बार हिमालय नया नजर आता है। हर बार नया संदेश है। नये साधकों के साथ नित बड़ी विचित्र घटनाएं घटती हैं। अब चाहे दिन में चल रहे हों या फिर रात को सपने में हों।

### ईश्वरीय सत्ता का व संवाद का माध्यम है हिमालय

वास्तव में हिमालय नाराज नहीं। प्रकृति का तो नियम ही निरंतर बदलना है। सामान्यतः दो तरह के जीवन हो सकते हैं। एक प्रकृति का जीवन है। दूसरा प्रकृति को विकास के नाम पर डिस्टर्ब करने वाला। विगत में प्रकृति से साम्य के रूप में हिमालय के प्रति जो श्रद्धा रही है उसने परिवेश से आत्मीय संबंध स्थापित किया। पर्वत नाराज नहीं होते भक्तों व बच्चों से। उन्हें कष्ट नहीं देंगे। लेकिन क्या करें हमारी करनी ऐसी है। हमारे कर्म ऐसे हैं कि विकास के नाम पर पाप हो रहा है। कुल्लू-मनाली को देखिए, धारणा बन गई है जो होगा वो विकास से होगा। ये भ्रमित विचार है। हमने प्रण लिया है कि जब भी पहाड़ पर आएं, देवी-देवताओं के स्थान के रूप में इसकी गरिमा का ख्याल रखेंगे। हम पहाड़ों जैसी दूसरी जगह बना नहीं सकते। ये पहाड़-पेड़ और झरने कुदरत का श्रृंगार है।

कुदरत साक्षात विराजमान है। डिजास्टर एक मायने में प्रकृति के बदलाव की प्रक्रिया है। ऊपर का पहाड़ जायेगा, तो नीचे का दिखेगा। नया पहाड़ दिखेगा। लेकिन विकास के नाम पर छेड़छाड़ से कष्ट होगा। फिर हम दोनों तरह का जीवन न जी पाएंगे- न भौतिक और न ही आध्यात्मिक।

निस्संदेह, हिमालय आस्था और दैवीय शक्तियों से संवाद की स्थली है। हिमालय की पर्वत श्रृंखलाओं में तमाम साधु-संत और शंकराचार्य आए। विडंबना देखिये कि नई पीढ़ी भोग लिये जा रही है। शराब पीकर हुड़दंग करने के लिये। उच्छृंखल होकर अराजक व्यवहार करती है। आखिर इस भोगवादी अराजकता पर कैसे अंकुश लगे। विडंबना यह है कि हिमालय की अस्मिता से खिलवाड़ पर सत्ता व समाज मौन है।

आम धारणा है कि हिमाचल में जो मौसम के रौद्र से बादल फटने, बाढ़ व भूस्खलन की घटनाएं हुई वे ग्लोबल वार्मिंग का असर हैं। सवाल किया जाता है कि ये कैसे रुकेगा। वैसे हमें रोकने के बारे में सोचना नहीं चाहिए। मनुष्य इतना बड़ा कभी नहीं हो सकता कि हिमालय जैसी शक्ति को रोक सके। हिमालय के सामने इंसान की उपस्थिति चींटी जैसी है। हम इसे जीत लेंगे, यह गलत विचार है। एक बाप अपने बच्चे को कंधे पर बैठाकर खुश होता है। ऐसे ही हिमालय भी आनन्दित होता। यह अहंकार भाव पैदा करना कि हमने हिमालय जीत लिया, मुश्किल पैदा करेगा। हिमालय हमारे पिता तुल्य हैं। यह टकसाली सत्य है कि हिमालय की प्रकृति बदलेगी। उसके कुछ पत्थर सरकेंगे। यदि वहां रहना है तो प्रकृति से साम्य बनाना होगा।

हर जगह सड़क बनाई जा रही है। जहां जगह मिल रही है मकान बना दिये जा रहे हैं। इसमें हिमालय को दोष नहीं। प्रकृति का नियम बदलना है। नदी भी बदलेगी। इसमें कभी पानी ज्यादा व कभी कम होगा। पहाड़ नीचे भी सरकेगा। हिमालय के साथ आत्मीय संबंध स्थापित करना होगा। गलत जगह घर बनाने से बचना होगा। हिमाचल हो या उत्तराखंड- पूरी हिमालय श्रृंखला आपके पास है। इसकी रक्षा करें । यदि इसकी प्रकृति से खिलवाड़ करेंगे तो नुकसान होगा।

## 6.5 करोड़ वर्ष पुराना है हिमालय

**सही** मायनों में ईश्वरीय सत्ता का व संवाद का माध्यम है हिमालय। सहज, सरल मन से ईश्वरीय संवाद की आकांक्षा हो। यदि मन साफ रहेगा तो आध्यात्मिक उन्नति संभव है। गुरु ज्ञान से जो बताएं वो करें। पश्चिम-उन्मुख पीढ़ी इस ज्ञान से वंचित है। अध्यात्म हमें अनुशासित व मानवीय बनाता है। मन को ऐसा पवित्र बना लेना कि गर्व महसूस करें मैं शांत हूं। सही मायनों में रूपांतरण हो जाता है। अहम, गुस्सा, काम वासना संयमित हो जाती है। मानो हम हिमालय प्रवास में व्रत लेते हैं। इसे दूसरे जगत से जुड़ना मानते हैं। इस देवभूमि में जब सहज ध्यान लगाते हैं तो उस शक्ति से जुड़ना सहज हो जाता है। भारतीय युवाओं के लिये तो ध्यान लगाना आसान है। विदेशी युवाओं में भी जीवन में पूर्ण परिवर्तन का वाहक बन जाता है ध्यान। इस यात्रा के दौरान विदेशी युवाओं ने मानसिक द्वंद्वों से मुक्ति महसूस की। उन्हें अच्छी नींद मिली और अच्छे सपने देखते रहे हैं। सात्विक साधना से मन हल्का और हृद्य शुद्ध हो जाता है। दृष्टि में परिवर्तन आ जाता है।

**शिवालिक हिमालय।**

महान हिमालय के उत्तर की ओर या बाहर की ओर स्थित होने के कारण इसे पार हिमालय कहा जाता है। इसे ट्रांस हिमालय के नाम से भी जाना जाता है। इसके अंतर्गत कैलाश श्रेणी, लद्दाख, जास्कर, तथा काराकोरम श्रेणी को



शामिल किया जाता है। सिंधु नदी लद्दाख और जास्कर पर्वत श्रेणियों के मध्य में प्रवाहित होती है। और यह लद्दाख श्रेणी को बुंजी नामक स्थान पर काटकर गहरे गार्ज का निर्माण करती है। इस हिमालय के कराकोरम श्रेणी में भारत का सर्वोच्च शिखर गाडविन आस्टिन ( के2 ) ( 8611 मीटर ) स्थित है। जो दुनिया के दूसरी सबसे ऊँची पर्वत चोटी है माउन्ट एवरेस्ट ( 8848 मीटर ) के बाद।

ट्रांस हिमालय परतदार चट्टानों से निर्मित है। तथा यहाँ वनस्पतियो का पूर्ण आभाव पाया जाता है। सिंधु, सतलज, ब्रह्मपुत्र नदियों का उद्गम स्थल इसी हिमालय में है।

**महान हिमालय।**

यह हिमालय पर्वत श्रृंखला का प्रमुख पर्वत श्रेणी है। इसकी औसत उचाई 6100 मीटर तथा औसत चौड़ाई 25 किमी है। यह एक सतत श्रेणी है। इसे दर्रो के माध्यम से पार किया जा सकता है। इसकी दक्षिणी ढाल तीव्र तथा उत्तरी ढाल मध्यम है। सर्वाधिक उचाई के कारण इसे बृहद हिमालय भी कहा जाता है। जिसके कारण इसको पार कर पाना काफी कठिन है। इसमें सालो भर बर्फ से ढके रहने के कारण इसे हिमाद्रि के नाम से भी पुकारा जाता है।

इस श्रेणी का निर्माण 6.5 करोड़ वर्ष पूर्व आदिनूतन कल में हुआ है। इस श्रेणी के आंतरिक भाग में जीवाश्मरहित चट्टानें पाई जाती है। जिसके ऊपर अवसादी ( परतदार ) चट्टानें की परत थी किन्तु अपरदन के कारण वर्त्तमान समय में परतदार चट्टानें पूरी तरह से नष्ट हो गई है एवं आंतरिक भाग की अजैविक चट्टाने बाहर निकल गई है।

## आज भी बढ़ रहा है हिमालय, 1954 से 86 सेमी बढ़कर 8848.86 मीटर तक पहुंचा

**हिमालय** आज भी बढ़ रहा है। 1954 में हिमालय की उंचाई नापी गयी थी। तबसे 2015 तक दूसरी बार नापे जाने तक हिमालय 86 सेमी बढ़ चुका है।

भारत के उत्तर में विश्व के सबसे ऊँची, नवीनतम तथा मोड़दार पर्वत श्रृंखला हिमालय स्थित है। यह भारत के उत्तर पश्चिम में नागा पर्वत चोटी ( शिखर ) से उत्तर पर्व में नामचा बरुआ पर्वत चोटी तक अर्थात भारत के उत्तर पश्चिम में सिंधु नदी के मोड़ से उत्तर पूर्व में ब्रह्मपुत्र नदी के मोड़ तक अर्ध चंद्राकर रूप में फैला हुआ है।

भारत का भौतिक स्वरूप का मुख्य भू-आकृति उत्तरी पर्वतमाल, हिमालय पर्वत का क्षेत्रफल भारत में लगभग 5 लाख वर्ग किमी क्षेत्र में फैला हुआ है। इस पर्वत की लम्बाई पश्चिम से पूर्व




लगभग 2500 किमी है। तथा उत्तर से दक्षिण की चौड़ाई 160 से 400 किमी है। इस पर्वत की औसत ऊंचाई समुद्रतल से लगभग 6000 मीटर है।

यह पर्वत श्रृंखला पश्चिम की ओर चौड़ी 400 किमी तथा पूर्व की ओर 160 किमी संकरी होती जाती है। जबकि इसकी ऊंचाई पूर्व की ओर अधिक तथा जैसे-जैसे पश्चिम की ओर बढ़ते है इसकी उचाई कम होते जाती है। विश्व की सबसे ऊँची पर्वत चोटियों में अधिकांश हिमालय में ही स्थित है। माउंट एवरेस्ट दुनिया के सबसे ऊँची पर्वत चोटी ( 8848 मीटर ) हिमालय में ही स्थित है।

## हिमालय के निमार्ण का प्लेट विवर्तनिकी सिद्धांत

**प्लेट विवर्तनिकी** सिद्धांत के अनुसार मेसोजोइक महाकल्प ( 6.4 से 24.5 करोड़ वर्ष पूर्व ) में अंगारालैंड से इंडो-ऑस्ट्रेलियन प्लेट अलग होकर उत्तर पूर्व की ओर अग्रसारित होकर एशियाई प्लेट से जा टकराई। जिससे टेथिस भू-अभिन्नति में दबाव पड़ने के कारण मेसोजोइक महाकल्प के क्रिटेशियस काल ( 6.5 से 14.4 करोड़ वर्ष पूर्व ) टेथिस भू-सन्नति में उभार या ऊपर उठने की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई। और यह उभार की प्रक्रिया वर्त्तमान समय तक जारी है। जिससे हिमालय पर्वत की ऊचाई वर्त्तमान समय में भी बढ़ना जारी है।

इंडो-ऑस्ट्रेलियन प्लेट के लगातार उत्तर पूर्व की ओर अग्रसारण के कारण आदिनूतन काल में 6.5 करोड़ वर्ष पूर्व महान हिमालय का उद्भव हुआ। इसी प्रकार अल्पनूतन काल में 2.5 से 3.0 करोड़ वर्ष पूर्व हिमालय का द्वितीय उत्थान लघु हिमालय के रूप में हुआ। तथा अतिनूतन काल में 1.4 करोड़ वर्ष पूर्व हिमालय के शिवालिक श्रेणी की उत्पत्ति हुई।

भू-वैज्ञानिको का मानना है कि, भविष्य में प्लेटो के अभिसरण के कारण गंगा के मैदानों में एक चतुर्थ पर्वत श्रेणी का निर्माण हो सकता है।

**हिमालय का प्राकृतिक या भौतिक या भू-आकृतिक विभाजन**

भारत में हिमालय पर्वत का विस्तार 5 लाख वर्ग किमी में है। हिमालय पर्वत के अंतर्गत कई समांतर श्रेणियाँ उत्तर पश्चिम से उत्तर पूर्व की ओर फैली हुई है। इसको मुख्य रूप से चार प्राकृतिक भागो में विभाजित किया जाता है।

पार हिमालय।,महान हिमालय।
लघु हिमालय। वहृद हिमालय
हिमालय पर्वत श्रृंखला की उत्पत्ति कैसे हुई है ?
महाद्वीपीय विस्थापन सिद्धांत
भू-अभिन्नति सिद्धांत
प्लेट विवर्तनिकी सिद्धांत
हिमालय का प्राकृतिक या भौतिक या भू-आकृतिक विभाजन
हिमालय पर्वत श्रृंखला का प्रादेशिक विभाजन कश्मीर या उत्तरी-पश्चमी हिमालय।
हिमाचल और उत्तरांचल हिमालय।
दार्जिलिंग और सिक्किम हिमालय।
अरुणाचल हिमालय।
पूर्वी पहाड़ियाँ और पर्वत।

## हिमालय का संवाद और उसकी पीड़ा को समझें, जाने



एनके मुरलीधर

**मैंने** चार बार हिमालय की यात्रा की। लेकिन गंगोत्री गोमुख की यात्रा कई मायनों में अदभुत और हिमालय से संवाद करने जैसा था। कहीं न कहीं तो शुरूआत करनी होगी। गंगोत्री तक आप बस या किसी वाहन से जा सकते हैं लेकिन उसके आगे भोजवासा होते हुए पैदल मार्ग ही है। इस मार्ग में



चलने के क्रम में संयोग से डॉ कर्ण सिंह के साथ चलने का अवसर मिला। हिंदू धर्म और हिमालय को लेकर उनका विराट चिंतन निश्चित ही आंख खोलने वाला था। उन्होंने मुझे अपनी पुस्तक हिंदू धर्म की चुनौतियां पढ़ने के लिये भी कहा। इस यादगार यात्रा के क्रम में मैंने उनसे कहा कि मैं गंगोत्री से गंगा जल ले जाकर रामेश्वरम शिव लिंग पर चढ़ाना चाहता हूं। क्या यह धार्मिक कार्य माना जायेगा। उन्होंने कहा कि सत्य सनातन हिंदू धर्म जड़ चेतन सभी में ईश्वर को देखते हुए भक्ति के माध्यम से



व्यक्ति के विराट अस्तित्व को स्थापित करता है। इसमें तुम्हारा यह काम सिर्फ माध्यम बनेगा। इसी बहाने तुम हिमालय तो आये। खैर मैं रांची लौटने के बाद उनके पुस्तक का अध्ययन किया तब पाया कि हिमालय पर उनकी सोच उनकी तरह ही दिव्य है।

हिमालय भोग के लिये नहीं है। भोग एक व्यक्तिगत विचार हो सकता है। कैसे जीवन जीना है ये व्यक्ति का निजी मामला है। हिमालय का बल संतों व महापुरुषों को दिव्यता देता है। आज भी तमाम साधन करने वाले यहां आते हैं। शंकराचार्य आए, रामानुजाचार्य, ऋषि मार्कण्डेय, जमदग्नि ऋषि, परशुराम, महर्षि व्यास देव आदि कई दिव्य पुरुष यहां तप करते रहे। वे बड़े बने हैं हिमालय के आंचल में आकर। यह स्थान आध्यात्म बल हासिल करने के लिए है।
भोग के लिये कोई और स्थान बना लें। हिमालय की शक्ति को क्यों नष्ट कर रहे हैं।
हमारी पहचान रही है हिमालय की संस्कृति। हम न चेते तो काला दाग लग जाएगा। योग का उद्गम स्थल है हिमालय। न जाने कैसे-कैसे रहस्य है। अनूठे पौधे हैं। पौधों की महक मात्र से व्यक्ति का रूपांतरण हो जाता है। क्रोध इस वातावरण में आते ही शांत हो जाता है। जो प्रदेशवासी हैं, वे सदियों से प्रकृति अनुरूप व्यवहार से पूरे आनन्द में रहे हैं। आज युवा ड्रग्स, शराब आदि नशों से अपना ही नुकसान कर रहे हैं। वे और उदास हो जाते हैं, बहक जाते हैं। वे कुछ अच्छा करना चाहते हैं। नशे से विकास तो हुआ ही नहीं आज तक। बल्कि वे खुद पाप से खत्म हो जाते हैं।

धर्म का पतन हो जाता है पाप कर्म से। देव भूमि के दिव्य स्थानों में अपसंस्कृति फैलाने पर जुमार्ने जैसी व्यवस्था होनी चाहिए। महर्षि जमग्दिनी, महर्षि श्रृंग आदि की कर्मस्थली रही है। देखकर दुख होता है साधना स्थलियों पर चारों तरफ शराब की बोतलें पड़ी रहती हैं। मन बदलना पड़ता है योग अभ्यास के लिये। हमें अपनी साधना छोड़कर सफाई में समय खराब करना पड़ता है।

इस दौरान हमने आध्यात्म व आस्था के केंद्रों में हनोगी देवी मां, जिनसे आस्था का प्राचीन संबंध है। रोप-वे से एक पहाड़ी से दूसरी पहाड़ी पर बेहद शांत वातावरण में जाना होता है। योगनी फॉल में भगवान शिव का अभिषेक होता है। ऋषि वशिष्ठ की मनाली के निकट कर्मस्थली रही है। यहीं पीपल के अद्भुत वृक्ष तले शिवलिंग स्थित है। साधना के लिये जाने वाले साधक के विचारों में स्पष्टता आ जाती है। उसका मन आनन्दित होती है। आगे मार्कंडेय भगवान व बिजली महादेव आदि बेहद रोचक स्थान है। फिर बूढ़ी नागिन के लिये एक-डेढ़ घंटे का ट्रैक है। मैप जिसे सियोलसर लेक दशार्ता है। एक दूसरी ही दुनिया में होते हैं। दिव्यता से हमारी आंखें भर जायेंगी। इसे देखने के लिये एक नहीं हजार आंखें होनी चाहिए। कैमरा कैप्चर नहीं कर पाता उसे जो हम आंख से देख रहे हैं। ऐसा अद्भुत अनुभव मिलता है। नीचे आकर सीधे निकल जाते हैं चंद्रताल की तरफ। हाई एल्टीट्यूड पर बैठकर आसन व प्राणायाम अभ्यास करने का अलग सुख है। बड़ी चट्टानों पर बैठकर ध्यान साक्षात रूप से कर पाते हैं। स्थिति ध्यान,जल प्रतिबिंब ध्यान आदि करते हैं । चंद्रताल की अद्भुत परिक्रमा होती है। मंत्रों के साथ दिव्य शक्ति चल रही हैं। जुड़ने का कारण प्रकट होता है।

हिमाचल में रोहतांग पास के निकट व्यास, वशिष्ठ जी की विरासत के दर्शन होते हैं। जोगिनी फॉल- आधा घंटा पहले रोक दिया जाता है।

वजह जोगिनियों का स्थान है, शांत स्थान है। स्वर्ग जैसी जगह है। सुरसरबरी मां, हिडिंबा देवी, घटोत्कच की विरासत हैं। हमता पास पर भगवान जमदग्नि की कर्मस्थली है। मुरली मनोहर कृष्ण जी की नागर स्थित प्राचीन मूर्ति है। हजारों साल पुरानी दुर्लभ मूर्ति है राधा कृष्ण की।

हिमालय तप स्थली है उसे अगर पर्यटन स्थल की तरह व्यवहार किया जाएगा तो वह क्रुद्ध होगा। वह असहज होगा। हिमालय देव है हम न पहचानने की भूल कर चुके हैं। अब उसके परिणाम भुगतने की बारी है।

## स्पीड न्यूज

### वन महोत्सव में देवंती देवी को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित



**गुमला।** रांची में आयोजित 74वें वन महोत्सव कार्यक्रम में गुमला जिला के रायडीह प्रखंड के संयुक्त वन प्रबंधन समिति अरंडा को अच्छे कार्य के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सम्मानित किया। मुख्यमंत्री से अरंडा निवासी देवंती देवी ने पुरस्कार ग्रहण किया। देवंती देवी ने अरंडा सुरक्षित वन (पी0एफ0) में वृक्ष पातन पर पूर्ण रोकथाम लगायी है। वन अग्नि की रोकथाम के लिए उन्होंने स्वयं महिला समूह के साथ पहाडों पर भी आग बुझाई हैं। उन्होंने अरंडा पहाड़ी पर स्थित रिक्त स्थलों में वृक्षारोपण कर उन्हें हरा भरा बनाने में सकारात्मक कार्य किया है।

### स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन



**लोहरदगा।** शहर के छत्तर बगीचा स्थित होप संस्था कार्यालय में होप और जिला स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आये हुए लोगों का स्वास्थ्य जांच डॉक्टर एरोन तिग्गा और उनकी टीम ने किया। इस नि:शुल्क जांच शिविर में शुगर जांच, हीमोग्लोबिन जांच, ब्लड प्रेशर जांच, बुखार इत्यादि जांच कर नि:शुल्क दवा दिया गया। इस नि:शुल्क जांच शिविर को सफल बनाने मे होप से अरविंद वर्मा, मनोरमा एक्का ,उज्जवल कुशवाहा, सोनम दुलारी उरांव , नर्स अलका कुमारी, किरण कुमारी, नाजमा खातून एवम टीम उपस्थित थे। इस कैम्प में लगभग 70 से 80 लाभुकों ने स्वस्थ जांच करा के लाभ लिया।

### श्रद्धांजलि कार्यक्रम आज

**गुमला।** सर्वोदय सांस्कृतिक कला मंच गुमला इकाई के द्वारा 29 जुलाई को जिला मुख्यालय गुमला में नागपुरी भाषा के प्रख्यात साहित्यकार रहे स्वर्गीय सहनी उपेंद्र पाल नहन की दूसरी पुण्यतिथि मनाई जाएगी। पुण्यतिथि कार्यक्रम सुबह के 8 बजे से प्रारंभ होकर 9 बजे तक कचहरी परिसर स्थित हड़ताली वृक्ष के पास आयोजित की गई है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में स्थानीय कवि, कलाकार, साहित्यकार व इस क्षेत्र से जुड़े प्रबुद्ध जनों से भाग लेने की अपील की गई है। यह जानकारी सर्वोदय सांस्कृतिक कला मंच, गुमला के प्रभारी हाफिजुर रहमान ने दी है।

### अनियंत्रित होकर बोलेरो पलटी, एक की मौत, दो घायल



**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के भड़ियापाठ के समीप बोलेरो वाहन पलटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार की शाम चैनपुर में लगे सप्ताहिक बाजार करने के बाद कुछ लोग बोलेरो वाहन जे एच 08 बी 5660 से अपने गांव लौअ रहे थे। इसी दौरान भड़ियापाठ के समीप बोलेरो अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें कचरंग पाठ निवासी 80 वर्षीय वृद्ध चोंहस मुंडा की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। वहीं घटना में गढ़ाटोली बेसना पाठ गांव के सोमा असुर पिता स्व रेंगटा असुर तथा उनके सुपुत्र मंगरा असुर को गंभीर चोट आई है। इधर घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आशुतोष कुमार दल बल के साथ पहुँच कर घटना की जानकारी ली तथा घायलो को चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहाँ सोमा असुर को बेहतर इलाज के लिए गुमला रेफर कर दिया गया। इधर घटना स्थल से गाड़ी को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर थाना ले आयी। जिसका ड्राइवर फरार है।

### वृक्ष हमारे जीवन का आधार : अजीत



**मेदिनीनगर।** जन कल्याण ट्रस्ट के तत्वाधान में चैनपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत पूर्वडीहा ग्राम में वृक्षारोपण का कार्य संपन्न हुआ । ट्रस्ट के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण कर लोगों को पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया। मौके पर अध्यक्ष अजीत दुबे ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार है इसका संरक्षण जरूरी है। पेड़ पौधे मानव जीवन में काफी उपयोगी हैं। कहा कि वर्तमान में पेड़ों को धड़ल्ले से काटकर जंगल को उखाड़ा जा रहा है। इसका कुप्रभाव समय पर वर्षा नहीं होना, शुद्ध ऑक्सीजन का अभाव है। कहा कि सभी लोग एक एक पौधे लगाकर पर्यावरण को बचायें। कहा कि ट्रस्ट सामाजिक कार्यों को लेकर संकल्पित है। कहा कि ट्रस्ट द्वारा आगे भी कई जगहों पर पौधारोपण किया जायेगा। साथ ही लोगों को पौधा लगाने के प्रति जागरूक किया जायेगा। उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडेय ने बताया कि धरती मां के हम सब पुत्र हैं इस प्रकार वृक्ष भी उन्हीं के संतान हैं उसे भी जीने का अधिकार है। वृक्षों को ज्यादा से ज्यादा लगाने की जरूरत है। मौके पर ट्रस्ट के पदाधिकारी पावन कार्य के लिए समर्पित हैं। मौके पर केंद्रीय प्रवक्ता अजय तिवारी, संगठन सचिव नंदलाल दुबे, वरिष्ठ सदस्य संतोष दुबे,बंटी कुमार गुप्ता, अखिलेश पाठक, मिथिलेश दुबे शामिल थे।

### मोहर्रम को ले पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**पाटन पलामू।** मोहर्रम पर्व को लेकर शुक्रवार को नावा जयपुर पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व नावा थाना प्रभारी संजय रजक ने किया। उन्होंने कहा कि मोहर्रम पर्व के दौरान कोई भी अप्रिय घटना कि सुचना अगर किसी को मिलती है तो तुरंत उसकी सुचना पुलिस को दे। पुलिस त्वरित कार्रवाई करेगी। थाना प्रभारी संजय रजक ने कहा कि मोहर्रम के पर्व को आपसी भाईचारा के साथ मनाये जिससे समाज में एक दुसरे से संबंध बना रहे।

# पोक्सो एक्ट पर मल्टी स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन कार्यशाला का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यशाला में उपस्थित लोग।

**लोहरदगा।** झालसा रांची के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के मार्गदर्शन में सिविल कोर्ट परिसर स्थित सभागार में एक दिवसीय मल्टी स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन, कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जिले में प्रतिनियुक्त विभिन्न थानो से आए पुलिस अधिकारी, बाल कल्याण समिति के सदस्य, एलएडीसीएस के अधिवक्ता पैनल अधिवक्ता, मध्यस्थ अधिवक्ता, एनजीओ प्रतिनिधि एवं अर्ध न्यायिक स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन पीडीजे सह अध्यक्ष डालसा राजेंद्र बहादुर पाल, पोक्सो स्पेशल जज अखिलेश कुमार तिवारी, उपायुक्त लोहरदगा वाघमारे प्रसाद कृष्ण, बार के अध्यक्ष प्रमोद कुमार पुजारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन भाषण में उपायुक्त ने डालसा द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की तारीफ की और प्रतिभागियों को ज्यादा ज्यादा लाभ लेने का आह्वान किया। डालसा अध्यक्ष ने अपने भाषण में कहा कि प्रतिभागी ज्यादा से ज्यादा प्रश्नों को पूछ कर शंकाओं को खत्म करें ताकि अधिनियम को सही ढंग से लागू किया जा सके।

कार्यक्रम में प्रथम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सह विशेष न्यायाधीश पोक्सो कोर्ट अखिलेश कुमार तिवारी ने पोक्सो एक्ट के विभिन्न पहलुओं से लोगों को अवगत कराया और कहा कि पोक्सो कानून के द्वारा बच्चियों के विरुद्ध किए जा रहे यौन दुर्व्यवहार को कठोर दंड देकर रोकने का प्रयास किया जा रहा है। क्योंकि इसमें दोषी को कठोरतम सजा का प्रावधान किया गया है और यौन अपराध से संबंधित मामलों को न्यायालय प्राथमिक स्तर पर तीव्र गति से निपटारा करती है। उन्होंने प्रतिभागियों को पोक्सो एक्ट के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी। प्रधान मजिस्ट्रेट पूजा कुमारी लाल ने पोक्सो एक्ट के तहत बालकों- बालिकाओं की स्थिति एवं जूविनाइल जस्टिस एक्ट के तहत बालकों के संरक्षण संबंधी विभिन्न प्रावधानों को बताया जबकि प्रोबेशन ऑफीसर अनुरंजन कुमार ने एसआई रिपोर्ट एवं बच्चों एवं उसके माता-पिता के काउंसलिंग के महत्व को बताया। कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार के द्वारा किया गया। डालसा सचिव ने कार्यक्रम के गंभीरता के विषय में प्रतिभागियों को बताया।

# संत जोसेफ स्कूल के विद्यार्थी सम्मानित

**सम्मान समारोह**

खबर मन्त्र संवाददाता



**महुआडांड़।** संत जोसेफ प्लस टू विद्यालय सभागार में शुक्रवार को प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में सत्र 2022-23 के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित बीडीओ अमरेन डांग एवं विशिष्ट अतिथि फादर सुरेश शामिल हुए। समारोह की शुरूवात मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि तथा विद्यालय के प्राचार्य फादर दिलीप के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जिसके बाद प्राचार्य फादर दिलीप ने मुख्य अतिथि का स्वागत शॉल ओढ़ाकर किया, साथ ही स्वागत भाषण भी दिया। प्राचार्य फादर दिलीप ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि मेधावी छात्र एवं छात्राओं को सम्मानित करने से छात्रों में एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा आएगी, मेधावी छात्र यह मुकाम कठिन परिश्रम से प्राप्त करते है। ऐसे विद्यार्थियों को सम्मानित करने से विद्यालय में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। मेघावी छात्र सम्मान उसी का एक उदाहरण है। छात्रों को सकारात्मक एवं अच्छी सोच के साथ परिश्रम करने पर सफलता की मंजिल तक पहुंचने से उन्हें कोई रोक नहीं सकता है। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए बीडीओ अमरेन डांग ने अपने संबोधन में सभी छात्रों को सतत प्रयास करने की सीख दी और कहा कि आप लोगों के अच्छे अंक प्राप्त करने से आपके अपने नाम के साथ साथ आपके माता पिता एवं विद्यालय का भी नाम रौशन होता है।

## छोटे भाई ने बड़े भाई पर टांगी से किया जानलेवा हमला



**रायडीह।** रायडीह थाना क्षेत्र के छतरपुर मांझाटोली निवासी 30 वर्षीय मंगलू उरांव पर छोटे भाई राम सेवर उरांव ने शुक्रवार को टांगी से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में मंगलू उरांव का सर फट गया और लहुलुहान हालत में उसे इलाज के लिए रायडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं गुमला में चिकित्सकों ने मंगलू की गंभीर स्थिति देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया। घटना के संबंध में मंगलू उरांव की पत्नी लालमैत उरांव ने बताया कि वह खेती बारी करने गई हुई थी। पति घर पर अकेले थे। जब वह घर लौटा तो देखा कि मंगलू उरांव जमीन पर पड़ा है और चारों ओर ब्लड बिखरा हुआ है। मंगलू से पूछने पर बताया कि छोटे भाई ने टांगी से वार कर घायल कर दिया और भाग निकला। जिसके बाद पत्नी उसे अस्पताल लेकर पहुंची। इस संबंध में रायडीह पुलिस ने छोटे भाई के खिलाफ मारपीट कर प्राथमिकी दर्ज की है।

### पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 2 लाख रुपये मिले



**लोहरदगा।** शहर के एम जी रोड स्थित इंडियन बैंक के शाखा प्रबंधक राहुल कुमार चौबे एवं अनिस नाथ के द्वारा बैंक के खाता धारक विकास उरांव खाता संख्या 50512980315 में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (साधारण मृत्यु होने पर) 05 जून 2022 किया गया था जो की खाताधारक की मृत्यु 25 अप्रैल 2023 हो गया था। जिसकी बीमा राशि दो लाख रुपए मृत्यु होने वाला के उत्तराधिकारी छोटे भाई अमरदीप उरांव खाता संख्या 7548866760में स्थानांतरण कर पास बुक सौपा गया।

## डकैती और लूटकांड के अपराधी को पुलिस ने भेजा जेल, हथियार जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**लातेहार।** जिले बरवाडीह थाना क्षेत्र के खुरा गांव में लूटपाट, डकैती एवं अन्य बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए योजना बना रहे एक अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अपराधी उपेंद्र कुमार पिता स्व. रामसागर राम (खुरा,बरवाडीह) का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से 7.65 बोर के एक देशी पिस्टल, चार जिंदा कारतूस व एक मोबाइल फोन बरामद किया है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि खुरा गांव में कुछ अपराधी एकत्रित होकर लूटपाट, डकैती व किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए एकत्रित हुए हैं। इसके बाद बरवाडीह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिल्लू लोहरा के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया। गठित टीम जैसे ही खुरा मध्य विद्यालय के पास पहुंची तो वहां से एकत्रित अपराधी पुलिस गाड़ी देखकर भागने लगे। पुलिस ने दौड़ाकर एक व्यक्ति को पकड़ने में सफलता पाई। जबकि चार-पांच अन्य अपराधी अंधेरे का लाभ उठाकर जंगल में भागने में सफल रहे। गिरफ्तार अपराधी उपेंद्र कुमार का अपराधिक इतिहास में रहा है। उन्होंने कहा कि भागने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान चलाई जा रही है। छापेमारी में बरवाडीह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिल्लू लोहरा, बरवाडीह अंचल पुलिस निरीक्षक शशि रंजन कुमार, थाना प्रभारी श्रीनिवासन कुमार सिंह, आरक्षी अखिलेश्वर राम शामिल थे।

## गुमला के मजदूर की चेन्नई में मौत

**भाजपा नेताओं ने श्रम अधीक्षक से शव मंगवाने की मांग की**



ज्ञापन सौंपते भाजपा नेता।

**गुमला।** रायडीह प्रखंड के सिलम पाकरटोली गांव निवासी मजदूर 26 वर्षीय भगिंद्र नायक पिता छटकू नायक की मौत चेनई में हो गई थी। भगिंद्र नायक एवं उसके छोटे भाई अमित नायक तमिलनाडु के चेनई में मजदूरी कर रहे थे। दोनों भाई अलग अलग कंपनी में काम कर रहे थे। छोटे भाई अमित नायक ने बताया कि भगिंद्र नायक को दो चार दिन से हल्का बुखार आ रहा था। दिनांक 27 जुलाई की संध्या को भगिंद्र नायक की आकस्मिक मृत्यु हो गई। मृत्यु की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृत्यु की खबर सुनकर उनके माता पिता एवं परिवार के अन्य सदस्यों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। पीड़ित परिवार काफी गरीब है । मृतक के पिता छटकु नायक ने शव लाने में सक्षम नहीं है। इस बात की सूचना जब भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष खुशमन नायक को मिली तो तत्काल उन्होंने पीड़ित परिवार से मिला और परिवार को सांत्वना देते हुए उनकी मदद करने की बात कही। खुशमन नायक ने श्रम अधीक्षक एवं प्रवासी मजदूर सहायता केंद्र गुमला में आवेदन देकर भगिंद्र नायक का शव को चेनई से गुमला लाने की मांग की है। इस मौके पर मनतु नायक, गुलाब लोहरा आदि मौजुद थे।

## एक नजर में

### मुहर्रम को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**घाघरा।** मुहर्रम पर्व को लेकर घाघरा पुलिस के द्वारा शुक्रवार की शाम प्रखंड मुख्यालय में फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान थाना परिसर से फ्लैग मार्च शुरू होकर ब्लॉक चौक, चांदनी चौक, नेतरहाट रोड सहित कई जगहों पर गया। इस दौरान एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने कहा पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार मुहर्रम पर्व को देखते हुए फ्लैग मार्च निकाला गया है। इस दौरान पुलिस प्रशासन के द्वारा ड्रोन, सीसीटीवी कैमरा व मोबाइल के जरिए निगरानी की जाएगी। उन्होंने आम लोगों से आग्रह किया है कि पर्व के दौरान यदि कोई असामाजिक तत्व असामाजिक गतिविधि करते हुए दिखे तो इसकी सूचना तुरंत थाना को दे। मौके पर एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल व थानेदार अमित कुमार चौधरी के अलावे कई पुलिस के जवान मौजूद थे।

### चैंबर चुनाव के लिए सात उम्मीदवारों ने दाखिल किया नामांकन पत्र



**गुमला।** चेंबर ऑफ कॉमर्स के आम चुनाव हेतु शुक्रवार को कई उम्मीदवारों ने चुनाव पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। जिसमे टीम दामोदर कसेरा (डी के) ग्रुप से कुल 7 लोगों ने नामांकन किया पत्र भरा। नामाकन पत्र भरने वालों में रितेश कुमार गुप्ता, प्रणव कुमार साहू, दिलीप कुमार गुप्ता, दामोदर कसेरा, बबलू वर्मा, राजेश लोहानी, आदित्य गुप्ता आदि शामिल हैं। वहीं नामांकन पत्रों की बिक्री भी जारी है। वहीं गुरुवार को मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। जिसमें कुल 865 आजीवन सदस्य को मिला कर व्यापारी गुमला चेंबर के आम चुनाव में भाग ले सकेंगे। आजीवन सदस्य की संख्या 154 है। जिसमे 28 नये आजीवन सदस्य बनाये गये हैं। साधारण सदस्य की संख्या 711 है। जिसमें 36 नये सदस्य बनाये गये हैं। इस तरह कुल मिलाकर 865 सदस्य चेंबर चुनाव में भाग लेंगे।

### तीन बकरा चोर गिरफ्तार, गया जेल

**हेरहंज।** प्रखण्ड अन्तर्गत ईचाक ग्राम में ग्रामीणों के मदद से तीन बकरा चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ज्ञात हो कि घर में घुसे चोर को चोरी करते हुए जब घरवालों ने देखा तभी घरवालों ने शोर मचाकर आसपास के ग्रामीणो को बुलाया जिसके बाद ग्रामीण जुट कर चोर को पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। वहीं गिरफ्तार चोर में रौशन कुमार यादव, आनंद यादव, खीरमोहन यादव पंचायत केकरगड़ पांकी थाना निवासी है।

### चोरी का सोलर प्लेट लदा पिकअप जब्त

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक पिकअप वैन में लदा हुआ दर्जनों सोलर प्लेट और प्लास्टिक पाइप जब्त किया है। जिसकी बाजार कीमत करीब तीन लाख रुपये बताई जा रही है। बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया की बालूमाथ पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि एक पिकअप वैन जेएच02एन 4683 जो रांची की ओर जा रही है। जिसमे चोरी का सोलर प्लेट लदा हुआ है। सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा मारंगलोईया ग्राम के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस चेकिंग लगा देख एक पिकअप वैन का ड्राइवर वाहन छोड़कर भागने लगा और पिकअप वैन में सवार अन्य चार लोग भी गाड़ी छोड़कर भागने लगे। जिसमे से दो लोगो को पुलिस के जवान द्वारा खदेड़ कर पकड़ लिया गया। जिसमें प्रभु कुमार 20 वर्ष पिता रामचंद्र प्रजापति ग्राम गोरेपा थाना पथलगड़ा (चालक), कोमल गंझू 22 वर्ष पिता मोहन गंझू ग्राम एदला थाना सिमरिया निवासी शामिल है।

## एमपी-एमएलए कोर्ट से पूर्व मंत्री ददई दुबे साक्ष्य के अभाव में बरी

**गढ़वा थाना में दर्ज किया गया था केस**

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के एमपी एमएलए कोर्ट के स्पेशल मजिस्ट्रेट सतीश कुमार मुंडा की अदालत ने पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। विदित हो कि चंद्रशेखर दुबे के विरुद्ध गढ़वा थाना में काशीनाथ तिवारी सहायक अवर निरीक्षक गोपनीय प्रवाचक गढ़वा के द्वारा नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया गया था। जो गढ़वा थाना कांड संख्या 268/2015 तिथि 9 जुलाई 2015 को भादवि की धारा 448, 341353, 427,504, व 506 के तहत दर्ज किया गया था।चन्द्रशेखर दुबे पर आरोप था कि 9 जुलाई 2015 को समय करीब 12:30 बजे दिन में गढ़वा थाना पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में घुसकर पुलिस अधीक्षक के साथ अभद्र व्यवहार कर उन्हें गाली गलौज कर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाया था। तथा धमकी दिया था। उक्त तिथि और समय पर उन्होंने गढ़वा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रखे कागजातों को फाड़ दिया था। जिसकी जब्ती सूची भी बनाई गई थी। उपरोक्त केस में अभियोजन की ओर से आठ गवाहो की गवाही कराई गई थी। परंतु अभियोजन आरोप साबित करने में असफल रहा। अदालत ने साक्ष्य के अभाव में पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे को बरी कर दिया।

## लोक अदालत में किया गया चार मामलों का निष्पादन



लोक अदालत में शामिल लोग।

**गुमला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के द्वारा शुक्रवार को व्यवहार न्यायालय परिसर गुमला में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 4 मामलों का निष्पादन किया गया। जिसमें बिजली से संबंधित 2 मामलों का एवं अन्य 2 मामले तथा कुल 8,32,546 रूपये के राजस्व की प्राप्ति हुई। मौके पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि लोक अदालत से वाद का निपटारे में पक्षकार अपने बहुमूल्य समय की बचत करते है तथा बिना किसी देरी के अपनी वाद का निपटारा करा लेतें हैं। इस क्रम में बैंक लोन कर्ज माफी, बिजली भुगतान, इत्यादि से संबंधित, दीवानी एवं फौजदारी आदि मामलों का निष्पादन किया गया। डालसा सचिव पार्थ सारथी घोष ने कहा कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक वादों का निपटारा करें एवं आम नागरिकों को उपर चल रहे वादों का सुलह के आधार पर निष्पादित करें। इस अवसर पर डालसा सचिव पार्थ सारथी घोष स्थाई लोक अदालत के सदस्य शंभू, अधिवक्ता विद्या निधि शर्मा, जितेंद्र सिंह, इंदु पांडे, प्रकाश कुमार, अरविंद, आशा पूनम आदि उपास्थित थे।

# मानसून की बेरुखी से परेशान हैं किसान

**सूखते बिचड़ों को देख दम तोड़ रहा है उनका विश्वास**

रोशन कुमार



सूखा तालाब।



सूखी नदी।

**लोहरदगा।** मानसून की बेरुखी से टूट जा रही है किसानों को आश।हर एक दिन बीतने के साथ उनके माथे पर चिंता की लकीरें बढ़ती जा रही है।जिले के अधिकांश आबादी खेती किसानी कार्य से जुड़े हैं। इनमे से धान की खेती सर्वाधिक तौर पर की जाती है। लगभग 50 हजार हेक्टेयर पर किसान धान की खेती करते हैं। जिले के ज्यादातर किसान मॉनसून के सहारे धान की खेती कर पाते हैं। लेकिन इस बार जिले भर में बारिश की स्थिति न के बराबर होने से किसानों के सामने विकट स्थिति उत्पन्न हो गई है।जहा जून माह में जिले का सामान्य वषार्पात 137.3 के विरुद्ध 112.4 मिली मीटर वर्षा हुई थी, वही जुलाई माह में अब तक 305 मिली लीटर औसत बारिश के मुकाबले मात्र 82.1 मिली लीटर बारिश हुई है जो सुखाड़ का संकेत दे रही है।कई किसानों ने हिम्मत दिखाकर किसी तरह पटवन कर रोपाई तो कर दी लेकिन अब पटवन के लिए उन्हें पानी भी नसीब नहीं हो रहा है।

जिले में प्रखंडवार 1 से 28 जुलाई माह में हुई वषार्पात को देखे तो सबसे अधिक कैरो प्रखंड में 174.5 तथा सबसे कम किसको प्रखंड में 30 मिली मीटर वर्षा हुई। इसी तरह लोहरदगा प्रखंड में 46.2, भंडरा प्रखंड में 93, कुडू प्रखंड में 58, पेशरार प्रखंड में 68.4 और सेन्हा प्रखंड में 106.8 मिली मीटर बारिश हुई।जबकि जिले भर में औसत वर्ष 305 मिली मीटर के विरुद्ध मात्र 82.1 मिली लीटर बारिश हुई है।

जिले में बारिश नहीं होने के कारण नदी, तालाब और कुआं में पानी नाम मात्र का बचा हुआ है।

## सड़क दुर्घटना में मृतक के घर पहुंचे शिवपूजन मेहता, परिजनों को मदद का दिया आश्वासन

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद,पलामू।** थाना क्षेत्र के जपला-पथरा रोड हटिया बिहारी बिगहा के समीप बीते दिनों हुई सड़क दुर्घटना में मृत अतुल राम के घर जाकर आजसू पार्टी के केन्द्रीय उपाध्यक्ष व हुसैनाबाद के पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता मृतक के परिजनों से मिल कर ढांढस बांधाया। इस दौरान मेहता अतुल के अंतिम संस्कार में भी शामिल हुए एवं परिवार के लोगो को मदद का भरोसा दिया। उन्होंने इस घटना में दो अन्य गम्भीर रूप से घायलों का भी कुशलक्षेम पूछा। उन्होंने घायल लोगो को सिविल सर्जन पलामू से बात कर उचित ईलाज कराने को भी कहा। उन्होंने मृतक के आश्रित को आपदा प्रबंध विभाग से क्षतिपूर्ती दिलाने की बात कही। साथ ही इस घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि लगभग 15 घंटा ग्रामीण सड़क जाम किया लेकिन ना अधिकारी आये और ना ही जन प्रतिनिधि। यह बहुत बड़ा दुर्भाग्य हैं। मौके पर आजसू के जिला सचिव अक्षय मेहता, युवा नेता विकास चंद्रवंशी, सुरेंद्र वर्मा समेत कई लोग मौजूद थे।

# स्पेनिश हॉकी फेडरेशन-अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट: भारत ने इंग्लैंड से ड्रॉ खेला

## भारत फाइनल की रेस से हुआ बाहर

एजेंसी

**बार्सिलोना।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शुक्रवार को स्पेन के टेरासा में खेले जा रहे 100वीं वर्षगांठ स्पेनिश हॉकी फेडरेशन-अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट में अपने अंतिम लीग मैच में इंग्लैंड के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला।

मैच में इंग्लैंड के लिए पांचवें मिनट में सैम वार्ड ने गोल कर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद मैच के 29वें मिनट में कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने गोल कर भारत को 1-1 की बराबरी दिला दी और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ।




ड्रॉ का मतलब है कि भारत अब चार देशों के टूनार्मेंट के फाइनल की दौड़ से बाहर हो गया है। भारत अब रविवार को तीसरे-चौथे स्थान के लिए प्लेऑफ मैच खेलेगा।

100वीं वर्षगांठ स्पेनिश हॉकी फेडरेशन इंटरनेशनल टूनार्मेंट 2023 में यह भारत का तीसरा मैच था। हरमनप्रीत सिंह एंड कंपनी मंगलवार को शुरूआती मैच में स्पेन से 2-1 से हार गई, इससे पहले बुधवार को नीदरलैंड के खिलाफ 1-1 से ड्रा खेला था।

भारत तीन मैचों में दो अंकों के साथ चौथे स्थान पर है जबकि इंग्लैंड तीन मैचों में पांच अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर है। आज रात एक दूसरे का सामना करने वाले मेजबान स्पेन और नीदरलैंड्स के क्रमशः तीन और दो अंक हैं।

## हॉकी इंडिया ने हार्दिक सिंह को 100 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे करने पर दी बधाई

**बार्सिलोना।** हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को मिडफील्डर हार्दिक सिंह को भारत के लिए 100 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे करने पर बधाई दी है। भारतीय उप कप्तान ने यह उपलब्धि बार्सिलोना, स्पेन में खेले जा रहे 100वीं वर्षगांठ स्पेनिश हॉकी फेडरेशन-अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे मैच के दौरान हासिल की। हार्दिक ने 2018 पुरुष हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में सीनियर टीम के लिए शुरूआत की, जहां भारत और पाकिस्तान को संयुक्त विजेता घोषित किया गया और उसके बाद उन्होंने लगभग सभी प्रमुख टूनार्मेंटों में भारत का प्रतिनिधित्व किया। वह भुवनेश्वर में 2019 एफआईएच पुरुष सीरीज फाइनल के साथ-साथ 2020 टोक्यो ओलंपिक क्वालीफायर में भारत की स्वर्ण पदक जीतने वाली उपलब्धि का हिस्सा थे। उन्होंने



भारत की हालिया सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसमें ओलंपिक गेम्स टोक्यो 2020 में ऐतिहासिक कांस्य पदक की उपलब्धि शामिल है। वह एफआईएच प्रो लीग 2021/22 में तीसरे स्थान पर रहने औरबर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे। 24 वर्षीय हार्दिक को मार्च 2023 में नई दिल्ली में आयोजित 5वें हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कार 2022 में प्लेयर ऑफ द ईयर 2022 के लिए हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था।

एक नजर में



## आयरलैंड की सबसे अनुभवी महिला क्रिकेटर मैरी वाल्ड्रॉन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**डबलिन।** आयरलैंड की अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज मैरी वाल्ड्रॉन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है, जिससे उनके 13 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर विराम लग गया। उन्होंने इस दौरान देश के लिए 184 मैच खेले और विकेट के पीछे 148 शिकार किये। मैरी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा एकदिनी श्रृंखला के तीसरे मैच के बाद संन्यास लेना था, लेकिन मंगलवार को दूसरे एकदिनी के दौरान लगी दुर्भाग्यपूर्ण चोट के कारण उन्हें शुक्रवार के मैच के लिए अंतिम एकादश में शामिल नहीं किया गया। मैरी ने क्रिकेट आयरलैंड द्वारा जारी एक बयान में कहा, यह स्पष्ट रूप से एक बहुत ही भावनात्मक समय है लेकिन मैंने जो हासिल किया है उस पर मुझे बहुत गर्व है। मैं अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर देने के लिए क्रिकेट आयरलैंड के कर्मचारियों और कोचों और मेरी यात्रा को आकार देने और हर तरह से मेरा समर्थन करने के लिए पेमब्रोक और मालाहाइड को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहती हूं। मेरे परिवार और रोक्सेन को, आपके समर्थन के लिए धन्यवाद। विशेष रूप से, दुनिया के सबसे अच्छे समर्थकों माँ और पिताजी को - हर चीज के लिए धन्यवाद। अंत में, मेरे साथियों, मैं आपको बहुत मिस करूंगी, आने वाले वर्षों के लिए आपको शुभकामनाएं।

## झांसी की बिटिया ज्योति जर्मनी में दिखायेगी हॉकी का हुनर

**झांसी।** नगर की उभरती हॉकी स्टार ज्योति सिंह का भारतीय जूनियर टीम में चयन हुआ है। झाँसी की ज्योति सिंह जर्मनी में हॉकी का हुनर दिखाएंगी। उन्हें 4 देशों की अंडर 21 गर्ल्स हॉकी चैम्पियनशिप में भारतीय जूनियर महिला टीम के लिए चुना गया है। ज्योति सिंह ने अभी हाल ही में राउरकेला में सम्पन्न हुई 13वीं हॉकी इंडिया जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया तथा प्रतियोगिता में 5 गोल कर अपनी टीम को चैम्पियन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

ज्योति ने खेल विशेषज्ञ बृजेन्द्र यादव से वार्ता में बताया कि उक्त प्रतियोगिता में भारत सहित इंग्लैंड,स्पेन, तथा मेजबान जर्मनी चार देशों की हॉकी टीम भाग लेंगी। वह वर्तमान में मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी ग्वालियर में देश के लिए कई खिलाड़ी को तैयार कर चुके ख्याति प्राप्त हॉकी कोच परमजीत सिंह से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। विगत माह में हॉकी इंडिया की कोर टीम के साथ बेंगलुरु साई सेंटर में जूनियर भारतीय हॉकी टीम के प्रमुख कोच तुषार खंडकर के दिशा निर्देशन में गहन ट्रेंनिग ले रही है।

खेल विशेषज्ञ बृजेन्द्र यादव से



ज्योति के पिता अंतराष्ट्रीय रेलवे एथलीट धीरज परिहार ने बताया कि ज्योति सिंह पूर्व में भी इंडियन जूनियर महिला टीम दक्षिण अफ्रीका 2023, इंडियन जूनियर महिला टीम 5 देशों का टूनार्मेंट आयरलैंड में सिल्वर मेडल,हॉकी एकेडमी नेशनल चैंपियनशिप 2022 गोल्ड मेडल, प्रथम हॉकी वूमेन एकेडमी नेशनल चैंपियनशिप 2021 सिल्वर मेडल,जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप राउरकेला 2023 गोल्ड मेडल की उपलब्धियों में शामिल रही हैं।

ज्योति के चयन पर झांसी हॉकी के सचिव व पूर्व अंतराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सुबोध खंडकर ने कहा कि यह झांसी के लिए गर्व की बात है कि एक और अंतराष्ट्रीय हॉकी का सितारा नगर की हॉकी परंपरा को आगे बढ़ाएगा।

## इंग्लैंड और चीन ने अपने मुकाबले जीते,अर्जेंटीना-दक्षिण अफ्रीका मैच बराबरी पर

**सिडनी/एडिलेड/डुनेडिन।** फीफा महिला विश्वकप में शुक्रवार को खेले गये मुकाबलों में इंग्लैंड और चीन ने अपने अपने मुकाबले जीत कर अभियान को आगे बढाया जबकि अर्जेंटीना और दक्षिण अफ्रीका के बीच हार जीत के फैसले के बगैर समाप्त हुआ। लॉरेन जेम्स के शानदार गोल की बदौलत इंग्लैंड ने डेनमार्क को 1-0 से हरा कर अपने अभियान की शानदार शुरूआत की। दर्शकों से भरे सिडनी फुटबॉल स्टेडियम में लॉरेन ने मैच के छठे मिनट में गोल दागा। राचेल डेली ने 21 वर्षीय जेम्स को गेंद दी, जिन्होंने बॉक्स के बाहर से डाइविंग लेने के साथ क्रिस्टेंसन को छकाते हुए गोल कर दिया। इसके साथ ही वह इंग्लैंड की दूसरी सबसे कम उम्र की महिला विश्व कप गोल करने वाली खिलाड़ी बन गईं।

## साक्षी ने एमएस धोनी के घुटने की सर्जरी को लेकर दी बड़ी अपडेट, खुशी से झूम उठे फैंस

**नयी दिल्ली।** महेंद्र सिंह धोनी ने आईपीएल 2023 के समाप्त होने के बाद अपने घुटने की सर्जरी करवाई थी। धोनी घुटने की चोट के चलते पूरे क्ढछ 2023 में काफी परेशान दिखाई दिए थे। कई मैचों में वह लगड़ाते हुए नजर आए थे। साक्षी ने सर्जरी के बाद पहली बार धोनी के घुटने से जुड़ी बड़ी अपडेट दी है, जोकि फैंस के लिए अच्छी खबर है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में साक्षी से धोनी की कंड़ीशन के बारे में पूछा गया, इसके जवाब में एक मूवी स्क्रीनिंग के दौरान साक्षी ने बताया कि धोनी इस समय रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं। साक्षी ने कहा, "रिकवर कर रहे हैं, वह रिहैब में हैं।" वहीं साक्षी के इतना कहते ही वहां खड़े फैंस खुशी से झूम उठे और कहा कि वो उम्मीद कर रहे हैं कि माही भाई जल्दी ठीक हो जाएं। धोनी आईपीएल 2023 के दौरान घुटने की चोट से काफी परेशान रहे थे और ऐसे कयास लगाए जा रहे थे कि शायद धोनी आखिरी बार आईपीएल में खेलते हुए दिख रहे हैं। हालांकि उन्होंने अगले साल भी खेलने की इच्छा जताई है। उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के पांचवीं बार चैंपियन बनाने के बाद कहा था, "फैसला लेने में 6-7 महीने लगेंगे। ये मेरी तरफ से गिफ्ट जैसा होगा, ये मेरे लिए आसान नहीं होगा। लेकिन जिस तरह से मुझे प्यार मिला है उसके बदले मुझे करने की जरूरत है।"

## जापान ओपन सुपर बैडमिंटन के सेफा में पहुंचे लक्ष्य सेन

**टोक्यो।** भारतीय स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। सेन ने गुरुवार को स्थानीय खिलाड़ी कोकी वतनबे को सीधे गेम में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।



2022 कॉमनवेल्थ चैंपियन लक्ष्य ने वतनबे पर सीधे सेटों में 21-15 21-19 से जीत दर्ज की और लगातार तीसरे सेमीफाइनल में जगह बनाई।

इस महीने की शुरूआत में कनाडा ओपन सुपर 500 जीतने वाले सेन ने शुरूआत में 5-3 की बढ़त बना ली और ब्रेक के समय 11-7 पर पहुंच गए। सेन ने कोर्ट के दोनों ओर दो क्रॉस-कोर्ट रिटर्न के साथ शुरूआती गेम को जल्दी ही अपने नाम कर लिया।

दूसरे गेम में सेन एक समय 7-14 से पीछे चल रहे थे, लेकिन उन्होंने शानदार वापसी की नेट के पास ड्रॉप शॉट्स का अच्छा उपयोग किया। क्रॉस-कोर्ट स्मैश के साथ, उन्होंने जल्द ही 18-17 से बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद उन्होंने बैकहैंड पर दो रिटर्न के साथ एक मैच प्वाइंट हासिल किया और अंत में दूसरे गेम 21-19 से जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

इस बीच, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय इन-फॉर्म पुरुष युगल जोड़ी चीनी ताइपे की ओलंपिक विजेता ली यांग और के वांग ची-लान की जोड़ी से 15-21, 25-23, 16-21 से हार गई।

## आइसीसी आचार संहिता उल्लंघन के दोषी पाये गये जापानी बल्लेबाज इब्राहिम ताकाहाशी

**दुबई।** जापान के बल्लेबाज इब्राहिम ताकाहाशी को पापुआ न्यू गिनी में फिलीपींस के खिलाफ आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप पूर्वी एशिया प्रशांत (ईएपी) क्वालीफायर मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के स्तर 1 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। ताकाहाशी को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायता कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो एक अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़े, ग्राउंड उपकरण या फिक्स्चर और फिटिंग के दुरुपयोग से संबंधित है। ताकाहाशी ने अपराध स्वीकार कर लिया है। इसलिए किसी औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं पड़ी। इसके अलावा, ताकाहाशी के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है, 24 महीने की अवधि में यह उनका पहला अपराध है। यह घटना जापान की पारी के दौरान ताकाहाशी के आउट होने के बाद घटी। चेंजरूम में घुसने के बाद उन्होंने चेंजिंग रूम के दरवाजे से सटी दीवार को क्षतिग्रस्त कर दिया। मैदानी अंपायर शॉन हैग और अलु कापा, तीसरे अंपायर फिलिप गिलेस्पी और चौथे अधिकारी क्लेयर पोलोसाक ने आरोप लगाए। लेवल 1 के उल्लंघनों में न्यूनतम जुमार्ना आधिकारिक फटकार व अधिकतम जुमार्ना खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत और एक या दो डिमेरिट अंक होते हैं।

# बिहार की खबरें

## बिहार के तीन आईएएस अधिकारी इधर से उधर

**पटना।** बिहार सरकार ने तीन आईएएस अधिकारियों को इधर से उधर किया है। सरकार ने एक आईएएस अधिकारी को प्रभार मुक्त किया है जबकि दो आईएएस को अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार सरकार ने 2008 बैच के आईएएस अधिकारी और बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य परियोजना निदेशक बी. कार्तिकेय धनजी को राज्य परिवहन आयुक्त के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करते हुए उन्हें बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। वहीं, 2007 बैच के आईएएस अधिकारी और शिक्षा विभाग के सचिव वैधनाथ यादव से बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम के प्रबंधन निदेशक का अतिरिक्त प्रभार वापस ले लिया है। साथ ही 2008 बैच की आईएएस अधिकारी आशिमा जैन को परिवहन आयुक्त का प्रभार सौंपा गया है।

## मुहर्रम जुलूस को लेकर डीएम एवं एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ की बैठक

**सहरसा।** जिला पदाधिकारी वैभव चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से मुहर्रम पर्व के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण हेतु प्रेक्षागृह में सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। मुहर्रम पर्व 29 एवं 30 जुलाई को मनाया जाएगा। मुहर्रम जुलूस के समय अत्यंत सतर्कता एवं सावधानी बरतने की आवश्यकता है ताकि विधि-व्यवस्था संबंधी कोई समस्या उत्पन्न न हो। जुलूसों का शत-प्रतिशत लाइसेंसी होना अनिवार्य है।अमुमन जिले में मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाता है। मुहर्रम पर्व के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु दंडाधिकारी,पुलिस पदाधिकारी, बल की महत्वपूर्ण स्थलों पर प्रतिनियुक्ति की गई है। जिले के सिमरी बख्तियारपुर थाना क्षेत्र संवेदनशील रहा है। इस क्षेत्र में प्रखंड विकास पदाधिकारी,थानाध्यक्ष, अंचलाधिकारी विशेष निगरानी रखेंगे। साथ हीं सोनवर्षा,नवहट्टा, बसनही,बनगांव,सलखुआ,सौर बाजार तथा महिषी थाना क्षेत्रों में विशेष सर्तकता बरतने की आवश्यकता है।पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि सोशल मीडिया पर एक दूसरे की भावनाओं को आहत करने वाले पोस्ट पर कड़ी नजर रखी जाएगी। इस पर सर्तकता बरतने की आवश्यकता है। पर्व में जबरन चंदा वसूलने को लेकर विवाद न हो इसपर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

## खनन विभाग के पदाधिकारी लगातार चलाए छापामारी अभियान : डीएम

**किशनगंज।** जिलाधिकारी, श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय स्थित उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में शुक्रवार को आयोजित की गयी। बैठक में डीएम के द्वारा 2023-24 में राजस्व संग्रह के लिए एजेंडावार समीक्षा की गई।जिलांतर्गत सभी बालूघाट संचालन व अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन, ईट भट्ठा संचालन व अवैध संचालकों पर कार्रवाई, रॉयल्टी संग्रहण, माइनिंग ईनफोर्समेंट हेतु वन के अधिकारियों से समन्वय आदि के बिन्दु पर गहन समीक्षा हुई। वार्षिक लक्ष्य के विरुद्ध राजस्व संग्रह की समीक्षा की गई। खनिज विकास पदाधिकारी और खान निरीक्षक को डीएम ने निर्देश दिया कि लगातार क्षेत्र भ्रमण कर अवैध खनन के विरुद्ध छापामारी करें तथा विभागीय पत्र के आलोक में बालू घाट बंद रखना और ससमय खनन प्रारंभ करने समेत अन्य कार्य कराना सुनिश्चित करें।

# आक्रोशित भीड़ ने आरोपित के घर पर की तोड़फोड़, पुलिस छावनी में तब्दील रहा चमथा

एजेंसी

**बेगूसराय।** बछवाड़ा थाना क्षेत्र के चमथा पंचायत-एक में चार दिनों से लापता नाबालिग बच्ची का शव गुरूवार की देर रात गुड्डू सिंह के घर के बेसमेंट में मिलने के बाद शुक्रवार को बवाल हो गया है। बेसमेंट में दस फीट नीचे दफनाया गया शव मिलते ही स्थानीय लोगों में आक्रोश फूट पड़ा।

स्थानीय प्रशासन ने किसी तरह आक्रोशित ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय भेज दिया। लेकिन पोस्टमार्टम के बाद शव गांव आते ही ग्रामीणों की भीड़ ने उग्र होकर आरोपी के घर पर तोड़फोड़ करते हुए दो मोटरसाइकिल, एक मारुती कार समेत घर में रखे फर्नीचर में आग लगा दिया।

हालांकि, स्थानीय प्रशासन ने मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल एवं अग्निशमन दस्ता के साथ घटना स्थल पहुंचकर आग पर किसी तरह काबू पाया। लेकिन, पुलिस प्रशासन और स्थानीय लोगों



के बीच तनाव बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म कर हत्या की गई। शव को घर के बेसमेंट में ही गढ्ढा कर मिट्टी में दबा दिया गया। घटना में शामिल आरोपितों को फांसी की सजा दी जाए।

ग्रामीणों का आरोप है कि चमथा में पुलिस आउट पोस्ट पर तैनात पुलिस पदाधिकारी के द्वारा आरोपी के घर आना-जाना लगा रहता था। जिसके कारण आरोपी ने बेखौफ होकर एक नाबालिग बच्ची के साथ शर्मनाक घटना को अंजाम दिया। पहले भी इसने घिनौने वारदात को अंजाम दिया था। गुड्डू सिंह का पूरा गिरोह मानव तस्करी में शामिल है। पुलिस अगर उसके काले कारनामे पर पहले ही रोक लगा देती तो ऐसी वारदात नहीं होती।

एसपी योगेन्द्र कुमार ने बताया कि घटना में शामिल छह आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। एफएसएल की टीम घटना की जांच में जुटी हुई है। दोषी को कड़ी सजा दिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि घटना से आक्रोशित लोगों ने मुख्य आरोपी के घर में हमला किया। लोगों को समझा-बुझाकर आक्रोश शांत कर दिया गया, स्थिति नियंत्रण में है। पुलिस घटनास्थल पर कैंप कर रही है।

उल्लेखनीय है कि 24 जुलाई को चमथा पंचायत-एक के छोटखूंट निवासी दस वर्षीय बच्ची मेंहदी का पत्ता तोड़ने पड़ोसी गुड्डू सिंह के घर गई थी। जब मेंहदी तोड़कर वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने खोजबीन शुरू किया, लेकिन बच्ची का कहीं अता पता नहीं चला। जिसके बाद पिता ने बछवाड़ा थाना में आवेदन देकर शिकायत की। तेघड़ा डीएसपी डॉ. रविन्द्र मोहन प्रसाद के नेतृत्व में डॉग स्क्वायड टीम के द्वारा खोजबीन किया गया।

लेकिन कहीं बच्ची का पता नहीं चल सका। इस मामले में पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया, लेकिन बांड बनाकर छोड़ दिया गया। जिससे स्थानीय लोग और भी आक्रोशित हो गए। गुरूवार को एसपी सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा विभिन्न तरीके से पूछताछ एवं डॉग स्क्वायड टीम की मदद से शव घर के अंदर बेसमेंट से जमीन खोदकर निकाला गया।

## खेलो इंडिया के तहत खेल भवन में होगा कुश्ती सेन्टर की स्थापना

### खिलाड़ियों को मिलेगा मुफ्त प्रशिक्षण

एजेंसी

**सहरसा।** भारत सरकार के उपक्रम खेलो इंडिया सेन्टर में अलग-अलग खेलों में देश के विभिन्न राज्यों में एक हजार सेन्टर खोलने का भारत सरकार द्वारा प्रस्ताव पास किया गया है। जिसमें बिहार राज्य को 33 खेलों इंडिया सेन्टर हिस्सा मिला।

सहरसा कुश्ती संघ सचिव सह नेशनल कोच हरेंद्र सिंह मेजर ने कहा कि सहरसा जिला कुश्ती खेल में राज्य स्तरीय से नेशनल स्तरीय प्रतियोगिता में 55 मेडल प्राप्त कर,खेलो इंडिया सेन्टर दिल्ली तक अपनी प्रतिभागियों के बल पर सहरसा जिला कुश्ती खेल में परचम लहराते हुए अपनी स्थान पक्की कर ली।

ज्ञात हो कि बिहार राज्य खेल प्राधिकरण महानिदेशक सह एटीएस महानिदेशक रविन्द्र संस्करण ने विधिवत विडियो कांफ्रेंसिंग करके 33 खेलों इंडिया सेन्टर होने जानकारी दी। जिला खेल पदाधिकारी को सभी नियमों के साथ मार्गदर्शन देते हुए 15 अगस्त के शुभ अवसर पर सभी खेलों इंडिया सेन्टर का विधिवत खेल मंत्री के साथ उद्घाटन करेंगे।

जिला खेल पदाधिकारी कार्यालय द्वारा जिले के सभी प्रखंडों को पत्र निर्गत कर सभी खिलाड़ियों को ट्रायल करके 30 प्रतिभागी पहलवानों को चयनित किया जायेगा। सभी 30 प्रतिभागी पहलवानों को बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा अंतरराष्ट्रीय कोच की नियुक्ति कर खेल भवन सहरसा में नियमित सुबह शाम निशुल्क प्रशिक्षण शिविर में प्रैक्टिस करवाते हुए राज्य स्तरीय से नेशनल स्तरीय प्रतियोगिता में पहलवान भाग लेंगे।

जिला खेल पदाधिकारी कार्यालय द्वारा एवं जिला कुश्ती संघ द्वारा निगरानी किया जायेगा ताकि आगे राज्य से नेशनल स्तरीय प्रतियोगिता में सहरसा जिला परचम लहराते रहेंगे। इस ऐतिहासिक स्वर्ण काल की उत्सव महोत्सव अवसर पर जिला अध्यक्ष नितेंद्र प्रताप नन्हे, वरीय अधिवक्ता संतोष दत्ता,प्रितेश लखन, नगर निगम मेयर बैन प्रिया, उपमेयर गुड्डू हयात एवं जिले के सभी खेल संघ,सभी पार्टी की ओर से इस उपलब्धि पर सहरसा कुश्ती संघ सचिव नेशनल कोच हरेंद्र सिंह मेजर को हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# बैडमिंटन खेलते नजर आये राजद सुप्रीमो लालू यादव

एजेंसी

**पटना।** विपक्षी एकता के बहाने फिर से राजनीति में सक्रिय हुए राजद सुप्रीमो लालू यादव की एक तस्वीर सामने आई है जो आज सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई। लालू यादव के छोटे बेटे तेजस्वी यादव ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम आईडी पर अपने पिता लालू यादव का वीडियो



शेयर किया है। वीडियो में लालू यादव बैडमिंटन खेलते नजर आ रहे हैं।

इस वीडियो को शेयर करते हुए तेजस्वी यादव ने लिखा है कि ह्यडरना नहीं सीखाङ्घ झुकना नहीं हैङ्घ.लड़ा है, लड़ेंगे जेल से नही डरेंगे और आखिर में जीतेंगे।ह्न इससे पहले कई दफा तेजस्वी यादव ने अपने खेलकूद का वीडियो सोशल अकाउंट पर शेयर किया है। जिसमें वह कभी क्रिकेट खेलते नजर आते हैं तो कभी बैडमिंटन खेलते।

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव सालों पहले जब लालू मुख्यमंत्री थे तो सीएम रहते क्रिकेट खेलते नजर आए थे पर आज 76 साल के लालू एकबार फिर खेलते नजर आ रहे हैं लेकिन इस बार उनके हाथों में बैट नहीं रैकेट दिखा। बैडमिंटन खेलती वीडियो और तस्वीरों से अनुमान लगाया जा सकता है कि लालू प्रसाद यादव इस समय बिलकुल फिट हैं।

किडनी की बीमारी होने के बाद लालू प्रसाद ने सिंगापुर जाकर किडनी ट्रांसप्लांट कराया था। कुछ महीने वह दिल्ली में ही रह रहे थे। सेहत ठीक होने पर वह पटना आये और फिलहाल वह पटना में आराम कर रहे हैं इस दौरान वो राजनीति में भी लगातार एक्टिव हैं। यही कारण है कि लालू विपक्षी एकता यानी इंडिया की मीटिंग में भी काफी एक्टिव दिखे थे।

उल्लेखनीय है कि लालू प्रसाद यादव का खेल से पुराना प्रेम रहा है। लालू प्रसाद यादव जब मुख्यमंत्री थे उस समय पटना के मोइनुल हक स्टेडियम में कीनिया और जिम्बाबे के बीच अंतरराष्ट्रीय एक दिवसीय मैच हुआ था।

स्पीड न्यूज

## कोडरमा : छत से गिर कर फर्नीचर मिस्त्री की मौत

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत झंडा चौक के समीप एक घर में फर्नीचर का काम कर रहे मिस्त्री की छत से गिरने से मौत हो गयी। बड़कागांव निवासी दिलीप कुमार महतो (28) फर्नीचर का काम करता था। गुरुवार शाम को काम खत्म कर रात में छत पर सोने गया एवं अचानक देर रात बहुत जोर आवाज आई तभी जाकर देखा तो दिलीप छत से गिरा हुआ था।

## ग्रामीणों ने लगाया पुल नहीं तो वोट नहीं का नारा

**जामा।** प्रखंड के धनाडीह, सिमरा पंचरुखी, पियरशाला, दुबरी कदेली, बसबुटिया आदि कई गांवों के ग्रामीणों ने थाना क्षेत्र के सिमरा पंचायत के धनाडीह एवं सेजाकोड़ा गांव के बीच लठिया जोरिया नदी पर पुल निर्माण की मांग कर रहे हैं। बार बार गुहार के बाद भी पुल नहीं बनने से नाराज ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए पुल नहीं तो वोट नहीं का नारा लगाया।

## जेआरडी की स्मृति में एयरो मॉडलिंग व वॉकथॉन आज

**जमशेदपुर।** टाटा समूह के चमत्कारिक नेतृत्वकर्ता रहे जेआरडी टाटा की जयंती के अवसर पर शनिवार को वॉकथॉन का आयोजन किया जायेगा। इसमें पंजीकृत प्रतिभागियों समेत टाटा स्टील के ग्लोबल एमडी एंड सीइओ टीवी नरेंद्रन भी दौड़ लगायेंगे। इसके अलावा सुबह 9.30 बजे से गोपाल मैदान में एयरो मॉडलिंग शो का आयोजन किया जायेगा। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्तदान शिविर का आयोजन रेड क्रस भवन में किया जायेगा। टाटा स्टील समुह की कंपनी जेमीपोल के प्रायोजन में आयोजित रक्तदान शिविर में नियमित रक्तदाता प्रात: 930 से संध्या 4 बजे तक रेड क्रस भवन में रक्तदान कर सकेंगे।

## आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों में सामग्री का वितरण

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मरचोई गांव में मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र सह प्री-नर्सरी स्कूल नंबर 2 में सेविका नीति एवं सहायिका संगीता कुमारी के द्वारा विभिन्न प्रकार के सामग्री यथा जूता, पेंसिल, कॉपी और ड्रेस का वितरण कुल 40 बच्चों के बीच किया गया। मौके पर मरचोई पंचायत के मुखिया उत्तम कुमार ने कहा की झारखंड सरकार का बहुत ही सराहनीय कार्य है, जिससे बच्चो में उत्साह बढ़ता है और प्रोत्साहित भी होता है। इससे बच्चों को केंद्र तक आने के लिए आकर्षित होते हैं।

## दुष्कर्म का आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के तलसबरिया पंचायत क्षेत्र में कुछ दिन पूर्व हुए दुष्कर्म के मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि तलसबरिया पंचायत क्षेत्र के एक गांव में हुए दुष्कर्म के आरोपी चंदन कुमार पिता उदय राम को पोक्सो एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। पीड़िता ने आरोप लगाया था कि गांव के ही एक युवक 6 माह से दुष्कर्म करते आ रहा था।

## बाइक सवार युवा पेड़ से टकरा कर घायल

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर-खरौंधी मुख्य मार्ग पर मकरी ढेकुलिया टोला के समीप एक तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे पेड़ से टकरा गयी। इस घटना में बाइक चालक मकरी निवासी अशोक विश्वकर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए तत्काल स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गढ़वा रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार अशोक बाइक पर सवार होकर मकरी से भवनाथपुर जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई।

## मुहर्रम को ले प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च

**भवनाथपुर।** एसपी के निर्देश पर मुहर्रम त्यौहार मे विधि व्यवस्था के लिए शुक्रवार को प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च में नागरिक और पुलिस प्रशासन दोनों के अधिकारी शामिल थे। फ्लैग मार्च इंस्पेक्टर कृष्णा कुमार, बीडीओ जयपाल महतो, सीओ रामशंकर श्रीवास्तव, थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय के नेतृत्व में निकाला गया। फ्लैग मार्च थाना मोड़ से कर्पूरी चौक चपरी, बेलपहाड़ी, टाउनशिप, अरसली दक्षिणी, अरसली उत्तरी पंचायत समेत कई मार्गो से गुजरा।

# जमशेदपुर के कांवरिया की बासुकीनाथ में हत्या

### पूजा कर लौट रहे थे, नंदी चौक के पास मारी गोली



घटनास्थल पर मामले की छानबीन करते पुलिस पदाधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिले के जरमुंडी थाना क्षेत्र से महज 100 मीटर की दूरी पर बासुकीनाथ नंदी चौक के समीप गुरुवार की रात्रि 11.45 बजे के करीब बासुकीनाथ पूजा अर्चना करने आए जमशेदपुर गौड़ बस्ती, कृष्णा नगर मानगो के कांवरिया 40 वर्षीय अमरनाथ सिंह की गोली मारकर अज्ञात अपराधियों ने हत्या कर दी। घटना के वक्त अमरनाथ सिंह पूजा अर्चना करने के उपरांत अपने गांव के भतीजा मनीष कुमार के साथ था। जबकि अमरनाथ की पत्नी नेहा सिंह, चार बच्चे व परिवार के अन्य सदस्य बाजार में यत्र-तत्र थे। इस दौरान कांवरिया वेश में आए अज्ञात अपराधियों ने झोला से हथियार निकाल कर कनपटी से सटाकर करीब छह-सात राउंड फायरिंग कर निकल भागे। फायरिंग की आवाज सुनकर आस-पास बड़ी संख्या में मौजूद पुलिस पदाधिकारी, स्थानीय लोगों ने व अन्य ने उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक उमाकांत मेहरा ने उसकी मृत्य की पुष्टि कर दी। घटना की जानकारी मिलने पर घटना स्थल पर जरमुंडी थाना के पुलिस निरीक्षक दयानंद साह, एसआई अनुज कुमार यादव, एएसआई योगेंद्र शर्मा, अशोक कुमार, बासुकीनाथ नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष मंटू लाहा, उपाध्यक्ष अमित कुमार साह उर्फ छोटू साह सहित स्थानीय ग्रामीण सहित भारी संख्या में पुलिस बल पहुंच गए। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया कर जांच में जुटी है।

# एलएनजी से समुद्री जहाज चलाने में देश की पहली कंपनी बनी टाटा स्टील

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर/ कोलकाता।** टाटा स्टील ने सस्टेनेबिलिटी में कई इंडस्ट्री फर्स्ट् पहल को अपनाया है। सस्टेनेबल भविष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, टाटा स्टील बल्क करियर पर कार्गो आयात करने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गयी। जो पारंपरिक वीएलएसएफओ (वेरी लो सल्फर फ्यूल ऑयल) के बजाय ईंधन के रूप में एलएनजी का उपयोग करती है। यह अभूतपूर्व जहाज भारत में सस्टेनेबल शिपिंग अभ्यासों के लिए एक नया मानक स्थापित करता है। समुद्री क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित हुआ है। 24 जुलाई, 2023 को, केप वेसल एमवी उ बुन्टू यूनिटी 1,65,700 मीट्रिक टन कोयले का निर्वहन करने के लिए सफलतापूर्वक धामरा पोर्ट पर पहुंचा। इस जहाज का पोर्ट पर टाटा स्टील के चीफ, ग्रुप शिपिंग, रंजन सिन्हा, टाटा स्टील और धामरा पोर्ट के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वागत किया गया। आगे बढते हुए, टाटा स्टील ने ऐसे एलएनजी संचालित जहाजों में अस्ट्रेलिया से वित्त वर्ष 24 में 1 मिलियन टन कोकिंग कोयला आयात करने की योजना बनायी है। धामरा पोर्ट ने एलएनजी जहाज को विशेष सुविधा भी दिया, जिससे टाटा स्टील की स्कोप 3 उत्सर्जन को कम करने की दिशा में योगदानमिला। एमवी उबुन्टू यूनिटी ने ग्लैडस्टोन बंदरगाह से कोयला लोड किया और 1 जुलाई, 2023 को रवाना हुआ। उसने अपने बालास्ट लेग (तियानजिन से ग्लैडस्टोन) के दौरान एलएनजी और अपने लोडिंग चरण (ग्लैडस्टोन से धामरा) के दौरान एलएनजी और पारंपरिक ईंधन के मिश्रण का उपयोग किया। इस यात्रा के दौरान कार्बन उत्सर्जन 1800 टन कम था जो पारंपरिक बाल्टिक स्पेसिफेशन केप वेसल्स कीतुलना में 35 प्रतिशत कम है। बल्क शिप्स में इस्तेमाल होने वाले भारी ईंधन तेल की तुलना में एलएनजी एक स्वच्छ ईंधन है और एलएनजी की बढती उपलब्धता के साथ, इस ईंधन को शून्य कार्बन उत्सर्जन के पथ पर ट्रांजिशन फ्यूल माना जाता है। इससे जलवायु परिवर्तन को कम करने के वैश्विक प्रयासों के साथ तालमेल बिठाया जा रहा है। टाटा स्टील के ग्रुप स्ट्रैटेजिक प्रोक्योरमेंट एंड सप्लाई चेन के वाइस प्रेसिडेंट पीयूष गुप्ता ने कहा, 2021 में, टाटा स्टील भारतीय स्टील उद्योग में जैव ईंधन से संचालित जहाज तैनात करने वाली पहली कंपनी बन गयी। हमने वित्त वर्ष 23 में 7 बायो फ्यूल शिपमेंट के साथ डीकार्बोनेशन अभियान जारी रखा।



### आस्ट्रेलिया से 1,65,700 मीट्रिक टन कोयला लेकर धामरा बंदरगाह पहुंच जहाज

# 42 पीस केन बीयर के साथ शराब तस्कर गिरफ्तार

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नसारगंज चेक नाका से भाग रहे एक अल्टो कार संख्या जेएच01क्यू/3492 को बजनिया के समीप से पकड़ा गया। जिसमें 42 पीस केन बियर के साथ दो व्यक्ति 25 वर्षीय अखिलेश कुमार पिता मिथिलेश यादव साकिन मसूदा थाना वारसलीगंज जिला नवादा एवं 19 वर्षीय कौशल कुमार पिता महेंद्र यादव साकिन कुंज थाना रोड जिला नवादा बिहार को पकड़ा गया। जिसे गाड़ी, दारू और पकड़ा व्यक्ति को थाना पर रखा गया है एवं अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय हो की चेक नाका से गाड़ी तेज रफ्तार में शिवपुर गांव की तरफ भागने के क्रम में पूरे गांव रफ्तार से गाड़ी चलाते हुए माधोपुर रोड होते हुए जा रहा था, जिसका पीछा सतगावां पुलिस के द्वारा किया जा रहा था।

## पेज एक का शेष

### विकास के साथ...

राज्य में 50 हजार एकड़ भूमि पर बिरसा हरित ग्राम योजना चलाई जा रही है। मुख्यमंत्री वनधन योजना के तहत पेड़ लगाने पर 75 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आम लोगों के भागीदारी से ही हाथियों को भी संरक्षित करने में सफलता मिल सकेगी।

खनिजों का लाभ नहीं, विस्थापन का दर्द मिला : मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड नाम से ही यह समझ सकते हैं कि हमारा राज्य जंगल, झार से भरा प्रदेश है। इस राज्य को जल, जंगल और जमीन के लिए जाना जाता है। यहां के आदिवासी-मूलवासी जल, जंगल, जमीन से ही प्रेम करते हैं। यहां लगभग सभी खनिज संपदा प्रचुर मात्रा में प्रकृति ने हमें दी है। यहां तक कि परमाणु बनने वाला खनिज भी इस राज्य में मौजूद है, लेकिन,विडंबना है कि इन खनिज संपदाओं का पूरा लाभ राज्यवासियों को आज तक नहीं मिल पाया। यहां के लोगों को विस्थापन का दर्द जरूर मिला है। **हाथी निगरानी प्रणाली एप जारी :** इस अवसर पर सीएम ने मोबाइल एप्लीकेशन आधारित हाथी विचरण निगरानी प्रणाली ऐप, वन विभागीय वेबसाइट, राष्ट्रीय ट्रांजिट पास प्रणाली का उदघाटन तथा जलवायु परिवर्तन अनुकूलन से संबंधित बुकलेट का लोकार्पण किया। मौके पर सीएम एवं अन्य अतिथियों ने ट्रेनिंग ग्राउंड खोजाटोली नामकुम में पौधरोपण भी किया गया। विधायक राजेश राजेश कच्छप ने मानव का विकास एवं जलवायु परिवर्तन में समन्वय बनाने तथा प्राकृतिक संतुलन को लेकर अपने संबोधन में विस्तृत प्रकाश डाला। समारोह में अपर मुख्य सचिव वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग एल खियांगते, प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय श्रीवास्तव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक कुलवंत सिंह, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एनके सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### कृषि का वैकल्पिक...

उन्होंने क्रॉप डायवर्सिफिकेशन को लेकर निर्देश दिया और कहा कि प्रखंड स्तर पर योजना तैयार की जाये ताकि किसानों को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाया जा सके। किसान खुश नहीं रहेंगे, तो हमारे चेहरे पर कैसे खुशी आयेगी। ऐसे में तीन दिनों के अंदर बीज, मिलेट्स और वैकल्पिक योजना तैयार करके विभाग को भेजें। बादल ने कहा कि मिलेट्स मिशन के लिए सरकार ने 50 करोड़ की राशि का बजट में प्रावधान रखा है। इसलिए मिलेट के लिए इच्छुक किसानों का डाटा तैयार करें ताकि बजट आवंटन के साथ ही किसानों को लाभ दिया जा सके। बादल ने कहा कि राज्य में करीब 10 लाख हेक्टेयर जमीन परती है हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि प्रत्येक वर्ष 2 लाख हेक्टेयर भूमि को कृषि योग्य बनाये ताकि किसानों के चेहरे पर मुस्कुराहट आ सके।

### सेमीकंडक्टर के लिए ...

उन्होंने वैश्विक भलाई और बेहतर दुनिया के लिए भारत की क्षमता को बढ़ावा देने पर जोर दिया। पीएम ने इस उद्यम में भागीदारी, सुझावों और विचारों का स्वागत किया और उद्योग जगत के नेताओं को आश्वासन दिया कि भारत सरकार हर कदम पर उनके साथ खड़ी है।

**युवाओं से अपील :** पीएम ने सभी से, विशेषकर युवा पीढ़ी से यहां चल रही प्रदर्शनी में आने और नयी तकनीक की ताकत को समझने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हम भारत के डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्षेत्र में बड़ी तेजी से वृद्धि हो रही है। वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण में भारत की हिस्सेदारी कई गुना बढ़ गयी है। यह भारत की सेमीकंडक्टर रणनीति और नीतियों को प्रदर्शित करता है, जो भारत को सेमीकंडक्टर के डिजाइन, विनिर्माण और प्रौद्योगिकी विकास के लिए एक वैश्विक केंद्र बनाने की परिकल्पना करते हैं। सेमीकॉनइंडिया 2023 में माइक्रोन टेक्नोलॉजी, एप्लाइड मैटेरियल्स, फॉक्सकॉन, एसईएमआई, कैडेंस और एएमडी जैसी प्रमुख कंपनियों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

### माब लिंचिंग पर ...

शीर्ष अदालत ने 2018 के पूनावाला मामले में अपने फैसले में भीड़ हिंसा को रोकने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों को व्यापक दिशानिर्देश जारी की थी। अधिवक्ता सुमिता हजारिका और रश्मी सिंह के माध्यम से दायर एनएफआईडब्ल्यू की याचिका में कई घटनाओं को उजागर करने की मांग की गयी है। याचिका में हाल की एक घटना समय पर कई घटनाओं का जिक्र किया गया है। एक घटना बिहार के सारण जिले में 28 जून 2023 को हुई थी, जहां जहरुद्दीन नाम के 55 वर्षीय ट्रक ड्राइवर को गोमांस ले जाने के संदेह में भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला था। याचिका में इन घटनाओं के अलावा, ओडिशा, राजस्थान समेत कई घटनाओं का जिक्र करते हुए न्याय की गुहार लगायी गयी है।

### कोयला आयात की...

आयोग में 29 सदस्य होंगे, जिसके अध्यक्ष को नर्सिंग और मिडवाइफरी में स्नातकोत्तर होने के साथ ही कम से कम 20 साल का कार्य अनुभव होना अनिवार्य किया गया है। यह विधेयक भारतीय नर्सिंग काउंसिल अधिनियम 1947 को निरस्त करता है और इसमें नर्सिंग और मिडवाइफरी पेशेवरों के लिए शिक्षा और सेवाओं के मानकों के विनियमन और रखरखाव के नये प्रावधान किये गये हैं। आयोग के पदेन सदस्यों में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग, सैन्य नर्सिंग सेवा और स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के प्रतिनिधि शामिल होंगे। आयोग के कार्यों में नर्सिंग और मिडवाइफरी शिक्षा के लिए नीतियां तैयार करना और मानकों को विनियमित करना, नर्सिंग और मिडवाइफरी संस्थानों में प्रवेश के लिए एक समान प्रक्रिया प्रदान करना, नर्सिंग और मिडवाइफरी संस्थानों को विनियमित करना और शिक्षण संस्थानों में संकाय के लिए मानक प्रदान करना शामिल है। दंत चिकित्सा आयोग विधेयक को पारित करने के लिए प्रस्तुत करते हुए श्री मांडविया ने कहा कि इसमें दंत चिकित्सा व्यवसाय के विनियमन को बेहतर करने के प्रावधान किये गये हैं। इस विधेयक में गुणवत्तापूर्ण और किफायती दंत चिकित्सा शिक्षा प्रदान करने की व्यवस्था की गयी है।

### कैश कांड में ...

दिल्ली में केंद्रीय टीम ने पूरे मामले की समीक्षा की और प्रदेश कांग्रेस इकाई को निलंबन खत्म करने का पत्र भेजा था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पत्र के आलोक में झारखंड कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कांग्रेस के तीनों विधायक इरफान अंसारी, नमन विक्सल कोंगाड़ी और राजेश कच्छप को निलंबन मुक्त कर दिया है।

**भ्रम की स्थिति खत्म :** निलंबन से मुक्त तीनों कांग्रेसी विधायकों ने पार्टी आलाकमान को धन्यवाद देते हुए कहा कि हम सब निर्दोष थे। अदालत ने भी हमें निर्दोष करार दिया है। निलंबन मुक्त हुए विधायकों ने कहा कि कुछ भ्रम और गलतफहमियां थी जो समाप्त हो गयी हैं। तीनों विधायकों ने कहा कि आलकमान के फैसले से राज्य में कांग्रेस और मजबूत होगी। उल्लेखनीय है कि बंगाल पुलिस ने हावड़ा में जांच के दौरान 30 जुलाई 2022 को कांग्रेस के तीनों विधायकों को बड़ी रकम के साथ पकड़े जाने पर हिरासत में ले लिया था।

# छोटे वस्त्र, मानव के मर्यादा एवं लज्जा को भंग करते हैं : जीयर स्वामी

खबर मन्त्र संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** श्री बंशीधर नगर के पाल्हे जतपुरा गांव में आयोजित चातुर्मास्यव्रत सह श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में आयोजित प्रवचन में जीयर स्वामी ने कहा कि नैमिशारण्य की धरती पर सूत जी महाराज से शौनक ऋषि ने पूछा कि कलयुग में मानव का उद्धार कैसे होगा? जिस पर कथा सुनाते हुए सूत जी महाराज ने कहा कि हरिनाम संकीर्तन और सत्संग से ही मानव का उद्धार कलयुग में होगा। सूत जी महाराज ने ऋषियों को भागवत जी के महिमा को सुनाते हुए कहा कि भागवत सभी वेद, उपनिषद एवं धार्मिक ग्रंथों का सार है। जीयर स्वामी ने कहा कि आज का मानव धर्म भी करते हैं, कर्म भी करते हैं, लेकिन शर्म नहीं करते। मनुष्य का नैतिक स्तर बहुत गिर गया है, आज भजन कीर्तन में भी लोग आधुनिक अश्लील धुन बजा कर नाच रहे हैं, जो मर्यादा के विरुद्ध है। कहा कि एडवांस युग की दुहाई देने वाले लोग कम वस्त्र पहन कर अपने आप को एडवांस बता रहे हैं, जिससे उनके संस्कार बिगड़ रहे हैं। किसी भी परिस्थिति में मनुष्य को अपनी मर्यादा, संस्कृति और संस्कार को नहीं छोड़ना चाहिए, क्योंकि मनुष्य के जीवन से यह सब चले जाने के बाद उनका विनाश निश्चित है। उन्होंने बिहार के बक्सर जनपद के पावन भूमि की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि यह भूमि सतयुग से ही देवी-



जीयर स्वामी

देवताओं की जन्म स्थली रही है। जहां त्रेता में भगवान राम स्वयं यहां आकर ऋषि- मुनियों की रक्षा के लिए आसुरी प्रवृत्ति के लोगों का संघार किया। उन्होंने कहा कि धरती पर केवल मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है जिसके लिए कई ग्रंथ- पुराण, उपनिषद- वेद आदि की रचना के साथ कई अविष्कार किए गए। जबकि पृथ्वी पर पशुओं और अन्य जीवों के लिए आज तक कोई अविष्कार नहीं हुआ, फिर भी पशुओं ने अपना र्म नहीं छोड़ा। लेकिन आज का इंसान विभिन्न प्रकार के आविष्कार और धर्म ग्रंथों के मौजूद होने के बावजूद अपनी मर्यादा से गिरता जा रहा है। प्रायश्चित द्वारा हमारा समाधान हो ही जाएगा यह कोई जरूरी नहीं है। हो भी सकता है, नही भी हो सकता है। जिंदगी भर उल्टा पुल्टा काम किया और चारो धाम का यात्रा करने से हो जाएगा। केवल यज्ञ से, पूजा से, दान से, तप से व्यक्ति को धार्मिक नहीं माना जाएगा। धर्म के 8 खंबे होते हैं। यज्ञ अध्ययन तप, दान। 8 खंभों में से चार खंभा साझी है। उसे अच्छे लोग भी करते हैं। बुरे लोग भी करते हैं। और चार धर्म का जो खंभा है वह केवल अच्छे लोग ही करते हैं। यज्ञ बाबा विश्वामित्र, वशिष्ठ जैसे अच्छे लोग भी करते हैं और यज्ञ पापी रावण कुम्भकरण जैसे लोग भी करते हैं। अच्छे लोग इसलिए करते हैं कि हमारे पास कुछ बल आ जाए कि उपकार करें। बुरे लोग इसलिए करते हैं कि दुसरे को सताएं। अन्य चारधर्म का जो खंभा है वह केवल अच्छे लोगो में ही पाया जाता है। धैर्य, क्षमा, संतोष, अलोभ। साबुन, सर्फ, जल से कपड़ा की गंदगी साफ हो जाती है। परंतु और गंदगी साफ नही होती है। जो व्यक्ति धर्म करता है वह धार्मिक है। जो हठ करके धर्म करता है वह धर्माभास है।

# धनबाद : मुहर्रम में चाक-चौबंद रहेगी व्यवस्था दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी प्रतिनियुक्त

**0326-2311217, 0326-2311807, 100 रहेगा जिला नियंत्रण कक्ष का नंबर**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** मुहर्रम को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक तथा अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) ने संयुक्त आदेश जारी कर जिले को 7 जोन में बांटा है। सभी जोन में जोनल दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है।

वहीं सभी थाना क्षेत्र व ओपी में पुलिस पदाधिकारियों के साथ दंडाधिकारी मौजूद रहेंगे। जिला नियंत्रण कक्ष 29 जुलाई 2023 के सुबह 6 बजे से 30 जुलाई के सुबह 6 बजे तक कार्यरत रहेगा। इसके अलावा सभी थाना में मोबाइल टीम मौजूद रहेगी। जिले को धनबाद, कतरास, चिरकुंडा, झरिया, गोविंदपुर, टुंडी व तोपचांची जोन में बाटा गया है। वहीं जिले के 27 थाना क्षेत्र एवं 2 ओपी क्षेत्र में विशेष सतर्कता एवं निगरानी बरती जायेगी।

### आज सुबह 6 बजे से कल सुबह 6 बजे तक कार्यरत रहेगा नियंत्रण कक्ष

धनबाद जिला नियंत्रण कक्ष 29 जुलाई के सुबह 6 बजे से 30 जुलाई के सुबह 6 बजे तक कार्यरत रहेगा। जिला नियंत्रण कक्ष में तीन शिफ्ट के लिए 18 दंडाधिकारियों व 9 पुलिस कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। एक शिफ्ट में 6 दंडाधिकारी व 3 पुलिस कर्मी मौजूद रहेंगे। जिला नियंत्रण कक्ष का नंबर 0326-2311217, 0326-2311807 तथा 100 है। अनुमंडल पदाधिकारी प्रेम कुमार तिवारी जिला नियंत्रण कक्ष के प्रभारी रहेंगे।

### 27 थाना, 2 ओपी में रहेगी विशेष निगरानी

धनबाद बैंक मोड, सरायढेला, धनसार, केन्दुआडीह, लोयाबाद, जोगता, पुटकी, झरिया, जोरापोखर, तिसरा, सिंदरी, सुदामडीह, पाथरडीह, निरसा, चिरकुंडा, गोविंदपुर, बरवाअड्डा, टुंडी, बाघमारा, महुदा, बलियापुर, बरोरा, तेतुलमारी, अलकडीहा, पूर्वी टुंडी, मनियाडीह तथा ईस्ट बसुरिया व लोदना ओपी में पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी। संयुक्त आदेश में पेयजल आपूर्ति, साफ-सफाई, विद्युत आपूर्ति सहित अन्य दिशा निर्देश जारी किये गये हैं।

# मछुआ समुदाय की समस्याओं से अवगत हुए विजय गागराई

### समाधान का दिया आश्वासन



खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** बंदगांव प्रखंड के मेरोमगुटू पंचायत के मेरोमगुटू गांव के मछुवा टोली के ग्रामीण विभिन्न समस्याओं से जुझ रहे हैं। मछुवा टोली में लगभग 80 परिवार निवास करते हैं, इसके बावजूद उन्हें सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसे लेकर मछुवा समुदाय के लोगों की बैठक मछुवा टोली में सोहन मछुआ की अध्यक्षता में हुई। जहां मुख्य रुप से पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डा. विजय सिंह गागराई एवं मेरोमगुटू पंचायत के मुखिया चिरपी बोदरा उपस्थित रही। इस दौरान मछुवा समुदाय के लोगों ने डा. विजय सिंह गागराई से समस्याओं को अवगत कराते हुए कहा कि मछुवा समुदाय अनुसूचित जाति के अंतर्गत आते हैं, लेकिन मछुवा परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है। मछुवा टोली में निवास करने वाले लोगों के पास रहने के आवास तक नहीं है। इस कारण मजबूरी वश मछुवा समुदाय के लोग झोपड़ी में रहने को मजबूर होते हैं।

# बच्चों ने कुकिंग विथ आउट फायर के बनाए व्यंजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** पंप रोड स्थित सेक्रेड हार्ट इंग्लिश स्कूल में विद्यार्थियों ने बिना आग (कुकिंग विथ आउट फायर) में पकाये गए व्यंजन (डिस) प्रतियोगिता में भाग लिया। विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में एक से बढ़कर एक व्यंजन का प्रदर्शन किया। जिसमें पिजा, बर्गर, अंकुरित, ब्रेड केक, पैन केक, गाजर का हलवा, गोलगप्पे, चाट, मशाला मूढ़ी, भेल-पुरी, चाकलेट आइस्क्रीम, मिल्क शेक, बादाम शेक आदि व्यंजन एवं शेक शामिल थे। सभी व्यंजन लजीज़ एवं स्वादिष्ट थे। स्कूल की प्रधानाध्यापिका अंजलिना फर्नांडो ने इस बारे बताया कि इससे बिना आग के खाना पकाना बच्चों को नए खाद्य पदार्थों और स्वादों से परिचित कराने का एक शानदार तरीका है। यह सभी उम्र के लोगों के लिए एक मनोरंजक पारिवारिक गतिविधि भी हो सकती है। कुकिंग विथ आउट फायर व्यंजन को लेकर बच्चों में उत्साह देखा गया।

# संदिग्ध हालत में मिला युवक का शव

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले के कुंदा थाना क्षेत्र के कुंदा-चतरा मुख्य मार्ग पर स्थित करिलगडवा जंगल में संदिग्ध हालत में एक युवक का शव पुलिस ने बरामद किया है। युवक का शव सड़क किनारे ट्रेंच में पड़ा था। मृतक के सिर पर चोट के गंभीर निशान है और सिर पूरी तरह कुचला हुआ है।

मौके से पुलिस ने मृतक की मोटरसाइकिल भी बरामद की है। फिलहाल पुलिस सड़क दुर्घटना मानकर मामले की जांच में जुट गई है। घटना की जानकारी मिलते ही कुंदा थाना पुलिस मौके पर पहुचकर मामले की जांच पड़ताल में लगी हैं। वहीं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया गया है। शव के सदर अस्पताल में आने के बाद मृतक की पहचान शिव कुमार तुरी, पिता लालजी तुरी के रूप में की गई। मृतक के भाई बिजय तुरी ने बताया कि मेरे भाई का विवाद शेरपुर गांव निवासी धर्मेंद्र साव के साथ चल रहा था। जिसने एक माह पूर्व ही जान से मारने की धमकी दी थी।



**लोगों ने जाम की सड़क :** कुंदा थाना क्षेत्र के करिलगडवा जंगल से अज्ञात युवक का शव मिलने के बाद परिजनों ने घटना के विरोध में चतरा-गया मुख्य मार्ग एनएच 22 को जाम कर दिया। थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव निवासी धर्मेंद्र साव पर पुरानी रंजिश में शिव की हत्या कर शव को जंगल में फेंकने का गंभीर आरोप लगाया है। वहीं आरोपी की अविलंब गिरफ्तारी और मृतक के आश्रित को तत्काल नकद आर्थिक मुआवजा समेत सरकारी लाभ देने की मांग पर ग्रामीण अड़े है। बताते चलें कि वशिष्ठनगर जोरी व सदर थाना क्षेत्र के बॉर्डर पर स्थित भुईयांडीह गांव के समीप सड़क जाम किया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस आक्रोशित ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम हटाने का प्रयास कर रही है। बताते चलें कि अहले सुबह कुंदा थाना क्षेत्र के चतरा-कुंदा मुख्यपथ पर सड़क किनारे ट्रेंच में शव मिला था।

## स्पीड न्यूज

### पाक में भारी बारिश से 10 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में पिछले पांच दिन से मूसलाधार बारिश हो रहा है। गुरुवार को कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। पहाड़ी इलाकों के नदी-नाले उफान पर हैं। गांव बाढ़ से घिरे हैं। शहरी इलाके जलमग्न हैं। देश भर में मिट्टी के अधिकांश घर नष्ट हो गए। पाकिस्तान के मौसम विज्ञान विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए रेड अलर्ट जारी करते हुए कहा कि 30 जुलाई तक देश के ऊपरी और मध्य हिस्सों में जोरदार मानसून गतिविधि होने की संभावना है। इस समय रावी नदी और सतलज नदी के तटीय इलाकों में पानी भर गया है।

### श्रीलंका में तमिलों ने किया प्रदर्शन

**कोलंबो।** श्रीलंका में तमिल समुदाय के लोगों ने बाजार बंद कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी गृहयुद्ध के दौरान मारे गए तमिलों की सामूहिक कब्रों की विश्वसनीय जांच की मांग कर रहे थे। वर्ष 2009 में श्रीलंका की सेना और अलगाववादी तमिल टाइगर्स के बीच 26 सालों से चल रहा गृहयुद्ध खत्म हुआ था। इस गृहयुद्ध में एक लाख से अधिक लोगों के मारे जाने का दावा किया गया था। श्रीलंकाई सरकार के आंकड़ों के अनुसार 20000 से अधिक लोग अभी भी लापता हैं।

### पूर्वी चीन में तूफान डोक्सुरी ने दी दस्तक

**फूजौ।** चीन के फुज़ियान प्रांत में शुक्रवार की सुबह इस साल का पांचवां तूफान डोक्सुरी पहुंचा, जिससे तेज हवाएं और भारी बारिश हुई। फुज़ियान प्रांतीय मौसम विज्ञान ब्यूरो के अनुसार तूफान सुबह लगभग 9:55 बजे जिनजियांग शहर के तटीय इलाकों में उतरा, जिससे इसके केंद्र के पास 50 मीटर प्रति सेकंड तक की तेज हवाएँ चलीं।

### जापान के कई राज्यों में लू की चेतावनी

टोक्यो। जापान में भीषण गर्मी के प्रकोप के बीच 47 में से 40 राज्यों में लू की चेतावनी जारी की गई है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने यह जानकारी दी। जापान मौसम विभाग ने कांटो, टोकाई, कंसाई और क्यूशू क्षेत्रों में 38 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक तापमान रहने का अनुमान लगाया है।इसके अलावा, क्योटो और ओइता के पश्चिमी प्रान्तों में पारा 39 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के आसार हैं। लोगों को दोपहर में घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है।

### अरब सागर में नौका पलटी, मछुआरे की मौत

पालघर। महाराष्ट्र के पालघर जिले के एक मछुआरे की अरब सागर में नौका पलट जाने से मौत हो गई। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मानसून के दौरान समुद्र में ऊंची-ऊंची लहरें उठने के कारण मछली पकड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है।

### दत्ता सामंत हत्याकांड में छोटा राजन बरी

**मुंबई।** सीबीआइ की एक विशेष अदालत ने गैंगस्टर छोटा राजन को 1997 में ट्रेड यूनियन नेता दत्ता सामंत की हत्या से जुड़े एक मामले में सबूतों के अभाव में शुक्रवार को बरी कर दिया। अदालत ने कहा कि यह साबित करने के लिए रिकॉर्ड पर कुछ भी नहीं है कि राजन, जिसका असली नाम राजेंद्र सदाशिव निकालजे है, ने साजिश रची। हालांकि, गैंगस्टर के जल्द जेल से रिहा होने की संभावना नहीं है क्योंकि वह विभिन्न शहरों में दर्जनों मामलों में मुकदमे का सामना कर रहा है।

### अभिषेक के खिलाफ लुकआउट वापसी का आदेश

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को ईडी को पश्चिम बंगाल में कथित कोयला मामले में तृणमूल कांग्रेस नेता अभिषेक बनर्जी और उनकी पत्नी के खिलाफ जारी लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) वापस लेने का आदेश दिया।

# आइएनडीआइए के 20 सांसद आज मणिपुर जायेंगे

**एजेंसी**

▶▶ **जमीनी स्थिति से सरकार व संसद को करायेंगे अवगत**

**नयी दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवपलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के घटक दलों के 20 सांसद इस सप्ताहांत मणिपुर का दौरा करेंगे और वे जमीनी स्थिति का आकलन करने के बाद हिंसा प्रभावित राज्य में समस्याओं के समाधान को लेकर सरकार तथा संसद को अपनी अनुशंसा देंगे। इन विपक्षी सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल 29-30 जुलाई को मणिपुर का दौरा करेगा।इस प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी, गौरव गोगोई और फूलोदेवी नेताम, जदयू के राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह एवं अनिल हेगड़े, तृणमूल कांग्रेस की सुष्मिता देव, झारखंड मुक्ति मोर्चा की महुआ माजी, द्रमुक की कनिमोई, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के पीपी मोहम्मद फैजल, राष्ट्रीय लोक दल के जयंत चौधरी, राजद के मनोज कुमार झा, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी के एन के प्रेमचंद्रन और वीसीके पार्टी के टी थिरुमावलवन शामिल होंगे। इसके अलावा शिवसेना (यूबीटी) के अरविंद सावंत, जदयू के अनिल हेगड़े भाकपा के संदोश कुमार, माकपा के ए ए रहीम, सपा के जोवद अली खान, आम आदमी पार्टी के सुशील गुप्ता, द्रमुक के डी रवि कुमार और आईयूएमएल के ईटी मोहम्मद बशीर भी इस प्रतिनिमंडल का हिस्सा होंगे।लोकसभा में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई ने मणिपुर हिंसा की उच्चतम न्यायालय के किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश से जांच कराने की मांग की। गोगोई ने कहा कि भाजपा यह तस्वीर पेश चाहती है कि मणिपुर में सबकुछ ठीक है, जबकि हिंसा अब भी जारी है। इसलिए हम चाहते हैं कि उच्चतम न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश के नेतृत्व में जांच कराई जाए कि यह सब कैसे हुआ। उन्होंने प्रदेश सरकार पर विफलता का आरोप लगाया और सवाल किया कि इतने लोगों को हथियार कैसे मिले?

गोगोई ने कहा कि मैं मणिपुर जाऊंगा और सच्चाई का पता लगाऊंगा। उस सच्चाई को संसद के सामने रखूंगा। तृणमूल कांग्रेस की सुष्मिता देव ने कहा कि विपक्षी प्रतिनिधिमंडल यह संदेश देना चाहता है कि हम मणिपुर के लोगों के साथ हैं। उन्होंने कहा कि हम चिंतित हैं, हम चाहते हैं कि राज्य में शांति लौटे, सरकार विफल रही है, इसलिए हम वहां जाना चाहते हैं और देखना चाहते हैं कि क्या समाधान निकाला जा सकता है। द्रमुक के नेता टी आर बालू ने कहा कि विपक्षी प्रतिनिधिमंडल शनिवार को सुबह मणिपुर के लिए रवाना होगा और पता लगाएगा कि वहां क्या गलत हुआ, किस हद तक जान-माल का नुकसान हुआ है।

ॐ

शोक संदेश

यदा सत्ये प्रबुद्धे तु प्रलयं याति देहमृत्।
तदोत्तमविदां लोकानमलान्प्रतिपद्यते।।

आपका स्नेहिल सरल व्यवहार, अथक परिश्रम, धार्मिक-रचनात्मक प्रवृत्ति अपनी जिम्मेदारियां निःस्वार्थ भावों से जीवन मूल्यों एवं जिंदा दिल व्यक्तित्व हमें हमेशा प्रेरणा एवं मार्गदर्शन प्रदान करता रहेगा।



स्व. श्रीमती राजकुमारी शारदा

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जा रहा है कि हमारी माताजी का स्वर्गवास दिनांक 26.07.2023 को हो गया। उनकी आत्मा की शांति के लिए दिनांक 30.07.2023 (रविवार) को बैठक रखी गयी है।

समय : प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक । स्थान : शारदा ग्लोबल स्कूल, बुकरू, रांची

द्वादश एवं टीका रस्म
दिनांक : 6.08.2023 (रविवार)
निवास स्थान : बड़ा जामदा पश्चिम सिंहभूम (झारखंड)

शोकाकुल
संजय कुमार शारदा
एवं समस्त शारदा परिवार

# गुजरात बनेगा सिलिकॉन वैली

## सेमीकॉन इंडिया में वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने किया एलान

**एजेंसी**

▶▶ **यूनिट के लिए मिल गया है टेक्नोलॉजी पार्टनर : वेदांता**

**अहमदाबाद।** गुजरात के गांधीनगर में आयोजित सेमीकॉन इंडिया 2023 के मंच से वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने ऐलान किया है। पीएम नरेंद्र मोदी मौजदूगी में उन्होंने कहा कि भारत की सिलिकॉन वैली बनाने के लिए गुजरात सही जगह है। वेदांता समूह के चेयरमैन ने कहा पिछले एक दशक में जिस तरह का बदलाव आया है। ऐसा ट्रांसफॉर्मेशन मैंने कभी नहीं देखा है। अग्रवाल ने सेमीकॉन इंडिया के मंच से कहा कि पीएम मोदी को देखकर युवा भारतीयों की आकांक्षाएं बहुत ऊंची हैं। अग्रवाल ने कहा कि वेदांता को नया साझीदार मिल गया है। ऐसे में वेदांता सेमीकंडक्टर प्लांट गुजरात में लगाएगी।

**फॉक्सकॉन ने खींच लिया था हाथः** अनिल अग्रवाल का नया ऐलान काफी अहम है। इससे पहले वेदांता और फॉक्सकॉन मिलकर गुजरात में 20 अरब डॉलर का सेमीकंडक्टर प्लांट लगाने की तैयारी की थी, लेकिन बाद में फॉक्सकॉन डील से पीछे हट गई थी लेकिन वेदांता ने अब घोषणा की है कि सेमीकंडक्टर संयंत्र की योजना प्रभावित नहीं होगी और उसे एक नई प्रौद्योगिकी भागीदार कंपनी मिल गई है। गुजरात में सेमीकॉन इंडिया 2023 में वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा कि वे नए पार्टनर के साथ गठजोड़ की तैयारी में हैं। फॉक्सकॉन एक ऐसी कंपनी है जो आईफोन और अन्य एप्पल उत्पादों को असेंबल करने के लिए जानी जाती है, लेकिन अब अग्रवाल की घोषणा से गुजरात का सेमीकॉन हब बनने का ड्रीम पूरा होगा। माइक्रॉन पहले ही साणंद में प्लांट लगाने की तरफ काम शुरू कर चुकी है।



**पीएम की पहल सराहनीय :** अनिल अग्रवाल ने कहा कि वेदांता भारत में सेमीकंडक्टर्स और डिस्प्ले के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने भारत को सेमीकंडक्टर हब बनाने के प्रयासों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गुजरात सरकार की सराहना की।

उन्होंने कहा कि भारत में सिलिकॉन वैली बनाने के लिए गुजरात सही जगह है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के मंत्री राजीव चन्द्रशेखर ने कहा कि हम भारत को सेमीकंडक्टर हब बनाने के इच्छुक हैं। अभी दुनिया में ऐसा कोई नहीं है जो सेमीकंडक्टर में निवेश और इनोवेशन के मामले में भारत को नजरअंदाज कर सके।

### 10 साल काफी अहम

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के मंत्री चंद्रशेखकर ने कहा कि अगले 10 साल में भारत सेमीकंडक्टर सेक्टर में बड़ा नाम कमा सकता है। भारत इस क्षेत्र में 10 अरब डॉलर का निवेश कर सकता है।

उन्होंने कहा कि चीन जैसे देशों ने चिप्स के उत्पादन के लिए 25 से 30 वर्षों तक काम किया है लेकिन वे सफल नहीं हुए हैं लेकिन भारत अगले 10 वर्षों में इसमें सफल हो सकता है। 2025-26 तक भारत इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग का आकार 300 अरब डॉलर तक बढ़ाना चाहता है।

# अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप पर एक और मुकदमा

**गोपनीय दस्तावेजों की जांच में बाधा डालने के लिए सीसीटीवी के फुटेज को किया था डिलीट**

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर एक और मुकदमा दर्ज किया गया है। इसमें आरोप लगाया गया है कि ट्रंप ने गोपनीय दस्तावेजों की जांच में बाधा डालने के लिए फ्लोरिडा में मौजूद अपने आवास मार-ए-लागो में निगरानी के लिए लगाए गए सीसीटीवी के फुटेज को डिलीट करा दिया। संघीय अभियोजक ने ट्रंप के खिलाफ यह मुकदमा कोर्ट में दाखिल करवाया गया है। उल्लेखनीय है कि ट्रंप के एक प्रतिनिधि ने दिसंबर 2021 में राष्ट्रीय अभिलेखागार को बताया था कि उनके आवास मार-ए-लागो में राष्ट्रपति से संबंधित कई रिकॉर्ड पाए गए।प्रेसिडेंशियल रिकॉर्ड्स एक्ट के अनुसार, व्हाइट हाउस के दस्तावेज अमेरिकी सरकार की संपत्ति होते हैं। इनको वहीं संरक्षित किया जाना होता है। खास बातय है कि जनवरी 2022 में राष्ट्रीय अभिलेखागार ने ट्रंप के फ्लोरिडा घर से गोपनीय दस्तावेजों के 15 डिब्बे बरामद किए थे। अगस्त 2022 में मार-ए-लागो में अमेरिकी जांच एजेंसी ने कुल 11,000 दस्तावेजों वाले 33 से अधिक बक्से और कंटेनरों को जब्त किया था। इनमें 100 वर्गीकृत दस्तावेज शामिल थे।



# राज्यसभा के सांसदों को जदयू ने जारी किया व्हिप

**एजेंसी**

▶▶ **11 अगस्त तक सदन में उपस्थित रहने का निर्देश सभी की नजर हरिवंश पर**

**नयी दिल्ली।** जदयू ने राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश समेत अपने सभी राज्यसभा सदस्यों को व्हिप जारी कर 11 अगस्त तक सदन में नियमित रूप से उपस्थित रहने और विवादास्पद दिल्ली अध्यादेश विधेयक के खिलाफ मतदान करने को कहा है। जदयू नेताओं ने बताया कि उच्च सदन में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली क्षेत्र (संशोधन) विधेयक, 2023 पर मतदान हो सकता है, इसलिए व्हिप जारी किया गया है। संसद में अगले सप्ताह यह विधेयक लाए जाने की संभावना है।उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली में तबादलों और नियुक्तियों संबंधी मामलों में निर्णय की शक्तियां दिल्ली सरकार को प्रदत्त की थीं और शीर्ष अदालत के इसी आदेश को निरस्त कराने के लिए दिल्ली में सेवाओं पर नियंत्रण को लेकर केंद्र द्वारा जारी अध्यादेश की जगह लेने के लिए यह विधेयक लाया गया है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों की नजर इस बात पर है कि हरिवंश क्या रुख अपनाएंगे क्योंकि पार्टी नेतृत्व के साथ उनके संबंधों को लेकर अटकलबाजी रही है, खासकर तब जब पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने हाल में सरकार के साथ उनकी कथित निकटता को लेकर उन पर हमला बोला था। पूर्व पत्रकार हरिवंश को 2018 में राज्यसभा का उप सभापति चुना गया था। तब जदयू सत्तारूढ़ गठबंधन में भाजपा की सहयोगी थी। जदयू ने गठबंधन टूटने के बाद भी हरिवंश के उप सभापति पद पर बने रहने के फैसले का विरोध कभी नहीं किया, लेकिन मई में नये संसद भवन के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा करने पर हरिवंश जदयू के कई नेताओं के निशाने पर आ गये।



### असम कांग्रेस के अध्यक्ष ने लव जिहाद को कृष्णा से जोड़ने पर माफी मांगी

**गुवाहाटी।** कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष भूपेन बोरा ने लव जिहाद और भगवान कृष्ण के रुक्मिणी से संबंधों के बीच समानता बताने के लिए शुक्रवार को माफी मांगी।गोलाघाट जिले में सोमवार को 25 वर्षीय एक व्यक्ति ने पारिवारिक विवाद के कारण अपनी पत्नी और सास-ससुर की हत्या कर दी थी तथा बाद में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया था। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने इसे लव जिहाद का मामला बताया था क्योंकि पति मुस्लिम और पत्नी हिंदू थी। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए बोरा ने कहा था कि प्यार और जंग में सब कुछ जायज है। हमारे प्राचीन ग्रंथों में कृष्ण का रुक्मणी को भगाकर ले जाने समेत कई कहानियां हैं और मुख्यमंत्री को आज के दौर में विभिन्न धर्मों तथा समुदायों के लोगों के बीच शादियों को लेकर विरोध का राग नहीं अलापना चाहिए। शर्मा ने बोरा के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए गुरुवार को कहा था कि अगर धार्मिक भावनाओं को आहत करने को लेकर कोई बोरा के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराता है तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बोरा ने अपने बयान की तीखी आलोचना होने के बाद माफी मांगी है।

# अविश्वास प्रस्ताव पर 7 या 8 अगस्त को हो सकती है चर्चा

## अंतिम फैसला 31 जुलाई को होगा, पीएम सदन में रहेंगे मौजूद

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** संसद के मॉनसून सत्र में गतिरोध के बीच अविश्वास प्रस्ताव को लेकर 7 या 8 अगस्त को चर्चा हो सकती है। पीएम मोदी सदन में होने वाली इस चर्चा के दौरान मौजूद रहेंगे। मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से यह खबर दी है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि चर्चा पर अंतिम फैसला सोमवार को लिया जाएगा। विपक्ष ने मोदी सरकार के खिलाफ 19 तारीख को लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव के लिए स्पीकर को नोटिस दिया था। स्पीकर ने अविश्वास प्रस्ताव के नोटिस को स्वीकार कर लिया था। नियमानुसार अविश्वास प्रस्ताव पर नोटिस देने के 10 दिन के भीतर चर्चा करानी होती है।



### आज शिक्षा समागम का उद्घाटन करेंगे प्रधानमंत्री

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी स्थित प्रगति मैदान के भारत मंडपम' में अखिल भारतीय शिक्षा समागम का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी।

**लोकसभा में हंगामा :** इससे पहले शुक्रवार को 11 बजे लोक सभा की कार्यवाही शुरू होते ही सदन में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने अतीत की परंपरा का हवाला दिया। उन्होंने अविश्वास प्रस्ताव पर तुरंत चर्चा कराने की मांग की। विपक्षी सांसद मणिपुर को लेकर भी नारे लगाने लगे। अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि सदन नियम कानून से चलता है। उन्होंने (चौधरी) जो कहा है उस पर वे व्यवस्था देंगे लेकिन प्रश्नकाल चलने दें।

### समय सीमा के अंदर होगी चर्चा : जोशी

**केंद्रीय** संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शुक्रवार को कहा कि अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा तय समय सीमा के भीतर होगी। उन्होंने कहा कि सरकार के पास बहुमत है इसलिए उसे कोई समस्या नहीं होगी। सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर तत्काल चर्चा की विपक्ष की मांग के बारे में जोशी ने यहां संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए एक समय अवधि होती है। उस समय अवधि के भीतर चर्चा होगी। उन्होंने कहा, ₹हम जवाब देंगे। हमें उम्मीद है कि कोई समस्या नहीं होगी क्योंकि हमारे पास संख्या बल है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को सदन को बताया था कि उन्होंने नियम 193 के तहत कांग्रेस के गौरव गोगोई से अविश्वास प्रस्ताव मिला है।

### भारतीय कंपनियां जल्द विदेश में होंगी सूचीबद्ध

**मुंबई।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय कंपनियां अब विदेशी शेयर बाजारों के साथ ही अहमदाबाद स्थित अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) पर सीधे सूचीबद्ध हो सकेंगी। सरकार ने इस संबंध में कोविड राहत पैकेज के तहत घोषणा की थी, लेकिन इस संबंध में नियमों को अभी अधिसूचित किया जाना है। इसके जरिए घरेलू कंपनियों को विदेश में विभिन्न शेयर बाजारों पर अपने शेयरों को सूचीबद्ध करके धन जुटाने में मदद मिलेगी। इस संबंध में एक प्रस्ताव पहली बार मई 2020 में महामारी के दौरान घोषित नकदी पैकेज के तहत पेश किया गया था।

सीतारमण ने कहा कि घरेलू कंपनियां अब विदेश में प्रतिभूतियों को प्रत्यक्ष रूप से सूचीबद्ध कर सकती हैं। मुझे यह घोषणा करते हुए भी खुशी हो रही है कि सरकार ने आईएफएससी एक्सचेंज पर सूचीबद्ध और गैर-सूचीबद्ध कंपनियों की प्रत्यक्ष सूचीबद्धता को मंजूरी देने का भी फैसला किया है। उन्होंने कहा कि यह एक बड़ा कदम है और इससे भारतीय कंपनियों को बेहतर मूल्यांकन की सुविधा और वैश्विक पूंजी तक पहुंच मिलेगी।

# महिला बैंड के टैलेंट से शिल्पा शेट्टी हैरान

**नयी दिल्ली।** आज की नारी, सब पे भारी' की भावना को दोहराते हुए, नागालैंड की महिला वन रिजर्व अधिकारियों की टीम टैलेंट रियलिटी शो इंडियाज गॉट टैलेंट सीजन 10 में शानदार म्यूजिक परफॉर्मेंस देकर जजों को प्रभावित करती नजर आएगी। 'रॉक ऑन!!' के जबरदस्त हिट 'सिनबाड द सेलर' पर उनका एक्ट जजों को स्टैंडिंग ओवेशन देने के साथ-साथ उनके 'जुनून' के लिए सलाम करने के लिए मजबूर कर देगा। 2008 का म्यूजिकल ड्रामा 'रॉक ऑन!!' अभिषेक कपूर द्वारा निर्देशित फरहान अख्तर द्वारा निर्मित और शंकर-एहसान-लॉय द्वारा संगीतबद्ध था। गाने के बोल जावेद अख्तर ने लिखे थे। इस फिल्म से फरहान और प्राची देसाई की सफल बॉलीवुड शुरूआत हुई। इसमें अर्जुन रामपाल, ल्यूक केनी और पूरब कोहली भी प्रमुख भूमिकाओं में थे। महिला बैंड के टैलेंट से हैरान जज शिल्पा शेट्टी कुंद्रा ने कहा कि जब भी एक महिला कुछ करने का फैसला करती है, तो वह जो चाहती है उसे हासिल करने के लिए पूरी ताकत लगा देती है और प्रभाव पैदा करती है। वह अजेय है।



उन्होंने कहा कि आप लोगों को यूनिफॉर्म में देखकर आपको सलाम करने का मन कर रहा है, लेकिन मैं आपकी टैलेंट को एक बड़ा सलाम देना चाहता हूं। आप लोग शानदार हैं। आपके मंत्रमुग्ध कर देने वाले परफॉर्मेंस ने मेरा दिल चुरा लिया। यह भारत का एक आदर्श प्रतिनिधित्व है। आपको सलाम। जज बादशाह आगे बताएंगे कि पहली बार किसी खूबसूरत चीज को सुनने का एहसास बहुत अलग होता है। खुद एक म्यूजिशियन होने के नाते, मैं पहली बार ऐसे शानदार संगीत सुनने की लालसा रखता हूं, क्योंकि यह जीवन भर में एक बार होने वाला अनुभव है, जिसे एक बार खत्म करने के बाद दोबारा कभी उसी तरह महसूस नहीं किया जा सकता है। मनोरंजन के स्तर को एक पायदान ऊपर ले जाते हुए, बादशाह और किंग भी बैंड के साथ ओओपीएस गाने पर परफॉर्म करते नजर आएंगे। हुनर को बढ़ावा देते हुए, इस शो में असाधारण कलाकार इस स्टेज पर अपनी अनूठी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। पार्टिसिपेंट्स को गोल्डन बजर पाने और कम्पीटिशन में अपनी जगह सुरक्षित करने के लिए जजों, शिल्पा शेट्टी, किरण खेर और बादशाह को प्रभावित करना होगा।

### प्रभास का हैक फेसबुक अकाउंट हुआ बहाल

**मुंबई।** पैन-इंडिया स्टार प्रभास, जिन्हें हाल ही में 'आदिपुरुष' में देखा गया था, ने साझा किया है कि उनका फेसबुक अकाउंट हैक हो गया था, जिसके बाद उन्होंने अपने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर एक बयान भी जारी किया। हालांकि, एक्टर का अकाउंट अब बहाल कर दिया गया है।अपने फॉलोअर्स को सूचित करते हुए उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, ₹हेलो एवरीवन! मेरा फेसबुक अकाउंट पेज हैक कर लिया गया है। मेरी टीम इसपर काम कर रही है। इससे पहले फेसबुक पेज पर कुछ आपत्तिजनक कंटेंट पोस्ट किए गए थे। इनमें से एक वीडियो के कैप्शन में लिखा था कि ह्यूमन बिंग अनलकी। प्रभास की टीम ने काफी कोशिश के बाद आधिकारिक अकाउंट को पुनः प्राप्त कर लिया।

VERMA PRESS ® वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!